डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शनिवार
27.08.2022
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 15
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-308 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

मुझे पता नहीं पाप और पुण्य क्या है। बस इतना पता है जिस कार्य से किसी का दिल दुखे वह पाप और जिस कार्य से किसी के चेहरे पर मुस्कान आये वह पुण्य।

## न्यूज गैलरी

### एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे मामले पर सीबीआई से मांगी गयी जानकारी

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने सीबीआई से जानकारी मांगी है कि राज्य के कितने एमपी और एमएलए के खिलाफ मामले चल रहे हैं, इसके साथ ही अदालत ने यह भी पूछा है कि राजनेताओं के विरुद्ध दर्ज मामलों की स्थिति क्या है। अदालत ने इस बिंदु पर सीबीआई से एक सप्ताह में जवाब मांगा है। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रवि रंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई की। झारखंड हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और सीबीआई की ओर से एएसजीआई प्रशांत पल्लव ने पक्ष रखा है। अब इस मामले की सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से मौजूद अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने अदालत को यह जानकारी दी कि झारखंड पुलिस के पास राजनेताओं के विरुद्ध दर्ज मामलों की जो भी जानकारी है वह अदालत को दे दी गयी है।

### रजिस्ट्री की प्रोसेस से थे नाराज विदाई भाषण में भी बोले

– ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण न्यायालय की 16 बेंच में सुनवाई के लिए मास्टर ऑफ रोस्टर केस डिस्ट्रीब्यूट करते रहे हैं। लेकिन पिछले दिनों मुकदमों की लिस्टिंग को लेकर वे सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री के आगे बेबस नजर आये थे। दरअसल, 17 अगस्त को सुनवाई के लिए लिस्टेड एक केस को रजिस्ट्री ने हटा लिया था। जिस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश रमण बहुत नाराज हो गये थे। उन्होंने कहा था कि वे इस मुद्दे पर 26 अगस्त को अपने विदाई भाषण में बोलेंगे। हालांकि, उन्होंने विदाई भाषण के दौरान इतना कहा कि पेंडेंसी का मुद्दा सबसे बड़ी चुनौती है और मैं मानता हूं कि लिस्टिंग एक ऐसा एरिया है जहां मैं ज्यादा ध्यान नहीं दे सका। इसके लिये मुझे खेद है। सिस्टम में सुधार करने का एकमात्र तरीका है आधुनिक तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को तैनात करना। लेकिन कॉमर्शियल ऑर्गनाइजेशन के उलट हम मार्केट से इन्हें नहीं खरीद सकते। रमना ने यह भी कहा था कि ऐसे कई मुद्दे हैं, जिन पर सवाल उठाना चाहते हैं, लेकिन वे पद छोड़ने से पहले बोलना नहीं चाहते थे।

### ऑपरेशन डबल बुल केस- रिमांड पर माओवादी बलराम समेत पांच माओवादी

**रांची।** भाकपा माओवादियो के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन डबल बुल केस की जांच में एनआईए रेस है। एनआईए ने इस मामले में लातेहार के माओवादी कमांडर बलराम उरांव, छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के वीरेन कोरवा, मुकेश कोरवा, लोहरदगा के सेरेंगदाग के शैलेश्वर उरांव उर्फ मनदीप, लातेहार के महुआटांड निवासी शैलेंद्र नागेशिया को 29 अगस्त तक के लिए रिमांड पर लिया है। एनआईए रांची ब्रांच में बुल ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 10 लाख के इनामी बलराम उरांव समेत 10 माओवादियों को गिरफ्तार किया था। वहीं, विदेशी हथियार समेत भारी मात्रा में गोली-बारूद भी बरामद किये गये थे।

**क्या था मामला :** झारखंड के लोहरदगा और लातेहार के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नक्सलियों के खात्म के लिए सुरक्षाबलों ने बड़ा ऑपरेशन चलाया था। भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू के दस्ते के खिलाफ चलाये गये इस अभियान का नाम ऑपरेशन डबल बुल रखा गया था। इसमें झारखंड पुलिस की लोहरदगा व लातेहार जिला बल, सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर तथा कोबरा बटालियन ने हिस्सा लिया था। ऑपरेशन के दौरान माओवादियों के पास से विदेशी हथियार भी मिले थे, ऐसे में यह मामला काफी गंभीर हो गया था। ऐसे में हाल ही में एनआईए ने ऑपरेशन डबल बुल से जुड़े केस को टेकओवर किया था।

विकास मेला-सह-विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास व परिसंपत्ति का वितरण

# फायरिंग रेंज आंदोलन से जुड़े सभी केस वापस लेगी सरकार : हेमंत

- हेमंत सोरेन ने 3991 लाभुकों के बीच 5135.92675 लाख रुपये की परिसंपत्ति का किया वितरण
- जल-जंगल-जमीन और अपने हक-अधिकार के लिए आंदोलन करना हमारे खून में है

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव के हम वंशज हैं। जल-जंगल-जमीन और अपने हक के लिए आंदोलन करना हमारे खून में है। विगत 30 सालों से वर्ष के दो दिन 22 और 23 मार्च को टुटवापनी मोड़ पर फायरिंग रेंज की जमीन वापस पाने को आंदोलन करने के लिए लोग एकत्रित होते थे। इस आंदोलन में गुरुजी शिबू सोरेन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। आज उसी आंदोलन के हक में फैसला लेने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। अब यह जमीन यहां के मूलनिवासियों की रहेगी। सरकार इस आंदोलन से जुड़े सभी केस वापस लेने जा रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टुटवापनी मोड़, लातेहार में विकास मेला सह विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर नेतरहाट फायरिंग रेंज के आंदोलन में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु मुख्यमंत्री ने दो मिनट का मौन रखा। साथ ही आंदोलन में मुख्य निभानेवाले केंद्रीय जन संघर्ष समिति के लोगों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।





**विस्थापितों की पीड़ा से वाकिफ है सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि फायरिंग रेंज के आंदोलन में शहीद, प्रताड़ित, विस्थापित लोगों की पीड़ा को मैं भली-भांति समझता हूं। हमारे लिये जल, जंगल और जमीन ही सब कुछ है। 1965 में जब फायरिंग रेंज स्थापित किया गया, तो यहां के गांव के गांव विस्थापित करा दिये गये। विस्थापितों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आज इस जमीन को वापस लेकर हम इसपर हल-बैल के साथ जब तक खेती नहीं करते तब तक इस आंदोलन के शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि पूरी नहीं होगी।

**झारखंडवासियों के चेहरे पर ला रहे हैं मुस्कान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट की वादियों के बीच विकास मेले का आयोजन हमारे मूलनिवासी, आदिवासी, गांव के लोग, किसान भाई के बीच सरकार की कल्याणकारी योजना पहुंच रही है या नहीं, इसे देखने का हमारा प्रयास है। आज करोड़ो की परिसंपत्ति का लाभुकों के बीच वितरण किया जा रहा है और आगे भी जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम किया जाता रहेगा। हम हर झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रहे हैं। जिनको योजनाओं से जोड़ा गया है, उनके चेहरे पर तो मुस्कान आ गयी है और लोग यह सोच कर भी खुश है कि सरकार हमारे हित के लिए कार्य कर ही रही है। कार्यक्रम में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, गुमला विधायक भूषण तिर्की, आयुक्त पलामू प्रमंडल जटाशंकर चौधरी, पुलिस उप महानिरीक्षक, पलामू प्रमंडल राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव, जिला प्रशासन के पदाधिकारी, योजनाओं के लाभुक एवं आमजन उपस्थित थे।

**60 योजना का उद्घाटन, 29 का शिलान्यास :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कुल 23127.80487 लाख रुपये की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण किया गया। जिसमें, 913.66095 लाख रुपये की 60 योजना का उद्घाटन,17078.21717 लाख रुपये की 29 योजनाओं का शिलान्यास एवं 3991 लाभुकों के बीच 5135.92675 लाख रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## सीएम हेमंत सोरेन की विस सदस्यता हो सकती है समाप्त, जोरों पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता समाप्त हो सकती है, ऐसी चर्चा जोरों पर है। हालांकि, शुक्रवार की देर शाम तक राजभवन की ओर से इस संबंध में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गयी है। वहीं, दूसरी ओर सत्ता के गलियारों में ऐसी चर्चा है कि राज्यपाल ने हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की अनुशंसा कर दी है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी की जायेगी। चुनाव आयोग एक अधिसूचना जारी करेगा और उसकी कॉपी झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी जायेगी। फिर उस कॉपी को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विधानसभा अध्यक्ष को भेजेंगे, लेकिन इस पर विधिवत रूप से मुहर नोटिफिकेशन जारी होने के बाद ही लगेगा। हालांकि, इस संबंध में खबर लिखे जाने तक राजभवन की ओर से कुछ भी आधिकारिक रूप से जानकारी नहीं दी गयी है। इधर, राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पद से त्यागपत्र दे सकते हैं। हालांकि, वे आगे चुनाव लड़ सकते हैं या नहीं, इसे लेकर अभी स्थिति साफ नहीं हुई है। 82 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत के लिए आवश्यक 42 की जगह 50 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। आगे की रणनीति तय करने को लेकर सीएम हाउस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार की देर रात तक यूपीए विधायकों की बैठक का सिलसिला जारी रहा। जेएमएम-कांग्रेस विधायकों की हो रही बैठक में हर संभावित विकल्पों पर चर्चा की गयी।

## जांच एजेंसियों की मदद से पैरों में बेड़ियां बांधना चाहते हैं, डरनेवाले नहीं हैं : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में उत्पन्न राजनीतिक हलचल के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर जमकर कटाक्ष किया। हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सुबह में यूपीए विधायकों की बैठक में शामिल होने के बाद दोपहर में लातेहार के नेतरहाट पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना किसी का नाम लिये केंद्र की बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर जमकर प्रहार किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि ईडी, सीबीआई, आईटी और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से पैरों में बेड़ियां बांधने की कोशिश हो रही है, लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि यह कुर्सी विरोधियों ने नहीं दी है, जनता ने इस कुर्सी पर बैठाया है। उन्होंने कहा कि नेतरहाट फायरिंग रेंज आने का काय्रक्रम पहले से घोषित था, लेकिन शैतानी शक्तियों ने रोड़ा अटकाने का प्रयास किया। परंतु उन्हें यह अच्छी तरह से समझना चाहिए कि वे आदिवासी का बच्चा है, किसी व्यवसायी का बच्चा नहीं है, जो डर जायेगा। आदिवासियों ने इतना आंदोलन किया है, अब उनमें डर-भय रहा ही नहीं।



**1.36 लाख करोड़ बकाया मांगा, तो फंसाने की कोशिश :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में अधिकांश समय तक बीजेपी ने शासन किया, जब वे सत्ता में आये, तो पिछड़ेपन के कारणों को खोजने का प्रयास शुरू किया, तो पता चला कि झारखंड का 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों पर बकाया है, जब इस राशि को मांगना शुरू किया, तो हजार-बारह सौ करोड़ रुपये मिले भी, लेकिन अब खनिज संपदा उत्खनन से हक मांगने की आवाज तेज की, तो केंद्र सरकार ने अपनी सरकारी एजेंसियों को दौड़ा दिया। हेमंत सोरेन ने कहा कि जब उन्होंने देखा कि साढ़ पकड़ में आ नहीं रहा है, तो गुरुजी (जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन) जो उम्र की इस पड़ाव में है, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

यूपीए की बैठक में दिखी एकजुटता

## हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का दावा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सीलबंद लिफाफा राजभवन भेज देने के बाद अब सबकी नजरें राजभवन के फैसले पर टिक गयी है। यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि राज्यपाल किसी भी समय इस पर फैसला ले सकते है।



**40 से अधिक विधायक यूपीए की बैठक में पहुंचे :** राज्यपाल के फैसले के पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में सुबह में यूपीए विधायकों की बैठक हुई करीब एक बजे तक चली यूपीए विधायकों की बैठक में ताजा राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा हुई। इस बैठक में जेएमएम-कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी हिस्सा लिया। बैठक जेएमएम-कांग्रेस,आरजेडी और एनसीपी के 40 से अधिक विधायक बैठक में पहुंचे सभी ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए यह का दावा किया। सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार कार्यकाल पूरा करेगी। बैठक से बाहर निकले यूपीए विधायकों ने कहा कि वे पूरी तरह से एकजुट हैं, उन्हें कोई तोड़ नहीं सकता है और सरकार गिराने की कोशिश सफल नहीं होगी।

**25 सालों तक जेएमएम की सरकार रहने का दावा :** बैठक से बाहर निकलने पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम पर भाजपा आलाकमान की नजर

## भाजपा का तीन दिनों का प्रशिक्षण शिविर आज से होगा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों पर आलाकमान की नजर है। पार्टी सूत्रों की मानें तो स्वयं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अमित शाह राज्य में चल रही राजनीतिक घटनाक्रमों की जानकारी राज्य के बड़े नेताओं से ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, राज्य के नेताओं खासकर प्रवक्ताओं को वर्तमान राजनीतिक हालात पर कुछ बोलने से मना किया गया है। वहीं, रांची में चल रही तमाम राजनीतिक गतिविधियों के बावजूद भाजपा के सभी बड़े नेताओं की मौजूदगी अगले तीन दिनों तक गिरिडीह के मधुबन में रहेगी। जहां पार्टी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शनिवार से होना है। इससे पहले शुक्रवार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# मुफ्त योजनाओं वाले चुनावी वादों पर अब नयी पीठ करेगी सुनवाई

### इसके लिये समिति बनायी जा सकती है, लेकिन समिति इसकी परिभाषा सही से तय कर पायेगी : रमण

– ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव में मुफ्त वाली योजनाओं पर रोक लगाने की मांग मामले पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण की पीठ ने सुनवाई के बाद मामले को नयी पीठ में रेफर कर दिया। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने सुनवाई के दौरान कहा कि इसके लिये कमेटी बनायी जा सकती है, लेकिन क्या कमेटी इसकी परिभाषा सही से तय कर पायेगी। मुख्य न्यायाधीश रमण ने कहा कि इस केस में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है और इसे गंभीरता से लेनी चाहिए। वहीं, फैसला सुनाने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय को धन्यवाद दिया, जिस पर उपाध्याय ने कहा कि हम आपको मिस करेंगे। नयी बेंच में अगले चीफ जस्टिस समेत तीन जज होंगे और आगे की सुनवाई करेंगे।

**अब तक सुनवाई में क्या-क्या हुआ :** मुफ्त योजनाओं मामले में 26 अगस्त तक सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण की अगुआई वाली जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली की तीन सदस्यीय पीठ की थी।



### सुनवाई में अब तक जो हुआ

**03 अगस्त 2022 :** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मुफ्त की योजनाओं मुद्दे पर फैसले के लिए एक समिति गठित की जानी चाहिए। इसमें केंद्र, राज्य सरकारें, नीति आयोग, फाइनेंस कमीशन, चुनाव आयोग, आरबीआई, कैग और राजनीतिक पार्टियां शामिल हों।

**11 अगस्त 2022 :** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'गरीबों का पेट भरने की जरूरत है, लेकिन लोगों की भलाई के कामों को संतुलित रखने की जरूरत है, क्योंकि फ्रीबीज की वजह से इकोनॉमी पैसे गंवा रही है। हम इस बात से सहमत हैं कि फ्रीबीज और वेलफेयर के बीच अंतर है।

**17 अगस्त 2022 :** न्यायालय ने कहा, 'कुछ लोगों का कहना है कि राजनीतिक पार्टियों को वोटर्स से वादे करने से नहीं रोका जा सकता है...अब ये तय करना होगा कि फ्रीबीज क्या है। क्या सबके लिये हेल्थकेयर, पीने के पानी की सुविधा...मनरेगा जैसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सर्वोच्च न्यायालय व अपने पद की गरिमा को बचाते हुए सेवानिवृत हो गये रमण

– ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** 16 माह से ज्यादा दिन तक सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद पर रहने के दौरान सिस्टम व केन्द्र के तंत्र से जूझते हुए एनवी रमण ने अपने पद , अपनी व सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा को बचाते हुए अपना कार्यकाल पूरा कर 26 अगस्त को सेवानिवृत हो गये। उन्होंने जाते-जाते सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाही का पहली बार सीधा प्रसारण भी कराया। उनकी सेवानिवृत्ति के मौके पर बैठी 'सेरेमोनियल बेंच' की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया गया।

**वरिष्ठ वकील दवे फूट-फूट कर रो पड़े :** उनकी विदाई कार्यक्रम में वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे फूट-फूट कर रो पड़े। दवे ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने दृढ़ता के साथ अपना कर्तव्य निभाया। वे जनता के जज रहे। दवे ने कहा कि जस्टिस रमण ने न्यायपालिका, कार्यपालिका व संसद के बीच शक्ति संतुलन बनाये रखा और यह काम उन्होंने दृढ़तापूर्वक किया।

**मुश्किल दौर में संतुलन बनाये रखा :** वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जस्टिस रमण को अशांतिकाल में भी संतुलन बनाये रखने के लिए याद किया जायेगा। रमण ने जजों के परिवार का भी ख्याल रखा है। हम बहुत ही अशांत दौर से गुजर रहे हैं। समुद्र में जहाज के लिए चलना मुश्किल है। मुश्किल समय में भी संतुलन बनाये रखने के लिए यह कोर्ट आपको याद रखेगी। आपने यह सुनिश्चित किया है कि इस न्यायालय की गरिमा और अखंडता बनी रहे। विदाई कार्यक्रम में कई जजों और वकीलों ने उनके प्रति सम्मान व भावपूर्ण शब्दों में अपनी बात कही। जस्टिस रमण ने मुख्य न्यायाधीश के तौर पर अंतिम दिन जस्टिस रमण ने मनोनीत नये चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस हिमा कोहली के साथ पीठ साझा की। पीठ ने प्रतीकात्मक रूप से एक मामले की सुनवाई की।

**16 माह का कार्यकाल कई बड़े सुधारों के तौर पर याद किया जायेगा :** जस्टिस एनवी रमण 16 माह तक सीजेआई रहे। उनके कार्यकाल को देश की अदालत के कामकाज में बड़े सुधारों के लिए भी याद किया जायेगा। अदालतों में जजों के रिक्त पदों को भरने के लिए उन्होंने मुहिम छेड़ दी थी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### सोना सोबरन योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ सीओ ने किया

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी, धोती/लुंगी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ सीओ राजीव नीरज ने की। कार्यक्रम में सीओ राजीव नीरज मौजूद थे। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरुरतमंद लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। झारखंड सरकार दूसरे चरण में भी गुलाबी व पीला कार्डधारी लाभुकों को रासन के साथ साथ कपड़ा भी दे रही है। उन्होंने सभी जविप्र के दुकानदारों को इस योजना के लाभुकों को पारदर्शिता के साथ साड़ी, धोती/लुंगी वितरण करने का निर्देष दिया। कहा कि योजनाओं में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर हैदरनगर पूर्वी पंचायत समिति सदस्य शैलू जायसवाल, डॉ अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन जायसवाल, डीलर कामता दुबे, राजाराम साव आदि मौजूद थे।

### चिकित्सा प्रभारी डा. राजेंद्र कुमार की सीएचसी विश्रामपुर में हुई वापसी

**विश्रामपुर।** सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में पद स्थापित चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार अगले आदेश तक पुनः विश्रामपुर अस्पताल में अपने पद पर बने रहेंगे। यहां उल्लेखनीय है की कुछ सप्ताह पूर्व झारखंड स्वास्थ्य विभाग में सरकार द्वारा निर्गत आदेश के तहत दस वर्षो से एक ही संस्थान में पदस्थापित कर्मियों का स्थानांतरण किया गया था। जिसके आलोक में विश्रामपुर चिकित्सा प्रभारी के पद पर तैनात डॉ राजेंद्र कुमार का तबादला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेढना, गढ़वा में किया गया था। जिससे की विश्रामपुर सीएचसी पूरी तरह प्रभावित रहने लगी थी। वही विभाग ने स्थिति की नजाकत को समझते हुए तथा एक भी पुरुष चिकित्सा पदाधिकारी विश्रामपुर सीएचसी में कार्यरत नही रहने के कारण पुनः डॉक्टर राजेंद्र कुमार की वापसी करने का निर्देश जारी कर दिया है। जिससे अस्पताल कर्मियों में खुशी की माहौल है।

### वोटर आईडी से आधार लिंक के लिए शिविर 29को

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र में वोटर आईडी से आधार लिंक करने के लिए प्रखंड परिसर में आगामी 29 अगस्त को पूर्वाहन 10 बजे से शिविर लगाई जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए सिटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि विभागीय निदेर्शानुसार सभी मतदाताओं के वोटर आईडी को आधार लिंक कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा नगर वासी शिविर में आकर इसका लाभ उठाएं। इसके लिए उक्त शिविर में पर्यवेक्षक नगर प्रबंधक अजमल हुसैन के साथ नगर पंचायत कर्मी विचित्रा कुमारी, शाहदा अंजुम तथा अनिता कुमारी उपस्थित रहेंगी।

### सोना सोबरन योजना के तहत डीलर ने किया धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 18 (नावाडीह) के जन वितरण प्रणाली के डीलर रामजी विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सोना सोबरन योजना के तहत अपने कूल 120 लाभुको के बीच धोती, साड़ी, और लूंगी का वितरण किया है। डीलर श्री विश्वकर्मा ने कहा की गरीबों के कल्याण हेतू झारखंड सरकार द्वारा चलाई गई सोना सोबरन योजना अपने आप में सरकार की एक बड़ी उपलब्धि हैं। डीलर ने बताया मेरे पास कुल 430 लाभुक है जिनके बीच आज से धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण किया जा रहा है। बता दें की आज शुरूआती दिन कुल 120 लाभुको को धोती, साड़ी व लूंगी दिया गया। बाकी बचे अन्य लाभुको को भी जल्द ही इस योजना के तहत लाभ दे दिया जाएगा। उक्त मौके पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सह राजद नेता मनोज विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, अमिरका चौधरी, सुदेश्वर चंद्रवंशी, कामेश्वर चंद्रवंशी, अर्जुन विश्वकर्मा सहित कई अन्य लाभुक मौजूद थे।

## नगर की समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीओ को सौंपा 18 सूत्री ज्ञापन

# एसडीओ ने नगर पंचायत से पत्राचार कर दिया कार्रवाई का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत की दुर्दशा से आजिज लोगों ने अब आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन और नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा बुल बाबा ने छतरपुर के एसडीओ को पुनः 18 सूत्री मांगपत्र सौंपा है। जिनमें प्रमुख रूप से नगर में लगाये गए शौचालयों की साफ सफाई कराई। छत्तरपुर शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना कराने, साफ-सफाई अभियान नियमित कराई जाने। छत्तरपुर में टेम्पू और बस स्टैंड का निर्माण और उसके ठहराव की व्यवस्था कराई जाने। छत्तरपुर शहर में पानी टंकी का निर्माण करा कर पेयजलआपूर्ति सुनिश्चित कराने। नगर पंचायत के सभी वार्डो में पर्याप्त डस्टबिन लगवाने। मिडिल स्कूल को अतिक्रमण मुक्त करा कर उसका सौंदर्यीकरण कराया कराने। नगर पंचायत में बनाए गए सड़क एवं बिना ढक्कन के नालियों को अविलम्ब दुरुस्त कराने एवं उसके निर्माण में हुई अनियमितता की जांच करवाने। फुलवारी मैदान या मिडिल स्कूल में टाउन हॉल और पार्क का निर्माण कराने। नगर पंचायत के सभी जर्जर गलियों मदनपुर-कचनपुर मार्ग कन्हाई साव के घर के पास, मदनपुर लोहराही मार्ग सहित कई नालियों और सड़कों का निर्माण करवाने। नगर पंचायत के सभी वार्डो में स्ट्रीट लाइट लगाने। साथ ही हाईमास्ट लाईट की संख्या बढ़ाई जाने। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पेयजल की संकट को देखते हुए टैंकर द्वारा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने। क्षेत्र में खराब पड़े चापानल और सोलर जलमिनारों की अविलम्ब मरम्मत कराने। पीएम आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करते हुये उसे बिचौलिया मुक्त कराने। नगर पंचायत क्षेत्र में होनेवाले बोरिंग में लिया जानेवाला शुल्क बंद किया जाने और नगर पंचायत से निबंधित बोरवेल्स गाड़ियों की मनमानी अविलम्ब रोकने। नगर पंचायत कार्यालय का शीघ्र निर्माण करवाने। नगर में होल्डिंग टैक्स में जुर्माना रोकने और बढ़े हुए दर से वसूली रोकने। सम्भावित दुर्घटनाओं के मद्देनजर शहर के मुख्य जगहों पर फाइबर ब्रेकर का निर्माण करवाने की मांगें शामिल थी। एसडीओ ने तत्काल नगर पंचायत को पत्र लिख कर निराकरण का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों का भी कहना है की आज चुनाव के 5 साल पूरे होने वाले हैं लेकिन उनके सपने अधूरे रह गए, यह भी कहा कि जिन अपेक्षाओं के साथ नगर का चुनाव हुआ था उन अपेक्षाओं ने अब दम तोड़ दिया है।

## किसानों को लाभ दिलाने को लेकर पैक्स अध्यक्षों ने की बैठक

### किसान हीत में कार्य करने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय स्थित व्यापार मंडल में प्रखंड के सभी पंचायत के पैक्स अध्यक्षों ने बैठक कर किसानों को लाभ दिलाने को लेकर विमर्श किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रखंड के किसानों को इस वर्ष वर्षा नहीं होने से किसानों की दयनीय स्थिति पर विचार विमर्श किया गया। सभी लोगों ने क्षेत्र के किसानों के हित में कार्य करने और इस बार भयावह अकाल की स्थिति पर चर्चा किया गया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र खास कर हुसैनाबाद दक्षिणी और मध्य भागों में धान, मक्का अरहर मूंग आदि सभी प्रकार के फसल वर्षा नहीं होने से चौपट हो गई हैं। किसानों में इस बार भुखमरी की स्थिति हैं। वर्तमान हालात को देखते हुए सभी किसानों को फसल राहत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी योजना से आच्छादित करने का आदेश प्राप्त हुआ है। जिसमें हमारी जिम्मेदारी हैं कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र के किसानों को जागरूक कर समय पर फार्म भरवाने एवं लाभ दिलाने का काम करें। बैठक में सुरेश प्रसाद यादव, सुदैय सिंह, सुजीत मेहता, रामप्रवेश सिंह, विपिन सिंह, विशवनाथ सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बिमलेश पासवान, बलराम मेहता, सत्यनारायण सिंह आदि कई लोग उपस्थित थे।

## प्रेझा फाउंडेशन कौशल कॉलेजों में शुरू की नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिला कल्याण पदाधिकारी पलामू के जारी निर्देश के आलोक में हैदरनगर बीडीओ को कौशल कॉलेजों में इच्छुक आवेदकों से नामांकन कराने में सहयोग करने को कहा है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कयाण विभाग झारखंड सरकार की ओर जारी आदेश पत्र में बताय गया है कि प्रेझा फाउंडेशन विशेष परियोजना के तहत 27 गुरुकुल, आठ नर्सिंग कॉलेज व एक आईटीआई कॉलेज (मैनुफैक्करिंग एंड कोम्मी शेफ) का वर्तमान में संचालन कर रहा है। जिसमें झारखंड के कोई भी छात्र - छात्रा इच्छानुसार विषय के ऑनलाइन नामांकन ले सकता है। आवेदन भीरने की अंतिम तिथि 10 सिंतबर होगी। इसके बाद सभी विषयों के लिये सीट की उपलब्धता अनुसार वरीयता सूची के तहत उनका नामांकन लिया जायेगा। इनकी पढ़ाई अक्टूबर माह से सत्र शुरू की जायेगी। नर्सिंग कॉलेजों में दो वर्ष जबकि आईटीआई कॉलेज में नामांकित छात्रों की पढ़ाई एक वर्ष की होगी। नर्सिंग के लिये आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 12 वीं व आईटीआई के लिये 10 वीं उतीर्ण होना जरुरी है।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक, दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी द्वारा प्रखंड कर्मी के साथ की समीक्षात्मक बैठक। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीपीओ समेत प्रखंड कर्मियों को निर्देश दिया है कि प्रखंड के हर एक पंचायत में मनरेगा योजना के तहत कम से कम 20 स्कीम पर कार्य किया जाएगा। वैसे योजना जिसमें जीरो बैलेंस की निकासी की गई है। वैसी योजनाएं बंद की जाएगी पंचायतों में अभी पशु शेड बकरी शेड पर कार्य नहीं होगा। बताया गया कि जब तक पुराना योजना बंद नहीं होगा। तब तक कोई नया योजना चालू नहीं किया जाएगा। सेड वैसे लोगों को मिलेगा। जिसका पशुधन योजना से लाभ प्राप्त है। बीडीओ ने बताया कि सभी पुरानी स्कीम को बंद करना है। जिन लोगों का योजना में पूर्व में 50% की निकासी हो गई है। वैसे योजना को भी बंद कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास में जिसका मजदूरी का भुगतान बंद हो गया है। उसको पुनः चालू किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हर पंचायत के स्कूल में एक खेलने के लिए फील्ड तैयार करना। उन्होंने पंचायत सेवक को निर्देश दिया है कि जो प्रधानमंत्री आवास अभी तक पूरे नहीं किए हैं। उन्हें चिन्हित कर करवाई करें। 15वें वित्त आयोग के मदद से पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र पर पानी शौचालय की व्यवस्था तथा ठीक कराने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कर्मियों को निर्देश दिया कि मुखिया से समन्वय बनाकर काम करें बैठक में मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रणधीर कुमार, असिस्टेंट इंजीनियर अमरेंद्र सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित चौबे, मनरेगा केकनिया अभियंता, पंचायत सेवक रोजगार सेवक मौजूद थे।

## नाम नहीं बताने व मोबाइल नंबर नहीं देने पर मनचलों ने युवती को ट्रेन से दिया धक्का

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज से इंटरसिटी एक्सप्रेस पर सवार हुई युवती को कुछ मनचले लड़कों ने टोरी-लोहरदगा रेलखंड के पतराटोली के समीप नाम और फोन नंबर नहीं बताने पर ट्रेन से धक्का दे दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल युवती को ग्रामीणों की मदद से चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नंद कुमार पांडेय ने बताया कि युवती के सर व चेहरे पर गंभीर चोटें आईं हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घटना की सूचना आरपीएफ व परिजनों को दे दी गई है। युवती की पहचान 17 साल की खुशी कुमारी के रूप में हुई है। युवती कुंड मोहल्ला डाल्टनगंज की रहने वाली बताई जा रही है। बताया जाता है कि टोरी-लोहरदगा रेलखंड के पतराटोली के समीप कुछ ग्रामीणों ने एक युवती को बेहोशी की हालत में देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल युवती ने बताया कि डाल्टनगंज से पलामू एक्सप्रेस पकड़कर वह टोरी स्टेशन पहुंची थी। रांची अपनी बहन के यहां जाने के लिए टोरी स्टेशन से इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार हुई। ट्रेन के स्टेशन से छूटने के बाद मुझे मिचली आने लगी। जिससे मैं गेट के पास बेसिन की तरफ जा रही थी। जहां दो-तीन लड़के पहले से खड़े थे। मुझे देखने के बाद उन लोगों ने मेरा नाम और मोबाइल नंबर पूछना शुरू कर दिया। जब मैंने मना किया तो उन्होंने मुझे ट्रेन से बाहर धक्का दे दिया। जिससे मैं गिर कर बेहोश हो गयी। जब मेरी आंख खुली तो मैं अस्पताल में थी।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा पद्मा दूबे, गांगी, तोलरा, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा राज्य सम्पोशित योजना अन्तर्गत गेट नं0 06 से केरवा भाया आदर्श नगर मुख्य पथ तक पथ का निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 23.10.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 22.10.2020 था। उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बे समय से आपके द्वारा बन्द रखा गया है, तथा इस कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति एवं निबंधित पत्र द्वारा सूचित करने के बावजूद भी आपके द्वारा अवशेष कार्य को पूर्ण नही करने के कारण उच्चाधिकारियो द्वारा विडियो कॉन्फ्रेस में दिये गये निर्देश के अनुपालन में उपरोक्त वर्णित कार्य का अंतिम मापी दिनांक 10.09.2022 को संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को आपके प्रतिनिधि या आप स्वयं उपस्थित रहना सूनिश्चित करेगें अन्यथा संबंधित अभियंता द्वारा ली गई अंतिम मापी ही आपको मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 276473 Rural Development(22-23).D


## महिला बोगी में यात्रा कर रहे दर्जनों यात्रियों को पकड़ा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डिहरी आनसोन रेल खंड पर महिलाओं की तीज पर्व को लेकर मुगलसराय रेल मंडल के निर्देश पर जपला आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राकेश रंजन के नेतृत्व में जपला स्टेशन पर शुक्रवार को जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई पैसेंजर ट्रेनों में महिला बोगी में सफर कर रहे पुरुष यात्रियों को पकड़ा गया। सभी यात्रियों से रेलवे एक्ट के तहत न्यूनतम जुर्माना वसूला गया और सख्त चेतावनी दी गई। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राकेश रंजन ने बताया कि आरपीएफ को लगातार शिकायत मिल रही थी कि महिला बोगी में अवैध रूप से पुरुष रेल यात्री सफर कर रहे है। जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अगर आप रेल से यात्रा कर रहें है, तो सावधान रहें, आपकी एक गलती आपको मुसीबत में डाल सकती है। महिलाओं के लिए बोगी रिजर्व है। और उसमें पुरुष सफर करते हैं, जो नियम विरुद्ध है। ऐसे में जुर्माना के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एएसआई अजय कुमार साहनी, प्रमोद कुमार प्रधान, अनवर हुसैन, ऐजाज खान समेत कई आरपीएफ जवान शामिल थे।


### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

### मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर

**अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड**

एतद् द्वारा चतरा जिला के मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में विभागीय राज्यादेश सं0 17 दिनांक 08.08.2022 के द्वारा ''फीड बेस्ड फिशरीज'' योजना अन्तर्गत मछली उत्पादन में बढ़ोत्तरी हेतु अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड उपलब्ध कराया जाना है।

- 50 प्रतिशत अथवा मो0 22/– रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर फिश फीड। 2mm से बडे 4mm तक साईज के फीड पर यह लाभ विभाग द्वारा स्थापित फीड मिल या झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही मिलेगा।
- इस श्रेणी के फिश फीड के क्रय की कोई अधिसीमा नहीं है।
- 2 mm. अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 18/– रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से अनुदान। इसकी अधिसीमा निर्धारित है।
- एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 2 mm. अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर भी मो0 18/– रू0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम मो0 12,600/– रू0 मात्र की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में चतरा जिला के इच्छुक मत्स्य पालकों से दिनांक 12.09.2022 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा में निःशुल्क उपलब्ध है।

**दो गज दूरी, मास्क है जरूरी**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

PR 276491 Fish(22-23)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्री प्रशांत कुमार सिंह, वार्ड नं0–7, ग्राम–सलरलादी, पो0 अधौरा, थाना–नगर उंटारी, जिला– गढ़वा, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता योजना अन्तर्गत लोहरगाड़ा में बर पेड़ तीनमुहान से रामबरत मेहता के घर होते रामनाथ मेहता के घर तक पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 10.12.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 09.03.2022 था। उक्त पथ का निर्माण कार्य लम्बे समय से आपके द्वारा बन्द रखा गया है, तथा इस कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति एवं निबंधित पत्र द्वारा सूचित करने के बावजूद भी आपके द्वारा अवशेष कार्य को पूर्ण नही करने के कारण उच्चाधिकारियो द्वारा विडियो कॉन्फ्रेस में दिये गये निर्देश के अनुपालन में उपरोक्त वर्णित कार्य का अंतिम मापी दिनांक 10.09.2022 को संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को आपके प्रतिनिधि या आप स्वयं उपस्थित रहना सूनिश्चित करेगें अन्यथा संबंधित अभियंता द्वारा ली गई अंतिम मापी ही आपको मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 276470 Rural Development(22-23).D


## जेपी चौक से अंबेडकर चौक तक हटाया गया अतिक्रमण, दोबारा होने पर लगेगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने शुक्रवार को अभियान चलाया। अभियान के दौरान शहर के जेपी चौक से अंबेडकर चौक के बीच अतिक्रमण हटाया गया। पूर्व में नगर पंचायत द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र से विधिवत प्रचार कराया गया था। अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमित स्थान खाली करने की चेतावनी भी दी गई थी। आम लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण काफी परेशानी हो रही है। हुसैनाबाद शहर के सौंदर्यीकरण में अतिक्रमण सबसे बड़ी बाधा साबित हो रहा है। शहर की मुख्य सड़क हो या जयप्रकाश चौक व अंबेडकर चौक आदि क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण है। जिसे प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पहल कर आज जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाते देखा गया। वहीं इनके विरूद्ध कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हो गए हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मो. परवेज, अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम आदि ने शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व किया। प्रशासन की इस कारवाई से व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। अतिक्रमण हटाने के दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमी रही। अभियान में पुलिस के जवान भी दल बल के साथ शामिल थे। शहर में अतिक्रमण के कारण लोगो को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। और आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। शहर के दुकानदारों ने ही अतिक्रमण कर शहर को नारकीय स्थिति में ला दिया है। इस कारण जपला-छतरपुर मेन रोड, जयप्रकाश चौक से गाधी चौक तथा जपला-हैदरनगर रोड सहित सभी जगहों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। इस कारण रास्ता इतना संकीर्ण हो गया है कि लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी मो.परवेज ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।शीघ्र ही शहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। जो दुबारा अतिक्रमण करते हैं, उन्हें फाइन किया जाएगा।


### कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत चतरा पशु मेला सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक– 07.09.2022 को समय 1:30 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश डाक नही होने की स्थिति में दिनांक– 08.09.2022 को निर्धारित समय पर होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा पशु मेला | मेला अवधि तक के लिये | 5,90,525.00 | 59,100.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान/तिथि नगर परिषद् कार्यालय का सभा कक्ष।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकरी
नगर परिषद्, चतरा

PR 276484 Urban Development (22-23)_D



### झारखण्ड सरकार
### कारा निरीक्षणालय
### मंडल कारा, चतरा

**ई-निविदा सूचना**

1. कारा का नाम – मंडल कारा, चतरा।
2. विषय – कारा में खाद्यान्नों, हरी सब्जियों एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति के निमित ई0 निविदा का आमंत्रण। **(चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.10.2022 से 31.12.2022 तक)।**
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य ( Non refunfable ) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
   (i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 ( दो हजार पाँच सौ रूपये ) मात्र।
   (ii)रू0 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु रू0 5,000.00 ( पाँच हजार रूपये ) मात्र।
   (iii)रू0 50.00 लाख से ऊपर तक की सामाग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि– 08.09.2022 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 16.09.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि– 08.09.2022 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 16.09.2022 के अपराहन 05:00 बजे तक।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 18.09.2022 एवं 19.09.2022 को अपराह्न 05:00 बजे तक मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– 20.09.2022 को पूर्वाहन 11:00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में उनके कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website jharkhandtenders.gov.in पर e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा

PR 276488 (Home) 22-23 (D)

# न्यूज गैलरी

## ओबीसी समुदाय सशक्त बनाने की जरूरत : मोर्चा

**मेदिनीनगर।** ओबीसी समुदाय सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व देकर सशक्त बनाने की जरूरत है। यह बात राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष मंडल आयोग के प्रणेता डॉ बीपी मंडल साहब के जन्मदिवस पर विचार गोष्ठी में कहीं। विचार गोष्ठी का विषय था मंडल आयोग की कि 40 अनुशंसाएं क्या है और उसे लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। जिससे देश में ओबीसी समुदाय के हजारों, लाखों नहीं, करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा ने कहा कि ओबीसी के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये सभी विकासशील कार्यक्रमों को उसी ढंग से और उसी सीमा तक केंद्रीय सरकार द्वारा धन दिया जाना चाहिए। विधानसभा में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अंत में निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मंडल आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग पत्र दी जायेगी।

## पर्यावरणविद ने डीसी से शिष्टाचार मुलाकात की

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जिले के उपायुक्त ए .दोड्डे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद कौशल ने उपायुक्त को हिमाचल के कपूर का पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाये जा रहे अभियान की विस्तृत जानकारी उपायुक्त को दिया। उन्होंने जिले में सुखाड़ की स्थिति पर भी चर्चा किया।

## सम्मानित जनता के जज्बे को सलाम करती हूं : पार्षद

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर वार्ड नंबर 32 आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 4 मे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लक्ष्मी भारती एवं वार्ड 31 की पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी के निगरानी मे सहायिका का चुनाव कराया गया। जिस मे क्षेत्र की सम्मानित जनता ने एकता का परिचय देते हुए सर्व सहमति से पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुए एकलाख मंसूरी उर्फ बबलू की पत्नी रोशनी परवीन को सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए सरसहमती से सहायिका पध के लिए चयन किया। इस कार्यक्रम मे उपस्थित वार्ड नंबर 32 की पार्षद अनिशा खातून सुपरवाइजर मधु देवी मो गोल्डन सेविका निखत परवीन विदया जैयसवाल मोती गडडु एवम अन्य मौके पर पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी ने कहा की हमारे गाव शाहपुर की सम्मानित जनता ने हिन्दु मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए पिछ्ले दिनो सड़क दुर्घटना मे निधन हुए एकलाख उर्फ बबलू की पत्नी को चुन कर बहुत ही सराहनीय कार्य कीये है मै आप सभी को धन्यवाद देती हू एवम आपके जज्बे को सलाम करती हू।

## जैक 9वीं बोर्ड में एम.एस.ए स्कूल के सभी छात्र अ + ग्रेड से उत्तीर्ण

**मेदिनीनगरर।** जैक की और से जारी परीक्षा परिणाम में शहर के पोखराहा स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के सभी बच्चों ने अ+ श्रेणी प्राप्त किये। सर्वाधिक अ+ ग्रेड लाकर अफताब अंसारी, हिबिशकश प्रसाद, शब्बा आफरीन, नाफीज अंसारी, रोशनी खातुन, लिला कुमारी, अंकित कुमार पासवान, हसीना खातुन ने विद्यालय टॉपर बनने के साथ पलामू और झारखंड का गौरव प्राप्त किया है। विद्यालय के संस्थापक, प्राचार्य, और शिक्षकों ने सभी बच्चो को शुभकामनाएं दी है। भविष्य मे और बेहतर की अपेक्षा किया है। स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने कहा कि विगत 2 वर्षों के कोरोना काल मे भी विद्यालय छात्रों के सम्पर्क में रहा और छात्रों को अच्छी और बेहतर शिक्षा दी जिसका परिणाम है कि हमारे सभी बच्चे अ+ ग्रेड से उत्तीर्ण हुए हैं।

## अपने पेट भरने के लिए छोटे बच्चे कर रहें है मजदूरी



**मेदिनीनगर।** पेट की भूख मिटाने के आगे इस नन्ही बालिका को गुब्बारा बेचना मजबूरी है। यह बालिका शहर में घूम-घूम कर गुब्बारें बेचने का कार्य कर रही है। गुब्बारा बेच रही यह बालिका शहर के रेडमा चौक के पास गुबार बेच रही थी। गरीब परिवार से जुड़ी यह नन्हीं बालिका गुब्बारों को फुला कर उसका एक गुच्छा बनाया है। हाथों में गुब्बारे के इस गुच्छे को लेकर बालिका शहर के रेडमा चौक में घूम घूम कर गुब्बारा बेचती है। पूछने पर इस बालिका ने बताया कि क्या करें पेट की भूख के आगे कुछ तो करना ही पड़ेगा। इसी तरह पलामू जिले के कई होटलों व ढाबो में नाबालिक बच्चे काम कर रहे हैं यह सभी बच्चे भी गरीबी में होटलों में काम करने के लिए मजबूर हैं।

## छात्रों को सुविधा दिलाने के लिए विद्यार्थी परिषद् ने किया हंगामा



**मेदिनीनगर।** जेएस कॉलेज में बीएड की परीक्षा देने आए छात्र-छात्रओं को मूलभूत सुबिधा उपलब्ध नही होने की वजह से छात्र नेताओं ने जम कर हंगामा किया। वही छात्र नेता अभिषेक तिवारी ने कहा कि हमारे छात्रों को परीक्षा और पढ़ाई के दौरान विजली,पानी सहित अन्य सुबिधा चाहिए। जो कॉलेज प्रबंधन के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। अभिषेक ने कहा कि यदि कॉलेज के विधि व्यवस्था नहीं सुधरता है तो छात्र नेताओं के द्वारा जम कर आंदोलन व हंगामा किया जायेगा।

## सीओ ने सोना सोबरन योजना के दूसरे, चरण का किया शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सोना सोबरन साड़ी, धोती- लुंगी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ सीओ राजीव नीरज ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरुरतमंदों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। झारखंड सरकार दूसरे चरण में भी गुलाबी व पीला कार्डधारी लाभुकों को राशन के साथ साथ कपड़े भी दे रही है । उन्होंने सभी जविप्र के दुकानदारों को इस योजना के लाभुकों को पारदर्शिता के साथ साड़ी, धोती- लुंगी वितरण करने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका सीमा झा, हैदरनगर पूर्वी पंसस शैलू जायसवाल, डॉ अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन जायसवाल, डीलर कामता दुबे, राजाराम साव आदि मौजूद थे।

# आज पलामू में मनाई जायेगी कुश ग्रहणी अमावस्या



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाद्र मास की अमावस्या तिथि का शास्त्रों बड़ा महत्व बताया गया है। क्योंकि आज इसी दिन पूरे वर्ष भगवान की पूजा व श्राद्ध आदि कर्मों के लिए कुश का संग्रह किया जाता है। इसलिए इसे कुश ग्रहणी अमावस्या भी कहा जाता है। शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान की पूजा एवं दानादि कर्म के समय हाथ में कुश जरूर होना चाहिए। कुश ग्रहणी अमावस्या का महत्व मात्र इसलिए नहीं है कि इस दिन वर्ष भर के कर्म के लिए कुश ग्रहण किया जाता है। इसका महत्व इसलिए भी है कि क्योंकि इसदिन पितारों की पूजा और श्राद्ध करने से पितर संतुष्ट और प्रसन्न होते हैं। इस दिन किये गये स्नान दान का कई गुणा पुण्य प्राप्त होता है। अमावस्या तिथि के दिन सोमवार, मंगलवार, गुरूवार अथवा शनिवार होने पर इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। कुश ग्रहणी अमावस्या के साथ गुरूवार होने से इस वर्ष यह अमावस्या विशेष फलदायी है। इस बार आज शनिवार को अमावस्या पड़ने से इसका महत्व बढ़ गया है। **क्या है कुशोत्पाटिनी अमावस्या का महत्व :** भाद्रपद अमावस्या के दिन धार्मिक उद्देश्यों के लिए कुश को इकट्ठा किया जाता है। जिनसे पूरे साल देव और पितरों की पूजा की जाती है। इस तिथि के दिन किये जाने वाले धार्मिक कार्यों जैसे तर्पण, दान, श्राद्ध आदि में कुश का इस्तेमाल किया जाता है। हिंदू धर्म के सभी धार्मिक क्रियाकलापों में कुश और फूल आदि का प्रयोग अनिवार्य माना जाता है। कुश अथवा कुशा घास को ऊर्जा का कुचालक माना जाता है। धार्मिक कार्यों के लिए भाद्रपद अमावस्या के दिन इसलिए पूरे साल के लिए कुश को एकत्रित किया जाता है। इसी वजह से पौराणिक ग्रंथों में इसे कुशोत्पाटिनी अमावस्या कहा गया है।

## प्लस टू में उर्दू विषय को शामिल करने को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य द्वारा संचालित +2 उच्च विद्यालयों में उर्दू विषय के लिए स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) का पद सृजित करने के संबंध में उर्दू के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से मांग किया गया है कि वर्तमान में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0-14/2022 के द्वारा राज्य में सरकारी +2 उच्च विद्यालयों में विभिन्न विषयों के लिए स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। परंतु इसमें दुखद बात यह है कि +2 स्तर पर अध्ययनरत लाखों उर्दू छात्रों के शिक्षण हेतु उर्दू विषय में पीजीटी की नियुक्ति नहीं की जा रही है। जिससे लाखों उर्दू छात्रों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। पत्र में बताया गया है कि राज्य सरकार ने अधिकारिक रूप से सर्वप्रथम उर्दू को ही द्वितीय राजकीय भाषा घोषित किया है एवं राज्य में बड़ी संख्या में उदूर्भाषी लोग रहते हैं जिनके बच्चों की मातृभाषा उर्दू है। उर्दू शिक्षक एवं शिक्षण व्यवस्था नहीं होने के कारण उदूर्भाषी छात्र इंटरमिडिएट में अपनी मातृभाषा उर्दू के यथोचित अध्ययन से वंचित हो रहें हैं। इंटरमिडिएट में उर्दू विषय के लिए राज्य में एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के बावजुद भी हजारों बच्चे प्रतिवर्ष इंटरमिडिएट परीक्षा में उर्दू विषय में सम्मिलित हो रहें हैं। जबकि 2018 में उर्दू भाषा के लिए +2 स्तर पर शिक्षक उपलब्ध कराने झारखण्ड उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की गई थी।

## जैक के आठवीं, नौंवी व 11वीं का रिजल्ट जल्द

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड एकेडमिक के द्वारा जून महीने में लिए गये आठवीं ,नौंवी नऔर ग्यारहवीं की परीक्षा का रिजल्ट अगस्त के अंतिम सप्ताह तक जारी किया जायेगा। अंतिम अगस्त तक कभी भी तीनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकता है। आठवीं की परीक्षा जैक द्वारा 28 जून से 11 जुलाई तक ली गई थी। जबकि नौवीं की परीक्षा 15 जून से 7 जुलाई तक दी गई थी वही है 11वीं की परीक्षा 16 जून से 11 जुलाई तक ली गई थी। जैक के द्वारा पूर्व में 10 अगस्त तक के रिजल्ट जारी करने का डेट लाइन था लेकिन समय पर मूल्यांकन नहीं पूरा होने के कारण रिजल्ट देने में विलंब हुआ। वही जैक की ओर से जारी बयान के अनुसार आठवीं कक्षा की परीक्षा का रिजल्ट 25 अगस्त तक जारी किया जाना था। 11वीं का रिजल्ट 26 से 27 अगस्त के बीच और नौंवी का रिजल्ट 27 अगस्त के बीच जारी किये जाने की बात कही गई थी। गौरतलब है कि आठवीं कक्षा में लगभग 5 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। जबकि में 3:50 लाख और लगभग 4 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं।

## शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर नया एसओपी जारी, समय तय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले सहित राज्य के सभी सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर नया एसओपी जारी कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों व जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेजकर निर्धारित तिथि तक स्थानांतरण नीति के तहत संबंधित सारी प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं। सारी प्रक्रियाएं पोर्टल के माध्यम से संशोधित स्थानांतरण नीति के तहत आनलाइन होगी। इसके तहत सभी स्कूलों जिलास्तरीय स्थापना समिति की बैठक कर 31 अगस्त तक जोन के आधार पर स्कूलों को अधिसूचित इसी तिथि तक किया जायेगा। अधिसूचित स्कूलों के कार्यरत, स्वीकृत, रिक्त पदों का विवरण एवं शिक्षक छात्र अनुपात विवरण प्रकाशित किया जायेगा। विद्यालयवार एवं जोन वार सूची का प्रकाशन किया जायेगा। आवश्यकता से अधिक शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए संवर्गवार चयन व उनकी प्राथमिकता सूची का प्रकाशन पांच सितंबर तक किया जायेगा। **सबसे पहले आवश्यकता से अधिक शिक्षकों का होगा स्थानांतरण :** जिले के स्कूल में कार्यरत वैसे शिक्षक जो लगातार पांच वर्ष तक एक स्कूल में सेवा दे चुके हैं, सामान्य स्थानांतरण के लिए आवेदन अगले वर्ष फरवरी माह में दे सकेंगे। इसी तरह, पारस्परिक स्थानांतरण हेतु सभी संवर्ग के असाध्य रोगी, दिव्यांग, महिला शिक्षिका एवं अन्य गंभीर परिस्थितियों वाले मामले के आवेदक अपने स्थानांतरण या अंतर जिला स्थानांतरण हेतु अगले वर्ष फरवरी माह में आवेदन कर सकेंगे।

## बीडीओ ने कहा पीएम आवास पूरा नहीं करने पर होगा सर्टिफिकेट केस



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सतबरवा प्रखंड में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना का जांच शुक्रवार को सतबरवा बीडीओ सह सीओ राजकिशोर प्रसाद ने किया। रबदा पंचायत के पिपराकला गांव में सघन अभियान चलाकर अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को उन्होंने फटकार भी लगाई। बीडीओ के साथ बीपीआरओ सह पंचायत सचिव सुरेश ठाकुर, आवास कोऑर्डिनेटर बसंत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शंभू उरांव तथा बीडीसी प्रतिनिधि सह चतरा सांसद के जिला स्वास्थ्य एवं खेल कूद प्रतिनिधि धीरज कुमार भी साथ थे। बीडीओ ने बताया कि पीएम आवास के जिन लाभुकों ने द्वितीय किस्त ले लिया है वे अपना आवास 15 दिनों के अंदर में ढलाई कार्य को पूरा करेंगे। आवास पूरा नहीं करने वालों पर सर्टिफिकेट केस करके उनसे राशि वसूली की जायेगी। उन्होंने बताया कि योजना वर्ष 2122 में 500 तथा 16-21 के दौरान 400 प्रधानमंत्री आवास अधूरा है। प्रखंड में 1900 से ज्यादा पीएम आवास का कार्य अपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 4000 से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। जो लाभुक सही समय पर आवास को पूरा कर देंगे उन्हें प्रखंड प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के स्टेशन रोड स्थित चर्च के पास एक अधेड़ महिला मोटरसाइकिल से गिर कर गुरूवार की रात करीब 9 बजे जख्मी हो गई। उसे सड़क पर गिरा हुआ देखकर चर्च रोड के कई निवासियों ने संवेदनशीलता दिखाई। पानी के छींटे मारकर होश में लाया जाए। इस बीच वहां से गुजर रहे इंद्रजीत सिंह डिंपल और संजय कुमार ने वृद्ध महिला को रोड पर गिरे हुए देखा तो उनके समीप गये और उसके बेटे से जानकारी ली। महिला की पहचान रसूल खातून के रूप में हुई। वह पाटन की निवासी हैं और अस्पताल में अपनी बेटी को देखने आई हुई थी। लौटने के क्रम में रोड ब्रेकर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई । सीएस अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां महिला का सिटी स्कैन हुआ एवं उपचार किया जा रहा है। सक्रियता दिखाने वालों में चर्च रोड के निवासी सीए जय शर्मा, प्रेम श्रीवास्तव, पप्पू पांडेय, संजू श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल हैं।

## तुकबेरा पंचायत सभागार में हुई कार्यकारिणी की बैठक



नवीन मेल संवाददता

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार प्रखंड के तुकबेरा पंचायत सभागार में कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया विनोद विश्वकर्मा व संचालन पंचायत सचिव प्रभु राम ने की। कार्यकारिणी समिति के बैठक में अनावृष्टि के कारण उत्पन्न सुखाड़ की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ हीं सूखाड़ की स्थिति को देखते हुए सरकार के द्वारा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। ऐसे में अधिक से अधिक योजना का लाभ लें। वहीं 15 वित्त अनुदान मद में प्राप्त आवंटन से कनीय अभियंता व कंप्यूटर ऑपरेटर के मानदेय हेतु 66 हजार का चेक जिला कार्यालय के नाम निर्गत करने का निर्णय लिया गया। वहीं 15 वें वित्त अनुदान मद की योजना या मनरेगा से पूर्व में ली गई योजनाओं की जांच करते हुए संतोषजनक व गुणवत्ता पूर्ण रहने पर प्राक्कलन के अनुरूप भुगतान करने की स्वीकृति दी गई। साथ हीं जर्जर पंचायत भवन की मरम्मत व रंगारंग कार्य को लेकर कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय ली गई। प्रत्येक माह की 20 तारीख को पंचायत कार्यकारिणी समिति की बैठक की जाएगी। मंगलवार , शुक्रवार या छुट्टी का दिन होने की स्थिति में बैठक का आयोजन अगले दिन किया जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक में उप मुखिया गीता देवी, रीता देवी, राजमणि सिंह, बिंदु देवी, विनय विश्वकर्मा, चिंता देवी, अक्षय पाल, अनीता देवी, सुमित्रा देवी, सोनी देवी, नारायण विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## आप के झाड़ू से साफ होगी झारखंड की राजनीति : ओंकार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने व मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स माफ करने की मांग को लेकर गुरूवार को आम आदमी पार्टी की पलामू इकाई के तत्वावधान में समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी का झाड़ू अब झारखंड की राजनीति कचड़ा को साफ करेगी। राज्य के युवा इसके लिए जग चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार को जनता जान चुकी है। दिल्ली में जिस तरह से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप की सरकार बनी है, उसकी तरह झारखंड में भी परिवर्तन होने की संभावना है। पार्टी के प्रमंडलीय प्रभारी सुधीर सिन्हा ने परिवार से चलने वाली और झगड़ा कराने वाली पार्टी से दूर रहने की सलाह लोगों को दी। वरीय नेता जगरनाथ सिंह ने पलामू के विधायक और सांसद को धोखेबाज बताया। अन्य वक्ताओं ने नगर निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स माफ करने एवं पलामू प्रमंडल को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की। अध्यक्षता जिला संयोजक चन्द्रबलि चौबे ने की। संचालन गौतम गुप्ता ने किया। मौके पर प्रमंडल प्रभारी किशोर सिन्हा, सुधीर कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, वंदना कुमारी, अभय सिंह चेरो, संजय राम, अरुण कुमार मेहता, सरफराजुल हक, धीरज कुमार, अशोक राम, ओम प्रकाश दुबे, पिंटू पासवान, आरिफ अंसारी, गोविंद तिवारी, कौशल दुबे, गुलाबी देवी, शुखनी कुवंर, बबीता देवी, बेबी देवी, शकुन्तला देवी आदि उपस्थित थे।

## नारायण सेवा समिति ने जरूरतमंदों के बीच बांटा वस्त्र

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा के नारायण सेवा समिति ने बकोरिया में सैकड़ों जरूरतमंद बच्चे, बूढ़े और महिलाओं के बीच वस्त्र का वितरण किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू जिला नगर व्यवस्था प्रमुख बेलवाटीकर निवासी महेश व दीपक सहाय की पहल पर ब्राइटलैंड स्कूल के प्राचार्य राहुल की ओर से वस्त्र बांटने के लिए उपलब्ध कराये गये थे। मौके पर समिति की ओर से दिये गये वस्त्रों को पहनकर बच्चों ने एक साथ खड़े होकर खुशी का इजहार किया। निर्दोष कुमार ने बताया कि नारायण सेवा समिति सतबरवा इकाई हर रोज अच्छे भले ढंग का कपड़ा विभिन्न जगहों से इकट्ठा कर लाया जाता हैं । इसके बाद जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच गांवों में जाकर बांट दिये जाते हैं। 100 गांव के टोलों में हजारों लोगों के बीच अभी तक वस्त्र पहनाया गया है। निर्दोष ने सभी वैसे लोग से कहा है जो सामर्थ्यवान हैं, उन्हें गरीबों की सेवा करने से नहीं चुकना चाहिए।

## पिपराकला में कई पीएम आवास है अधूरे

**सतबरवा।** प्रखंड की रबदा पंचायत के पिपराकला में दर्जनों प्रधानमंत्री आवास अधूरे हैं। बीपीआरओ सह पंचायत सचिव सुरेश ठाकुर और आवास कोऑर्डिनेटर बसंत कुमार ने बताया कि गांव के सोमा उरांव, राम किशन सिंह, जगतार उरांव, अखिलेश उरांव, रामकेश उरांव, कुलदीप, बिगन, बसंत महतो, शोभन उरांव, फेकू उरांव, मीना देवी, पार्वती देवी, लीला देवी, जगदीश भुईया, फुलेश्वर भुईया, सिकंदर भुईया, टिंकू भुइयां, परशुराम महतो समेत कई का प्रधानमंत्री आवास अधूरा पड़ा है, जबकि उनके खाते में दूसरी किस्त की राशि डाली जा चुकी है।


## मौसमी बीमारी के बाद भी पीएमसीएच सदर अस्पताल में दवा का घोर अभाव




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बदलते मौसम कारण अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है।इसके बाद भी पलामू प्रमंडलीय सदर अस्पताल में दवाओं का घोर संकट मरीजों के आफत का सबब बन गया है। अस्पताल के ओपीडी व वार्ड में भर्ती मरीजों को अधिकांश दवाएं बाहर से ही खरीदनी पड़ रही हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में पलामु जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन सैकड़ो मरीज इलाज कराने आते हैं। इनमें से ज्यादातर मरीज गरीब तबके से ताल्लुक रखते हैं। अस्पताल में दवाओं का घोर संकट बीते कई वर्षों से बदस्तूर जारी है। ओपीडी में कुछ महीने पहले 40 प्रकार की दवाएं मिलती थी। अब यह संख्या घट कर 20-25 रह गई हैं। आलम यह है कि बुढो बच्चों के दर्द, बुखार, व्यस्कों के डायबिटीज, चर्मरोग और दूसरे कई बीमारियों की दवा यहाँ उपलब्ध नही रहता हैं। हृदयरोग की दवाएं बेहद ही कम हैं। ज्यादातर मरीज बाहर से दवाएं खरीद रहे हैं।पीएमसीएच जिला अस्पताल में लगभग 150 बेड हैं।लेकिन यह बेड भी कभी खाली नही रहते हैं। इन मरीजों को भी अब अस्पताल से अधिकांश दवाएं नहीं मिल रही हैं। तीमारदार बाहर से दवा खरीदनों को मजबूर हैं।इतना ही नही गरीबो से पैसे ऐंठने के लिए अस्पताल के अन्दर हमेशा दलालो की भीड़ लगी रहती है,परिजन जैसे ही अपने मरीज को चिकित्सको से दिखला कर बाहर निकलते है,दलालो के द्वारा उनसे जबरदस्ती पुर्जा छीन लिया जाता है।इसके बाद दलाल मरीज को अपने कमिसन बंधे हुवे मेडिकल स्टोर पर ले जा कर दवा लेने के लिए मजबूर करते है।इन दलालो के वजह से हमेशा सैकड़ो मरीज व मरीज के परिजन परेशान रहते है।

## मतदाता कार्ड को आधार से जोड़ने के लिए लगाया गया विशेष शिविर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़ने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर के प्रवेश द्वार के समीप विशेष कैंप लगाया गया। कैंप में समाहरणालय कर्मियों सहित अन्य लोगों से आधार नंबर,एपिक नंबर एवं मोबाइल नंबर प्राप्त किया गया जिसके पश्चात डिटेल्स संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा इसके बाद संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी फॉर्म 6बी का इस्तेमाल करते हुए सभी के वोटर कार्ड को आधार से लिंक कर दिया जायेगा। इस कैंप के माध्यम से विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से 65 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

**सभी प्रखंडों में भी लगाया गया शिविर :** आधार से वोटर कार्ड को जोड़ने को लेकर समाहरणालय के अलावे शनिवार को जिले के सभी प्रखंडों, हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय एवं छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में भी शिविर लगाकर लोगों से सभी डेस्टील्स संकलन किये गये। सभी शिविरों में पर्याप्त मात्रा में कर्मियों की नियुक्ति की गई थी।

## न्यूज गैलरी

### मनचलों ने चलती ट्रेन से युवती को दिया धक्का, अचेतावस्था में ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

**चंदवा।** टोरी लोहरदगा रेल खंड पर इंटरसिटी एक्सप्रेस में सफर कर रही युवती को टोरी स्टेशन के नजदीक जगराहा गांव के समीप मनचलों ने ट्रेन से धक्का दे दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अचेतावस्था में पड़ी युवती को स्थानीय ग्रामीणों ने चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। होश में आने के बाद युवती ने अपना नाम खुशी कुमारी पिता विजय कुमार डालटनगंज कुंड मोहल्ला निवासी के रूप में बताई है। घटना के संबंध में युवती ने बताया कि वह सुबह पलामू एक्सप्रेस से डालटनगंज से टोरी पहुंची थी उसके बाद रांची जाने के लिए वह इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार हो गई टोरी स्टेशन से ट्रेन खुली ही थी कि उसे उल्टी महसूस होने लगी। इसके बाद वह बेसिन के पास गई। वहां पर पहले से कुछ लड़के गेट पर खड़े थे। वे लोग मेरा नाम और मोबाइल नंबर मांगने लगे। मैने उन्हें मना कर दिया और कहा कि मै आपलोग को जानती भी नहीं हूं, तो अपना नाम नंबर क्यूं दूं। इतने में एक लड़के ने कहा कि बताती हो या नहीं इसके बाद उनलोगों ने मुझे ट्रेन से धक्का दे दिया। खबर लिखे जाने तक युवती का उपचार अस्पताल में ही चल रहा था।

### जुबली चौक के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से घायल मवेशी की बजरंग दल के सदस्यों की तत्परता से हुआ इलाज

**लातेहार।** शहर के मेन रोड स्थित जुबली चौक के समीप लावारिश पशु को अज्ञात वाहन ने धक्के से मारकर लहूलुहान कर दिया। इसकी सूचना बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ कुमार साहू को मिलते ही तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका इलाज करवाया गया। उसके बाद गाय को एक खुले मैदान में छोड़ दिया गया। सौरभ कुमार साहू ने कहा कि लातेहार जिले के मेन रोड में आए दिन रोजाना ऐसी घटना घट रही है। लेकिन नगर पंचायत के लोग टैक्स वसूलने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि मवेशी के मालिक दूध नहीं देने वाली गाय को सड़क में छोड़कर नींद में सोए हुए हैं। ऐसे मवेशी के मालिकों के ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई करने जरूरत है।उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि अगर किसी पशु मालिक को पशु रखने मैं और उसे खिलाने पिलाने में असमर्थ है तो ऐसे लोग अपने पशु को किसी गरीब किसान को सौंप दें ताकि उन पशुओं का सेवा हो सकें।

### बीडीओ ने किया बिरहोर बच्चों के बीच अंग वस्त्र का वितरण



**मयूरहंड(चतरा)।** शुक्रवार को मयूरहंड प्रखंड के करमा में निवास करने वाले चालिस बिरहोर परिवार के बच्चों के बीच अंग वस्त्र का वितरण किया गया। बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, मुखिया रामनाथ यादव व मंझगावां मुखिया मंजित सिंह ने संयुक्त रुप से बिरहोर परिवार के लगभग डेढ सौ बच्चों के बीच अंग वस्त्र का वितरण किया। साथ हीं सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साडी एवं लुंगी का वितरण किया। ज्ञात हो कि बीडीओ बिरहोर परिवारों के प्रति काफी संवेदनशील रहे हैं। श्री सिन्हा इससे पूर्व स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य जांच करवाया था।

### पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करेगा राजद

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में राजद प्रखंड इकाई की बैठक 29 अगस्त को बुलाई गई है। बैठक में सदस्यता अभियान के साथ-साथ पार्टी को मजबूत बनाने सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। साथ ही नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव ने दिया।

### डिज्नीलैंड मेला सह मीना बाजार का पंचायत प्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** शुक्रवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत शीतलपुर टोला में डिजनीलैंड मेला सह मीना बाजार का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेष एंव सिंघानी मुखिया राधिका देवी ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम का नेतृत्व मृत्युंजय कुमार ने किया। मौके पर मेला संचालक उज्जवल कुमार ने बताया कि डिजनीलैंड मेला सह मीना बाजार में सभी प्रकार के झूले, ब्रेक डांस के अलावे मनिहारी के सारे आइटम उपलब्ध हैं। मेला व बाजार प्रति दिन दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर मौलाना महफूज रहमान, तिलेश्वर राणा, महेंद्र प्रजापति, संजय दांगी, चंदन कुमार सुमन आदि शामिल थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक, कई विषयों पर हुई चर्चा



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में शुक्रवार को दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व उप मुखिया सतेंद्र सिंह व संचालन मनोज साहू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा समिति का अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, सचिव मनोज साहू, कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रव गुप्ता को बनाया गया। बैठक में पूजा भव्य व धूमधाम से मनाने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं लोगों की मांग पर भव्य पंडाल बनवाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

### जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक, बोले उपायुक्त

# शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें टीकाकरण कार्य

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से कोविड टीकाकरण, कोविड जांच, गर्भवती महिला का एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, कुपोषण उपचार केन्द्र, एसएनसीयू, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ रोग, टीवी रोग, मलेरिया, एनसीडी, फाईलेरिया दवा की उपलब्धता, स्वास्थ्य संस्थान की आधारभुत संरचना, मानव संसाधन के उपलब्धता की जानकारी उपायुक्त ने ली। साथ ही 12-14 वर्ष आयु ग्रुप, 15-17 वर्ष आयु ग्रुप, 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं को लग रहे प्रथम एवं द्वितीय टीकाकरण कि जानकारी लेते हुए सभी विद्यालयों में जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर रोस्टर बनाकर अभियान मोड़ में टीकाकरण का शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। फ्रंटलाईन वर्कर, हेल्थ वर्कर समेत अन्य कर्मचारियों को बुस्टर डोज लगाना सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावे आरटीपीसीआर, ट्रुनेट, रेट टेस्ट आदि के द्वारा कोविड जांच का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, इटखोरी में कुपोषण उपचार केन्द्र अविलंब खोलने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उप विकास आयुक्त को एसएनए द्वारा राशि का हस्तांतरण समस्या एवं एनएचएम के वित्तीय प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डॉ. श्याम नंदन सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### अभिभावक-शिक्षक की हुई संयुक्त बैठक

**चतरा।** शुक्रवार को अभिभावक और शिक्षकों की संयुक्त बैठक प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनय यादव एवं संचालन प्रधानाचार्य अवध ठाकुर ने किया। बैठक में बीपीओ अजय कुमार दास एवं संकुल साधन सेवी निहाल अख्तर विशेष रुप से उपस्थिति थे। विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति छात्रों की लर्निंग एप व अभिभावक एवं शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय के शिक्षण कार्य में गुणात्मक विकास लाए जाने पर चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में माता-पिता की भागीदारी और बच्चों के खाते में भेजी गई राशि से पोशाक पर चर्चा की गई। बैठक में बीपीओ एवं सीआरपी ने बताया कि वैसे बच्चे जिनका खाता खुल चुका है, उनके खाते में पोशाक हेतु राशि भेजी जा चुकी है। शेष के खाते में भी जल्दी पहुंच जाएगी राषि। बैठक के उपरांत बीपीओ ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान रसोई घर में बनाये जा रहे स्वच्छता पूर्वक भोजन को देखकर संतोष जाहिर किया और आवष्यक दिशा निर्देश माता समिति के सदस्यों को दिया। बच्चों के लिए तैयार भोजन के गुणवत्तापूर्ण की सराहना की।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की हुई मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई। जबकी एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना बीते देर रात्री की है, जहां दो मोटरसाइकिल सवार उडसू मोड़ के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसमें कामता निवासी संतोष भुइयां व अशोक भुइयां को गंभीर हालात में स्थानीय स्वास्थ केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान अशोक की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना शुक्रवार को हुई, जिसमें लरंगा निवासी संतोष उरांव 28 वर्ष की मौत ट्रक की चपेट में आने से हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष अपने घर लरंगा से कल्याणपुर जाने के दौरन अज्ञात कोल वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने टंडवा-रांची मुख्य पथ को मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर जाम कर दिया। सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच लोगों को समझाने का हर संभव प्रयास किया। लेकिन मांग पूरी होने तक डटे रहने की बातें कही। इधर ग्रामीणों के समर्थन में बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, प्रमुख रीना कुमारी, आजसू नेता मनोज चंद्रा, जगेश्वर दास, उप प्रमुख जितेंद्र सिंह जामस्थल पर पहुंचे थे।

# आरपीएफ पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 53 लोगों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** धनबाद आरपीएफ कमांडेंट के निर्देश पर शुक्रवार को विशेष छापामारी अभियान के तहत बरवाडी स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में चैकिंग अभियान चलाया गया. जिसमे 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया.। शुक्रवार की सुबह से आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में आरपीएफ पुलिस के जवानों द्वारा बरवाडीह रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सासाराम रांची एक्सप्रेस, शक्तिपुंज एक्सप्रेस, रांची चोपन एक्सप्रेस समेत सभी ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में आरपीएफ पुलिस ने जहां बरवाडी से गुजरने वाली एक्सप्रेस व सवारी गाड़ियों में महिला बोगी से अनाधिकृत रूप से सवारी कर रहे थे 40 लोगों को रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। वही दिव्यांग बोगी में सफर कर रहे 10 लोगों को रेलवे के विभिन्न एक्टों के साथ गिरफ्तार किया गया. पकड़े गए सभी लोगों को आरपीएफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत डाल्टेनगंज रेलवे दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जहां पर सभी लोगों को जुर्माने की राशि जमा करने पर रिहा किया गया इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि बरवाडीह रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेन में सवारी गाड़ियों में अनाधिकृत रूप से महिला बोगी व दिव्यांग बोगी में दूसरे वर्ग के लोग सफर करते हैं। जिसकी शिकायत मिलने पर या अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान नियमित रूप से चला कर इस तरह सफर करने वाले सभी लोगों का कुछ लगाया जाएगा।

# सांसद आदर्श पंचायत हुसीया में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव, ग्रामीण परेशान

हिमांशु सिंह



**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड के आदर्श पंचायत हुसीया मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। स्थिति ऐसी है कि पांच वर्षों से सांसद व आला अधिकारी केवल कागजों पर विकास की गाथा लिख रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित कोटे से आरक्षित आदर्श पंचायत हुसीया को चतरा के भाजपा सांसद डॉ. सुनील कुमार सिंह ने गोद लिया। पर आज तक आदर्श पंचायत में स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा एवं सड़क की सुविधाओं से महरूम हैं ग्रामीण। यहां तक की बुनियादी सुविधाओं में अबतक कोई बदलाव नही हुआ है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शौचालय निर्माण से भी सैकड़ों गरीब परिवार आजतक वंचीत हैं। जिसके कारण आज भी गरीबों को खुले में शौच करने को मजबुर होना पड रहा है। हुसीया पंचायत में हुसीया, पीपरा, सिंघरावां, हडाही, बम्हंडी, गणेशपुर महुवरी, पुरैनी, सरगांव व करकरा गांव शामिल हैं। करकरा एवं सरगांव पंचायत मुख्यालय से सड़क मार्ग से नहीं जुट सका है। पंचायत व प्रखंड कार्यालय पहुंचने के लिए ग्रामीणों को पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को चार किलोमीटर की जगह बीस किलोमीटर घुमकर पंचायत व प्रखंड कार्यालय जाना पड़ता है। नाम उजागर नहीं करने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि आदर्श पंचायत घोषणा करने के बाद से सांसद डॉ. सिंह केवल महुवरी गांव दर्जनों बार पहुंचे हैं और आश्वासन का लाभ मिला। खासकर महुवरी को भी अभीतक कोई लाभ नहीं मिल पाया है। आज भी महुवरी से पंचायत मुख्यालय लोग महानंदा तालाब के मेढ होकर पहुंचते हैं, जो विकास का आईना दिखा रहा है। पांच वर्ष बितने के बाद अब ग्रामीणों को आदर्श पंचायत में विकास देखना मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने के बराबर लगने लगा है।

### झामुमो के दो और पदाधिकारी आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

**लातेहार।** आप के जिला संयोजक परमेश्वर गंझू के नेतृत्व में आये दिन विभिन्न पार्टियों के लोग आप की विचारधारा से प्रभावित हो कर पार्टी से जुड़ रहे हैं। राजेश उरांव जो झामुमो के प्रखंड सचिव लातेहार और सुमेश भगत जो झामुमो के लातेहार प्रखंड उपाध्यक्ष थे, आज झामुमो की सदस्यता छोड़ कर आप के हो गए। दोनों पदाघिकारियों के साथ उनके कई समर्थक शामिल हुए। आप की सदस्यता लेने के बाद सुमेश भगत ने कहा की वो पार्टी में कार्यकताओं की उपेक्षा से तंग आ गए थे और की बार प्रयास करने के बाद भी प्रदेश नेतृत्व उदासीन बना रहा इसीलिए उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देकर आप में शामिल होने का निर्णय किया। मौके पर कुल ११२ लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली।

### येसुसंघ सहायक जनरल का संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ दौरा

# शिक्षा सशक्तिकरण का एक विशेष माध्यम है

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड।** इसी सिलसिले में येसु संघ के सहायक जनरल डॉ. फादर एमके जॉर्ज एवं फादर आर.सी. चाको पूर्व प्रोभिंशियल हजारीबाग का आगमन महुआडांड़ के संत जेवियर कॉलेज में हुआ। यहां कॉलेज के सभी विद्यार्थियों ने गर्मजोशी से सहायक जनरल का स्वागत पारंपारिक नृत्य संगीत से किया गया। सहायक जनरल ने कहा कि छेछाड़ी घाटी स्थित संत जेवियर कॉलेज सर्वोत्तम है। जो यहां के विद्यार्थियों के जीवन सजाने और संवारने का कार्य कर रहे हैं। शिक्षा सशक्तिकरण का एक माध्यम है। संत जेवियर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अवश्य पढ़े और समाज को अच्छा आचरण दें। अच्छे आचरण और व्यवहार से समाज का पहचान बढ़ाना है। शिक्षा एक ऐसा संसाधन है , जो इंसान को इंसान बनाता है। जिसे हम अधिक से अधिक दें सकते हैं। नैतिकता को आत्मसात करना भी शिक्षा का काम होता है।

फादर आरसी.चाको ने कहा कि ज्ञान से ही बुद्धि और कौशल को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर वह आए हैं यहां के लोगों का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्पद है अतः सभी को यहां से प्रेरणा अवश्य लेनी चाहिए। प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश ने कहा कि बेहतर शिक्षा से ज्ञान को बढ़ावा मिलना चाहिए, जिससे आदर्श नागरिक बनाया जा सके।

इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन तेजस्वी एक्का और अवनीत लकड़ा ने किया। भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने शानदार संथाली नृत्य प्रस्तुत किया । प्रो अक्वीना टोप्पो व नैंसी कुमारी सुंदर मंतव्य व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापन खीस्ति मुंजनी ने संपन्न किया। मौके पर सि. कैस्लिन, सि. चंद्रोदया, फा. साइमन मुर्मू,प्रो मैक्सेन्सियुस कुजूर, प्रो जाफर इकबाल, प्रो रोनित मार्सेल, प्रो अभय सुकुट डुंगडुंग, प्रो विउला भेंगरा, प्रो जॉन विनोद कुजूर, प्रो नेहा मिंज, प्रो कीर्ति मिंज आदि मौजूद थे।

### बिरहोरों का किया गया स्वास्थ्य जांच



**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड के जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर किया गया। शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर के द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें डॉ निरंजन कुमार, ड्रेसर बीरेंद्र दांगी व एएनएम संगीता कुमारी ने बिरहोरों का स्वास्थ्य जांच कर शर्दी, खांसी व जुकाम आदि की दवा जरुरत के अनुशार दिया। इस दौरान कई लोगों का मलेरिया की जांच किट के माध्यम से की गई। साथ ही स्वस्थ्य रहने के लिए साफ सफाई पर ध्यान देनी की बात कही गई।

### अगस्त माह का उपलब्ध कराया गया खाद्यान्न



**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यलय परिसर स्थित खाद्य आपूर्ति गोदाम में पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत अगस्त माह का खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। उक्त आशय की जानकारी गोदाम प्रबंधक उजवल कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि अगस्त माह का चावल, गेंहू व नमक गोदाम में उपलब्ध है। प्रखंड के सभी पीडीएस दुकान संचालक गोदाम से खधान्न उठाव कर समय राशन कार्डधारियों के बीच वितरण करें।


**पूर्व मध्य रेल**

**अधिसूचना**

**गाड़ियों का निरस्तीकरण/आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ/नियंत्रण/पुनर्निधारण**

रेलवे द्वारा बाड़ी ब्राह्मण/फिरोजपुर छावनी में सैटेलाइट फ्रेट टर्मिनल के विकास कार्य के मद्देनजर दिनांक 21.08.2022 से 13.09.2022 तक बाड़ी ब्राह्मण में होने वाले प्री–एनआई/एनआई कार्य के कारण निम्नलिखित गाड़ियों को निरस्त/आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ/नियंत्रण/पुनर्निधारण करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं:–

**(क) गाड़ियों का निरस्तीकरण**

(1) दिनांक 09.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12492 जम्मू तवी – बरौनी निरस्त रहेगी।

(2) दिनांक 11.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12491 बरौनी – जम्मू तवी निरस्त रहेगी।

(3) दिनांक 13.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 15098 जम्मू तवी – भागलपुर निरस्त रहेगी।

**(ख) गाड़ियों का आंशिक समापन**

(1) दिनांक 06.09.2022 एवं 10.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12355 पटना – जम्मू तवी का आंशिक समापन लुधियाना में होगा।

(2) दिनांक 10.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18309 सम्बलपुर– जम्मू तवी का आंशिक समापन अमृतसर में होगा।

(3) दिनांक 11.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18101 टाटानगर – जम्मू तवी का आंशिक समापन अमृतसर में होगा।

**(ग) गाड़ियों का आंशिक प्रारंभ**

(1) दिनांक 07.09.2022 एवं 11.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12356 जम्मू तवी – पटना का आंशिक प्रारंभ लुधियाना से होगा।

(2) दिनांक 13.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18310 जम्मू तवी – सम्बलपुर का आंशिक प्रारंभ अमृतसर से होगा।

(3) दिनांक 12.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 18102 जम्मू तवी – टाटानगर का आंशिक प्रारंभ अमृतसर से होगा।

**(घ) गाड़ियों का नियंत्रण**

(1) दिनांक 10.09.2022 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12331 हावड़ा – जम्मू तवी को उत्तर रेलव के क्षेत्राधिकार में 60 मिनट नियंत्रित होकर चलेगी।

**(ङ) गाड़ियों का पुनर्निधारण**

(1) दिनांक 11.09.2022 को कामाख्या से खुलने वाली गाड़ी सं. 15655 कामाख्या – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा 180 मिनट पुर्वनिर्धारित होकर खुलेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in / NTES APP

मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक/पूमरे./हाजीपुर

पीआर/00924/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/22–23/128


### बिल्किस बानो और इंद्र कुमार को इंसाफ देने की मांग को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

# भाजपा के लिए महिला सम्मान की बात बेमानी: अयुब

नवीन मेल संवाददाता




**चंदवा।** प्रखंड के कामता मे माकपा व झारखंड राज्य किसान सभा के कार्यकताओं ने बिल्किस बानो और राजस्थान के दलित छात्र ईन्द्र कुमार को इंसाफ देने और हत्यारे को सख्त सजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में गुजरात और राजस्थान सरकार मुदार्बाद, बलात्कारीयों और हत्यारों को शख्त सजा दो, सजा माफी कर रिहा होने वाले दरिंदों को पुनः जेल भेजो के नारे लगा रहे थे।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष सह माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने प्रदर्शन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात में 2002 में सांप्रदायिक हिंसा फैल गई थी और हजारों मुसलिम परिवार सुरक्षित स्थानों की तलाश में अपना घर छोड़कर जा रहे थे। इसमें से ही एक बिल्किस बानो का परिवार भी था लेकिन तभी बिलकीस बानो के परिवार पर भीड़ के द्वारा हमला कर दिया गया। भीड़ द्वारा गर्भवती बिल्किस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और उसके तीन साल के बच्चे समेत सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी।

बिलकीस ने अपने हक के लिए तमाम अदालतों से लेकर मानवाधिकार आयोग तक इंसाफ के लिए चक्कर लगाती रहीं। लंबी लड़ाई के बाद अभियुक्तों को बलात्कार और हत्या के जुर्म में शामिल होने का दोषी ठहराया गया, कोर्ट ने संगीन जुर्म मानते हुए ग्यारह अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। गुजरात सरकार की एक समिति ने दरिंदगी हत्या बलात्कार के 11 आरोपियों को सजा माफी दे दी। इससे ये दरिंदे 15 अगस्त को रिहा हो गए। उनकी रिहाई से पीड़ित परिवार को जान का खतरा और बढ़ गया है। ऐसे दरिंदो को सजा माफी नहीं दिए जाने चाहिए। भाजपा राज्य में हत्यारे बलात्कारी आजाद हैं और पिड़ित खौफ में जी रहे हैं। भाजपा के लिए महिला सम्मान की बात बेमानी है।

श्री खान ने आगे कहा कि राजस्थान के जालौर सायला मे निजी विद्यालय में अध्ययनरत दलित छात्र इंद्र कुमार की मौत शिक्षक के द्वारा पिटाई से हो गई उसका कसूर सिर्फ इतना था कि प्यास लगने पर उसने स्कूल में रखे शिक्षक के मटके से पानी पी लिया था, इससे गुस्से में आकर शिक्षक ने उसके साथ मारपीट की मारपीट से वह बुरी तरह घायल हो गया बाद में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बिल्किस बानो के गुनहगारों को पुनः जेल भेजने, दलित छात्र ईन्द्र कुमार की मुकदमे को फॉस्ट ट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल कर दोषी को जल्द सख्त सजा देने की मांग की गई है। प्रदर्शन में किसान सभा के जिला अध्यक्ष सह माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान, नईम खान, परवेज खान, नसीम खान, आलम खान, तबरेज खान, अंगरेज खान, अफसर खान, असरफूल खान, तहदील खान, फैज खान, मोबीन खान, बादशाह खान समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# न्यूज गैलरी

## बारिश के कारण क्षतिग्रस्त पुलिया को श्रमदान कर ग्रामीणों ने की मरम्मत



**कुरडेग।** पिछले दिनों हुए लगातार मूसलाधार बारिश के वजह से कई जगहों पर जनजीवन प्रभावित हो गई थी वही कई जगहों पर बारिश के कारण पुल पुलिया आज ध्वस्त हुए थे कुरडेग प्रखंड के डुमरडीह केंदूटोली से कोकड़ाछेरा जाने वाली मार्ग जहां पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क में बने पुलिया के पास मिट्टी कटाव होने की वजह से पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके बाद आवागमन में पूरी तरह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था बताया गया कि मिट्टी के कटाव की वजह से वहां पर लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसके बाद स्थानीय लोगों को समाज सेवी दिलीप साय के द्वारा पहल करते हुए एकजुट कर श्रमदान करते हुए मरम्मत करने का निर्णय लिया। जिसके बाद शुक्रवार को सभी लोग यहां पर बारिश के कारण मिट्टी के कटाव को पूरी तरह से भरकर को चलने लायक बनाया।

## बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला मुख्यपथ के बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार 27 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन भी होना तय है। इस कार्य मे सभी सनातनी धर्म समुदाय के लोगो का सहयोग मिल रहा है। सभी सनातनी राम भक्त, हनुमान भक्त अपनी क्षमता अनुसार मंदिर के वार्षिकोत्सव के लिए सहयोग राशि दे रहे है। सुबह 10 बजे से पूजा शुरू होगी। वही दोपहर के दो बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण होगा। बता दें कि हर वर्ष प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उक्त जानकारी मंदिर कमिटी के सदस्यों ने दी है।

## सीजेएम की अदालत ने चोरी के मामले में दो लोगों को सुनाई सजा

**सिमडेगा।** सीजेएम आनंद मणि त्रिपाठी की अदालत ने शुक्रवार को चोरी के मामले में दो आरोपियों को सजा सुनाई है। इस मामले में पाकरटांड थाना कांड संख्या 05/19 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि आरोपी अनिल प्रसाद एवं सोनू केरकेट्टा को 1-1वर्ष सजा एवं 5-5 हजार जुमार्ना सुनाई है। गौरतलब हो 01 अप्रैल 19 में कैरबेडा करमटोली गाँव मे सोलर प्लेट की चोरी हुई थी। इस मामले में थाना में मामला दर्ज हुआ था बाद में पुलिस ने अनुसंधान करते हुए अनिल प्रसाद के घर से चोरी हुए सोलर प्लेट बरामद किए थे इसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था इधर अभियोजन पक्ष में पीपी के द्वारा साक्ष एवं एवं दलीलें पेश की गई।

## 22 वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 09 सितंबर से

**लोहरदगा।** जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में आगामी 9 से 11 सितंबर 2022 तक 22 वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एक बैठक कुडू स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल में रखी गई इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 22 वा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से आ रही ताइक्वांडो खिलाड़ियों का स्वागत कैसे किया जाए एवं खेल का सफल आयोजन हो सके इस बैठक में जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी राजेश महतो, पारस साहू, डीपीएस के डायरेक्टर ज्ञानगंगा एवं आनंदित जी, अमृत, उज्जवल एक्का, जिला कोच नितेश साहू, अरविंद यादव, नीरा कुमारी, दीपक गोप, विकास लोहरा एवं जिला ताइक्वांडो मिशन के महासचिव अजय कुमार महतो और रूपा कुमारी, काव्या कुमारी, अनन्या, सृष्टि आदि मौजूद थे।

## प्रांतीय प्रश्न मंच के लिए हुआ इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का चयन



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को वंदना सभा में प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के 12 विद्यार्थियों का चयन गुमला में संपन्न विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने सभी को उपहार और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों की प्रेरक शिक्षिका रश्मि साहू को भी सम्मानित किया गया। प्रश्न मंच के लिए विज्ञान विषय में अशीर्ता कुमारी, प्रीति कुमारी भगत और लौलीन कच्छप, वैदिक गणित विषय में सत्यम यादव, आयुष कुमार गंझू और अनुराग भगत, संस्कृति बोध परियोजना में सुमित उरांव, भानवी शौर्या और निकिता कुमारी, अंग्रेजी में सुषमा अभिषेक लकड़ा, नेहा कुमारी और रोशनी उरांव तथा विज्ञान पत्र वाचन में आदित्य राज का चयन प्रांतीय प्रश्न मंच के लिए हुआ है। प्रांतीय प्रश्न मंच अलग-अलग विषयों में दो अलग-अलग स्थानों पर सितंबर माह में होनी है।

## सेन्हा में बारिश के बाद भरभराकर गिरा कच्चा मकान

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अरु मेन रोड में श्रीकान्त साहू पिता मुनीलाल साहू का कच्चा मकान बारिश के बाद गुरुवार रात्रि को गिर गया। जिससे श्रीकान्त साहू को परिवार के साथ रहने में काफी समस्या हो रही है। उसी घर मे किराये का मकान लेकर अरू निवासी आनंद राम वेल्डिंग का कार्य करता था को जिसे नुकसान हुआ है। घर गिरने से जनरेटर मशीन और खाना बनाने का बर्तन दब गया। जिससे आनंद राम को लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आनंद राम 2015 से रेंट मे रहकर दुकान चला कर अपना परिवार चला रहा था। रात्रि 10 बजे गिरने का अवाज सुन कर अपने परिवार को दुसरे घर भेजा किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। वही पीड़ित श्रीकान्त साहू आधे घर को किराया में दे कर और ठेला में फास्ट फूड का समान बेच कर परिवार का भरण पोषण करता है।

डीसी की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय, लोहरदगा के विद्यालय प्रबंधन समिति की हुई बैठक, कहा

# विद्यालय में शिक्षक या कर्मियों के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरा जाये

■ विद्यालय परिसर में ज्रेडा के माध्यम से सोलर हाई मास्ट लैम्प लगाये जाने की स्वीकृति




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय, लोहरदगा के विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या ममता तिर्की द्वारा विद्यालय में छात्र-छात्राओं की कुल क्षमता, विद्यालय में कुल स्वीकृत पद के आलोक में नियुक्त शिक्षक व अन्य कर्मी समेत अन्य जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि जब भी विद्यालय में नामांकन की सूचना प्रकाशित की जाती है तो उसकी सूचना जिला स्तरीय पदाधिकारियों को भी विद्यालय की ओर से दी जाय। विद्यालय में जो भी रिक्त पद शिक्षक या कर्मियों के हैं उन्हें जल्द से जल्द भरा जाय। संविदा पर शिक्षक व कर्मी रखे जायें। अंचल अधिकारी, सेन्हा को अगले चार दिनों के अंदर केंद्रीय विद्यालय, लोहरदगा (बरही, सेन्हा) में पेयजलापूर्ति की समस्या को दूर किया जाय और कार्य पूर्ण होने का प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में समर्पित किया जाय। डीप बोरिंग के लिए जमीन की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन को किये जाने का निदेश दिया गया। विद्यालय के मुख्य गेट के समीप वाहनों की गति कम करने के लिए अंचल अधिकारी, सेन्हा को स्लाइडिंग बैरिकेटिंग लगाने, सिग्नल इंडीकेटर लगवाने का निदेश दिया गया। साथ ही, राष्ट्रीय उच्च पथ से समन्वय स्थापित कर मुख्य गेट के समीप रबर रंबल स्पीड ब्रेकर लगाये जाने का निदेश दिया गया।

विद्यालय परिसर में ज्रेडा के माध्यम से सोलर हाई मास्ट लैम्प लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। विद्यालय में इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर का कनेक्शन (स्पीड 1 जीबीपीएस/सेकेंड), जेनरेटर, ऑफिस के लिए इन्वर्टर, फोटो कॉपियर मशीन, चार हाउस बोर्ड, 05 अलमीरा, 03 ट्रंक, 05 सीसीटीवी और 04 स्टाफ रूम टेबल की खरीद करने की स्वीकृति प्रदान की गई। विद्यालय में इंटरमीडिए के तीनों संकाय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के विगत वर्ष के आय-व्यय की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, अंचल अधिकारी विजय कुमार, डीडीएमओ विभाकर कुमार, विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षक प्रतिनिधि राखी नूतन उरांव, अभिभावक प्रतिनिधि बिरजमणि उरांव व सुजीत उरांव, सदस्य अरूण राम व विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग 50,000 लागत की लकड़ी व पिकप किया बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** वन विभाग सिमडेगा लगातार लकड़ी तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है लेकिन इसके बावजूद लकड़ी तस्करों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में चोरी-छिपे धड़ल्ले से वनों की कटाई कर उसे औने पौने दामों पर लकड़ी तस्कर बेच रहे हैं और जंगलों का नाश हो रहा है। शुक्रवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग सिमडेगा के द्वारा बेसराजारा के समीप अवैध लकड़ी पिकअप के साथ बरामद किया है। जानकारी देते हुए शुक्रवार को वन क्षेत्र पदाधिकारी शंभू शरण चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई जलडेगा वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी की कटाई कर सिमडेगा वन क्षेत्र से होते हुए लकड़ी तस्कर द्वारा उसे बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग टीम बनाकर छापेमारी अभियान चलाया इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाते हुए चालक एवं खलासी बेसराजारा के समीप गाड़ी छोड़कर फरार हो गए एवं कुछ लकड़ी गड्ढे में डाल दिया था। जिसे बरामद कर लिया है, वहीं पिकप सीजी 04 एलएल 3652 को भी जब्त किया है। वहीं उन्होंने बताया कि इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है और छानबीन की जा रही है। गौरतलब है पिछले चार जनवरी को लकड़ी चोरी का आरोप लगाकर बेसराजारा गांव में संजू प्रधान नामक व्यक्ति को गांव के लोगों ने पीट पीटकर उसे जिंदा जला दिया था। इस मामले में 13 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद कुछ दिनों तक लकड़ी की तस्करी रुकी थी लेकिन एक बार फिर से लकड़ी तस्कर सक्रिय होकर जंगलों को काट रहे हैं।

## केरल जाने के दौरान विजयवाड़ा के समीप ट्रेन से गिरकर सिमडेगा का युवक घायल

**सिमडेगा।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघडेगा निवासी 27 वर्षीय मुकेश महतो केरल काम करने जाने के दौरान विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल को वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा अस्पताल भर्ती कराया जिसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी।परिजनों द्वारा उसे सिमडेगा लाया जिसके बाद शुक्रवार को सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना के बारे में उसकी पत्नी ने बताया कि वह अपने ससुर के साथ काम करने के लिए केरल जा रहे थे इसी दौरान विजयवाड़ा के पास के ही अचानक पैर फिसलने से वह ट्रेन के गेट से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों को जब उसकी नजर पड़ी तो उन्होंने रेलवे पुलिस की मदद से उसे नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर उसे इलाज किया गया जिसके बाद परिवार वाले उसे सिमडेगा लाये। बताया गया कि घटना के कारण उसके पैर कमर तथा माथे में गंभीर चोट आई है।

## किस्को के अम्बा टोली में गरीब का गिरा आशियाना, सिर छिपाने की सता रही है चिंता



■ बीते दिनों हुए जोरदार आंधी और बारिश से किस्को के अम्बा टोली में गरीब का आशियाना ऊजड़ गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के ग्राम अंबाटोली में बीते दिनों लगातार हुए चार दिनों तक जोरदार बारिश और आंधी तूफान के वजह से एक गरीब परिवार का आशियाना को आंधी तूफान और बारिश ने ध्वस्त कर डाला। इधर भुक्तभोगी अजय उरांव अपने बाल-बच्चों के साथ छोटे से मकान में रहकर किसी तरह अपना जीविकोपार्जन चला रहा था। ऐसे में भुक्तभोगी अजय उरांव का घर गिर जाने से परिवार वालों के समक्ष सिर छिपाने की चिंता सताने लगी है। इस संदर्भ में भुक्तभोगी अजय उरांव का कहना है कि घर गिर जाने से अब रहने का ठिकाना मयस्सर नहीं रह गया। यदि प्रशासन सहयोग करे तो घर का निर्माण कार्य कराकर सुरक्षित अपने बाल-बच्चों और परिवार वालों के साथ जीवन-यापन कर गुजर बसर किया जा सकता है। बता दें कि बीते दिनों किस्को प्रखंड क्षेत्र में आंधी तूफान और जोरदार पानी के वजह से क्षेत्र के गरीब असहाय परिवार वालों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। हालांकि अंचल प्रशासन की ओर से क्षेत्र में गिरे घर मकान की सूची एकत्रित कर आपदा के तहत आर्थिक सहयोग पहुंचाने हेतु सकारात्मक पहल किये जाने की बात अंचल अधिकारी बुडाय़ं सारू के द्वारा कही गई है।

16 पंचायतों के मुखिया की बैठक का आयोजन

## बानो मुखिया संघ के अध्यक्ष बने बिश्वनाथ बड़ाईक और सचिव अनिल लुगुन

■ बैठक में बानो को अनुमंडल बनाने पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो पंचायत भवन सभागार में प्रखंड के सभी 16 पंचायतो के मुखिया की बैठक का आयोजन बिश्वनाथ बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई। बिश्वनाथ बड़ाईक ने कहा कि इस बार जितने भी मुखिया चुनकर आये है वे सभी गरीब किसान के घर से तालुक रखते है इस बार चुनाव में पैसे का काम नही किया। प्रखंड की जनता का विश्वास हम लोगो पर था। इस लिए उनके लिए काम करना है। उन्होंने ने कहा कि बानो को अनुमंडल बनाने के लिए उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन दिया गया था, लेकिन उपेक्षा के कारण यह कार्य नही हो सका अब हम लोगो को बानो को अनुमण्डल बनाने की मांग को तेज करना होगा जिससे बानो अनुमंडल बन सके इसके लिये मिलकर जनप्रतिनिधि संघर्ष करेंगे। जमताई पंचायत के मुखिया नामजन जोजो ने कहा कि आये दिन जन प्रतिनिधियो पर आरोप लगते रहता है हमे लोग विकाश के मुद्दे पराजित दिए है। लोगो की भावना समझ कर कार्य करना है। गलत आरोप से निपटने के लिए मजबूत संघ की जरूरत है। जिससे 5 साल का कार्यकाल हम सबके नेतृत्व में अच्छी तरह से सम्पन्न हो सके।

**मुखिया संघ का गठन :** बानो मुखिया संघ का अध्यक्ष व बानो मुखिया बिश्वनाथ बड़ाईक को, सचिव बड़का डुईल मुखिया अनिल लुगुन, कोषाध्यक्ष कनारोया मुखिया मिन्सी लीना तिर्की, मीडया प्रभारी पबुड़ा मुखिया आलोक बारला एवं संघ के संरक्षक के रूप में जमताई मुखिया नामजन जोजो का चयन किया गया। कार्यक्रम में अजय डांग, लूथर भुइया, सोमा पहान मिन्सी लीना तिर्की, सीता कुमारी, प्रीति बूढ़, कृपा हेमरोम, लॉरेंस बागे, अनिता डांग, हेलेन कण्डुलना, आलोक बारला सहित सभी पंचायतो के मुखिया उपस्थित थे।

## दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल व आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा के अधिकारियों ने की एक बैठक

रेलवे अधिकारियों ने ग्रामीणों को रेलवे के नियम की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** रेल फाटक व रेल लाइनों पर बढ़ते हादसों के मद्देनजर शुक्रवार को लोहरदगा टोरी रेल खंड के नजदीकी ग्राम जरियो के ग्रामीणों के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल व आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा के अधिकारीयों ने एक बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सब इंस्पेक्टर रंजीत राय, हेमंत कुमार, आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा के हवलदार आफताब हुसैन, प्रधान महिला आरक्षी प्रतिमा कुमारी, एसपी कीड़ो आरक्षी सचिन, किशोर धान उलस्थित हुए। अधिकारीयों द्वारा ग्रामीणों को रेलवे के नियमो का पालन करने रेलगाड़ी के फर्श पर या गेट के पास नहीं बैठने की बात कही गयी। वहीं रेल फाटक पार करने की जानकारी देते हुए अधिकारीयों ने बताया कि रेलवे फाटक के पास पहुंचने पर गाड़ी में चलने वाले डेक, टेप की आवाज को कम या बंद कर दें एवं मोबाइल फोन को फाटक पार करने से पहले या बाद में सुने, इंजन की आवाज सुनने के बाद मानवरहित रेल फाटक पार न करने की हिदायत दी। इसके अलावा कई नियमो की जानकारियां दी एवं सावधानियां बताईं। एवं नियम का पालन नहीं करने वालों और रेलवे को नुकसान पहुंचाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। सब इन्स्पेक्टर रंजीत राय ने कहा कि रेलवे एवं रेलगाड़ी में किसी तरह की कोई परेशानी हो तो 139 नंबर में कॉल करना चाहिए। जिससे तुरंत रेलवे विभाग सहायता करेगा। मौके पर जैनुल अंसारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्या मंदिर स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा/गुमला।** विद्या मंदिर गुमला में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। लोहरदगा संकुल से विजयी होकर विभाग में लोहरदगा विद्या मंदिर के भैया बहन विभाग स्तरीय प्रश्न मंच में शामिल होने गुमला विद्या मंदिर पहुंचे। वहां पर सात विषयों में प्रतियोगिता निर्धारित थी। सभी में यहां के भैया बहनों ने भाग लिया और अपनी शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का विषय परिणाम इस प्रकार रहा-बाल वर्ग में वैदिक गणित एवं विज्ञान पत्र वाचन में प्रथम तथा विज्ञान, अंग्रेजी एवं संगणक में अपने विद्यालय का द्वितीय स्थान रहा। किशोर वर्ग में विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान पत्र वाचन में प्रथम एवं वैदिक गणित, संस्कृति बोध एवं अंग्रेजी, संगणक में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में विज्ञान में हर्षित राज, अमीत कु ठाकुर, आयुषी सिंह, सृष्टी कुमारी, वैदिक गणित में शौर्यम राज, अमर उरांव, नैन्सी कुमारी, संस्कृति बोध परियोजना में रिषभ डे, सौशत कु. विश्वकर्मा, गुण पाण्डेय, अंग्रेजी में आयुष कुमार, लक्ष्मी गौतम, रितिका कुमारी, धानी कुमारी, आर्या राज, तनुष्का राज, संगणक में अनन्या आर्य, आयुषी सिंह, अभिनव आर्यन एक्का, समृद्धी सिन्हा, अभिग्या सोनी, पीयूष सोनी, पत्र वाचन मुस्कान वर्मा, अन्वेषा मुखर्जी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के सभी विषयों के संबंधित आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन में भैया बहनों ने अपने विषय की तैयारी की एवं विभाग में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने इस उपलब्धि के लिए आचार्यों की लगन, तत्परता एवं समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की, साथ ही सफल भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए आगामी प्रांतीय प्रतियोगिता में भी सराहनीय उपलब्धि प्राप्त करने के लिए शुभकामना दी। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ,सचिव,कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य, आचार्य एवं भैया बहनों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## लकड़ी काटने के दौरान व्यक्ति ने खुद का काटा पैर, घायल अवस्था में कराया भर्ती



**केरसई।** केरसई के बाघडेगा निवासी 38 वर्षीय जतरु महतो नामक व्यक्ति लकड़ी काटने के दौरान जंगल में खूद के पैर को काट लिया जिसके बाद गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घटब के बारे में परिवार के लोगों ने बताया कि वह सुबह घर से जंगल लकड़ी लाने के लिए निकला और जंगल में लकड़ी काटने के दौरान गलती से अपने पैर पर कुल्हाड़ी चला दिया जिसके बाद पैर के निचले हिस्से में गंभीर चोट लगी। इधर सदर अस्पताल से सिमडेगा में लाने के बाद उसे इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां उसकी इलाज चल रही है।

नवनिर्मित कस्तूरबा मॉडल उच्च विद्यालय का शिक्षा मंत्री व वित्तमंत्री ने किया संयुक्त रूप से उद्घाटन

# विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा प्रदान की जायेगी : जगरनाथ महतो





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नवनिर्मित कस्तूरबा मॉडल उच्च विद्यालय का उद्घाटन शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो एवं लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। मंत्री जगन्नाथ महतो एवं मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने फीता काटकर नवनिर्मित मॉडल स्कूल का उद्घाटन किया। मौके पर शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो ने कहा कि झारखंड सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी संबंध में जिले के 3 विद्यालयों को मॉडल विद्यालय में तब्दील कर लोहरदगा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में ले जाने का काम झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है। इन विद्यालयों के विकसित होने पर जिले के विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिससे जिले के गरीब तबके के लोग प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे। झारखंड सरकार इसी दिशा में लगातार कार्यरत है। वहीं लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जिले के सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए झारखंड सरकार लगातार प्रयास में है। इसी संबंध में आज लोहरदगा के उत्कृष्ट विद्यालय प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो द्वारा किया गया। उन्होंने बताया के शिक्षा के क्षेत्र में सरकार हर संभव प्रयास में लगी हुई है। जिले में 3 स्कूलों को मॉडल स्कूल में तब्दील हो जाने पर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा और हमारे क्षेत्र के विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा प्रदान कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिलने की दिशा में काम लगातार कर रही है। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास, डीएसई अरूपा पाल चौधरी, नगर परिषद सिटी मैनेजर विजय कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे।

## अवैध शराब के विरूद्ध सिमडेगा पुलिस ने किया छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** एसपी सिमडेगा के निर्देश पर शुक्रवार को सिमडेगा थाना के सअनि राम बच्चन सिंह एवं प्रमोद कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सांयपूर में सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए अवैध देशी शराब, जावा महुआ, शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया गया।पुलिस को गांव में आता देख अवैध शराब कारोबारी घर छोड़ भाग गए। घर में उपस्थित महिलाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि देशी शराब का कारोबार पूरी तरह से छोड़ दें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने अवैध शराब कारोबारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि भविष्य में ऐसी हरकत करते हुए पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में सिमडेगा थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### होंडा ने लांच की नयी शाईन सेलिब्रेशन संस्करण मोटरसाइकिल

**नयी दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइ एंड स्कूटर इंडिया ने त्योहारी सीजन की शुरूआत नयी शाईन सेलिब्रेशन संस्करण की मोटरसाइकिल के साथ ही है जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 78878 रुपये हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नयी शाईन गुणवत्ता एवं परफोर्मेन्स के साथ 125 सीसी एक्जक्टिव सेगमेन्ट में मजबूती से पैर जमाए हुए है। नए अवतार में उपभोक्ताओं को फिर से संतोषजनक अनुभव प्रदान करते हुए नई शाईन सेलेब्रेशन एडीशन का लॉन्च किया गया है। कंपनी ने कहा कि देश में आगामी त्योहारों के मद्देनजर, एचएमएसआई विभिन्न क्षेत्रों में अपने उपभोक्ताओं के इस उत्साह को बढ़ाना चाहती है। सबसे आकर्षक एक्जक्टिव मोटरसाइकिल के रूप में शाईन लाखों भारतीयों को दोपहिया वाहन का बेजोड़ अनुभव प्रदान कर रही है।


### जियो बीपी ने मिलाया हीरो इलेक्ट्रिक से हाथ

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और यूके की दिग्गज ऊर्जा कंपनी बीपी के बीच संयुक्त उपक्रम जियो–बीपी ने भारत में टू व्हीलर वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और बैटरी स्वैपिंग को बढ़ावा देने के लिए हीरो इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत हीरो इलेक्ट्रिक के ग्राहकों को जियो बीपी के चार्जिंग और स्वैपिंग नेटवर्क तक पहुंच मिलने की उम्मीद है, जो अन्य वाहनों के लिए भी खुला रहेगा। हीरो इलेक्ट्रिक और जियो–बीपी ऐप के माध्यम से ग्राहक समीप के चार्जिंग स्टेशन को आसानी से ढूंढ सकेंगे।

### भारत–ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौता होने से सेवा निर्यात को बढ़ावा मिलेगा : एसईपीसी

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के अमल में आने से देश के सेवा निर्यात विशेषकर कानूनी, लेखा और लेखा परीक्षण क्षेत्र की सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) ने शुक्रवार को यह कहा। एसईपीसी के अध्यक्ष सुनील एच तलाती ने बताया कि ब्रिटेन के बाजारों में चिकित्सा प्रतिलिपी (मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन), कानूनी, लेखा और लेखा परीक्षण जैसे घरेलू सेवा क्षेत्रों में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, हमारी सेवाओं के निर्यात के लिए ब्रिटेन में खासी संभावनाएं हैं। इस समझौते से सेवा निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।" भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते पर चर्चा इस महीने के अंत तक पूरी हो जाने की उम्मीद है। इस समझौते को विचारों के आदान–प्रदान के कुछ समय बाद लागू किया जाएगा। तलाती ने कहा कि निर्यात में अच्छी वृद्धि को देखते हुए परिषद को ऐसी उम्मीद है कि 2022–23 के लिए तय 300 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा।

# सीबीडीटी कर चोरी रोकने के लिए नए क्षेत्रों में करेगा प्रवेश, अध्यक्ष ने बताया प्लान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा कि आयकर विभाग कर चोरी पर लगाम लगाने के लिए अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्रों में दस्तक दे रहा है और विदेशों में संपत्तियां रखने वाले भारतीयों के बारे में आंकड़ों के विश्लेषण का तरीका अपना रहा है। आयकर विभाग का नियंत्रक संगठन सीबीडीटी कर चोरी की घटनाएं रोकने के लिए देश भर में तलाशी अभियान और संदिग्ध संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई चलाता है। इसके अलावा वह प्रत्यक्ष कर श्रेणी के तहत सरकार के लिए राजस्व का संग्रह भी करता है। सीबीडीटी के चेयरमैन ने एक परिचर्चा के दौरान कहा कि अब अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्रों को भी निगरानी की जद में लाया गया है। उन्होंने कहा, हम खुद को सिर्फ रियल एस्टेट या डेवलपरों तक ही सीमित नहीं रख रहे हैं। अब हम अर्थव्यवस्था के नए इलाकों एवं नए क्षेत्रों तक दस्तक दे रहे हैं। इनमें परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनियां, गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़ी गतिविधियां भी शामिल हैं।₹ कर चोरी की नई प्रवृत्तियों के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, ₹मैं यह कह सकता हूं कि हमारा फलक काफी विस्तृत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को विभिन्न देशों से साझा रिपोर्टिंग मानकों (सीआरएस) और विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (एफएटीसीए) के जरिये भारतीय नागरिकों की विदेशी परिसंपत्तियों के आंकड़े बड़े पैमाने पर मिल रहे हैं। सीआरएस वित्तीय खाता सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान की एक वैश्विक मानक प्रणाली है जबकि एफएटीसीए भारत एवं अमेरिका के बीच कर सूचनाओं का ब्योरा देने वाली व्यवस्था है। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, ₹हमें पनामा, पैराडाइज और पंडोरा पेपर्स के जरिये तमाम सूचनाएं मिली हैं और इन्हें सीआरएस एवं एफएटीसीए के साथ जोड़कर हम अपना आधार व्यापक बना रहे हैं।₹ गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2019 तक मिली इन सूचनाओं की पड़ताल आयकर विभाग की जांच इकाई कर रही है। इसके लिए आंकड़ों का विश्लेषण और जोखिम विश्लेषण का किया जा रहा है ताकि कार्रवाई के लायक मामलों को चिह्नित किया जा सके।

### मालामाल करने वाली टाटा ग्रुप की टाटा टेलीसर्विसेज लि. कंपनी अब करने लगी है निवेशकों को कंगाल




**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एक कंपनी का शेयर पिछले 52 हफ्तों में 33.05 रुपये का लो से 290.15 रुपये के हाई तक जा चुका है, लेकिन अब यह 93.20 रुपये पर मिल रहा है। हम बात कर रहे हैं टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज लि. की। 11 जनवरी 2022 को जब यह स्टॉक अपने उच्च स्तर पर था तो यह अपने उन निवेशकों को मालामाल कर गया, जो इसे बेचकर निकल लिए। इस साल अब तक इसने 54.21 फीसद का निगेटिव रिटर्न दिया है। शुक्रवार दोपहर तक यह 93.20 रुपये पर कारोबार कर रहा था। उस समय तक इसमें करीब 6 फीसद की गिरावट आ चुकी थी। इसके बावजूद टीटीएमएल पिछले 3 साल में इसने 3637 फीसद का रिटर्न दिया है। अगर एक साल की बात करें तो इसका रिटर्न 481 फीसद से घटकर 178 फीसद पर आ गया है, लेकिन जिन्होंने इस स्टॉक में 1 महीने पहले पैसा लगाया है, उनका पैसे में 12 फीसद से अधिक का नुकसान हुआ है। बता दें 11 जनवरी को टीटीएमएल का शेयर अपने ऑल टाइम हाई 290.15 रुपये पर बंद हुआ था। 24 अगस्त 2021 को यह स्टॉक 33.05 रुपये पर आ गया था। टीटीएमएल, टाटा टेलीसर्विसेज की सब्सिडियरी कंपनी है। यह कंपनी अपने सेगमेंट में मार्केट लीडर है। कंपनी वॉइस, डेटा सर्विसेज देती है। कंपनी के ग्राहकों की लिस्ट में कई बड़े नाम है। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक बीते महीने कंपनी ने स्मार्ट इंटरनेट बेस्ड सर्विस कंपनियों के लिए शुरू की है।

### एयर इंडिया के कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर, अगले महीने से बढ़कर मिलेगी सैलरी



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी की वजह से कर्मचारियों के वेतन में जो कटौती की जा रही थी वह अब एक सितंबर से बंद कर दी जाएगी। इससे एयरलाइन के कर्मचारियों को महामारी से पहले तक जो वेतन मिलता था अब वही वेतन उन्हें एक सितंबर से मिलने लगेगा। टाटा समूह ने इस वर्ष जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया। एयरलाइन ने एक सितंबर से क्रू सदस्यों के भत्तों और भोजन व्यवस्था में संशोधन करने का भी निर्णय किया है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि एयरलाइन सभी कर्मचारियों के वेतन में की जा रही कटौती एक सितंबर 2022 से बंद कर देगी। उन्होंने कहा कि लाभप्रदता के लिए एयरलाइन को अभी बहुत कुछ करना होगा। कोविड-19 से बुरी तरह प्रभावित एयरलाइन उद्योग को लागत कम करने के लिए वेतन कटौती समेत कई कदम उठाने पड़े थे।


## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

38वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू (पार्ट–02)

दिनांक–14.06.2022

विवरण :–चाईबासा (मु0) थाना काण्ड संख्या–63/89 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 2000 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची तथा शपथ पत्र में नाम के आधार पर।

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| 36 | 1. आवेदन क्र0–257 2. नाम–शम्भू कुमार मेहता<br>3. पिता का नाम–राजकुमार महतो 4. ग्राम–बनुआँ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही, आयु–48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 37 | 1. आवेदन क्र0–258 2. नाम–विन्देष्वरी मेहता<br>3. पिता का नाम–स्व0 धनी मेहता 4. ग्राम–बनुआँ पो0–सागबारथाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह– बायें पैर में लहसन का निषान आयु– 52 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 38 | 1. आवेदन क्र0–259 2. नाम–बालकेष महतो<br>3. पिता का नाम–स्व0 अयोध्या महतो 4. ग्राम–बनुआँ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह– बायें गर्दन में तिल का निषान आयु–56 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 39 | 1. आवेदन क्र0–260 2. नाम–बिगन महतो<br>3. पिता का नाम–स्व0 धनी महतो 4. ग्राम–बनुआँ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह– दायेग पैर में कटे का निषान आयु–56 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 40 | 1. आवेदन क्र0–261 2. नाम–अखलेष यादव<br>3. पिता का नाम–लखन यादव 4. ग्राम–मुन्दरिया पो0–बसौरा थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाये आंख पर कटे का निषान आयु–54 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 41 | 1. आवेदन क्र0–262 2. नाम–षषिकान्त विष्वकर्मा (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता का नाम–स्व0 बचन विष्वकर्मा (मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–दारूडीह पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–39 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पुत्र) |
| 42 | 1. आवेदन क्र0–263 2. नाम–सुदेष्वर सिंह<br>3. पिता का नाम–शेखनाथ सिंह 4. ग्राम–हरतुआ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही, आयु– 49 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 43 | 1. आवेदन क्र0–264 2. नाम–राम जतन राम<br>3. पिता का नाम–स्व0 भीखू महरा 4. ग्राम–रहतुआ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाये हाथ में तिल का निषान आयु–55 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 44 | 1. आवेदन क्र0–265 2. नाम–सुरेन्द्र कुमार पासवान<br>3. पिता का नाम–चन्दिका पासवान 4. ग्राम–आमवा पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–बाये कंधे पर तिल का निषान आयु–49 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 45 | 1. आवेदन क्र0–266 2. नाम–शंकर मोची<br>3. पिता का नाम–गुरधन मोची 4. ग्राम–खैराट पो0–गुरूआ थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु– 52 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 46 | 1. आवेदन क्र0–267 2. नाम–कलावती देवी<br>3. पति का नाम–शंकर मोची 4. ग्राम–खैराट पो0–गुरूआ थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु– 48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 47 | 1. आवेदन क्र0–268 2. नाम–विष्वनाथ राम<br>3. पिता का नाम–नबालीक भुईया 4. ग्राम–सागबार पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–49 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 48 | 1. आवेदन क्र0–269 2. नाम–रविन्द कुमार सिंह (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता का नाम–स्व0 खेलु सिंह (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–कुन्डेलवा पो0–झाबर थाना–मेदनीनगर प्रखण्ड–मेदिनीनगर 5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–42 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पुत्र) |
| 49 | 1. आवेदन क्र0–270 2. नाम–सुनील कुमार मेहता<br>3. पिता का नाम–जगदीष मेहता 4. ग्राम–नावाडीह पो0–नावाडीह थाना–पाटन प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु– 48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 50 | 1. आवेदन क्र0–271 2. नाम–त्तिकवम महतो<br>3. पिता का नाम–कैलाष महतो 4. ग्राम–मेराल थाना–पाटन प्रखण्ड–पाटन<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु– 49 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 51 | 1. आवेदन क्र0–272 2. नाम–कमला देवी<br>3. पति का नाम–अरूण कुमार मेहता 4. ग्राम–लोहरा पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–ललाट पर दाग, आयु– 49 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 52 | 1. आवेदन क्र0–273 2. नाम–जितेन्द्र महतो (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता का नाम–स्व0 बसंत महतो (मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–कन्डा पो0–कन्डा थाना–नावा बजार प्रखण्ड–नावाबजार<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु– 40 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पुत्र) |
| 53 | 1. आवेदन क्र0–274 2. नाम–मोहन महतो (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता का नाम–स्व0 कैलास महतो (मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–सागबार पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु– 45 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पुत्र) |
| 54 | 1. आवेदन क्र0–275 2. नाम–राजेन्द्र महतो<br>3. पिता का नाम–स्व0 राम बिलास महतो 4. ग्राम–खनवा पो0–रजवाडीह थाना–मेदिनीनगर प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह– ललाट पर कटे का निषान आयु–48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 55 | 1. आवेदन क्र0–276 2. नाम–राजेष्वर मिस्त्री<br>3. पिता का नाम–स्व0 ब्रहदेव मिस्त्री 4. ग्राम–चक पो0–धनगांव थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु– 72 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 56 | 1. आवेदन क्र0–277 2. नाम–कलावती देवी<br>3. पति का नाम–स्व0 अम्बिका राम 4. ग्राम–नावाडीह तेनार, पो0–डबरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला, पहचान चिन्ह– ललाट पर कटे का निषान आयु– 71 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 57 | 1. आवेदन क्र0–278 2. नाम–विन्देष्वरी महतो<br>3. पिता का नाम–स्व0 धनी महतो 4. ग्राम–बनुआँ, पो0–सागबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष, पहचान चिन्ह– बायें पैर में लहसन का निषान आयु– 57 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 58 | 1. आवेदन क्र0–279 2. नाम–गिरजा देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–स्व0 रामरतन कुमार मेहता (मूल आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–लोहरा, पो0–सागबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला, पहचान चिन्ह– ललाट पर जले का निषान, आयु– 49 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 59 | 1. आवेदन क्र0–280 2. नाम–बिगन महतो<br>3. पिता का नाम–स्व0 धनी महतो 4. ग्राम–बनुआ, पो0–सागबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निषान, आयु– 52 वर्ष | कंडिका–2(ix) |

**नोट :–**
**1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।**
**2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।**
**3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।**
**4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाषित किया जायेगा।**

(संगीता कुमारी)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेष्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 276449 Home(22-23)D



## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

38वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू (पार्ट–01)
दिनांक–14.06.2022

विवरण :–चाईबासा (मु0) थाना काण्ड संख्या–63/89 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 2000 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची तथा शपथ पत्र में नाम के आधार पर।

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| 1 | 1. आवेदन क्र0–2361 2. नाम–देवराज शर्मा<br>3. पिता–स्व0 नागेश्वर शर्मा 4. ग्राम–लादी पो0–चैनपुर थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान आयु–48 | कंडिका–2(ix) |
| 2 | 1. आवेदन क्र0–55 2. नाम–बाल मुकुन्द दीक्षित<br>3. पिता–स्व0 अनमोल दीक्षित 4. ग्राम–हरभोंगा पो0–चैनपुर थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–बांया हाथ में टीकाकरण का तीन छाप, आयु–70 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 3 | 1. आवेदन क्र0–409 2. नाम–अमृत राम<br>3. पिता–स्व0 जगत राम 4. ग्राम–रजवाडीह, पो0–रजवाडीह, थाना–मेदिनीनगरप्रखण्ड–डालटेनगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं, आयु–78 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 4 | 1. आवेदन क्र0–410 2. नाम–रमेश प्रसाद<br>3. पिता–स्व0 लक्ष्मी प्रसाद 4. ग्राम–रेड़मा राँची रोड पो0–डालटेनगंज, थाना–मेदिनीनगर प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–ललाट पर बांये तरफ कटे का निशान आयु–68 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 5 | 1. आवेदन क्र0–1507 2. नाम–उदयनाथ सिंह<br>3. पिता–स्व0 तपेश्वर सिंह 4. ग्राम–इमली, पो0–किषुनपुर थाना–पाटन प्रखण्ड–पाटन<br>5. लिंग–पुरूष, पहचान चिन्ह–दांये गाल पर तिल, आयु–48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 6 | 1. आवेदन क्र0–847 2. नाम–गणेश सिंह<br>3. पिता–स्व0 तपेश्वर सिंह 4. ग्राम–इमली पो0–किषुनपुर थाना–पाटन प्रखण्ड–पाटन<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं, आयु–51 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 7 | 1. आवेदन क्र0–1499 2. नाम–कैलाश मोची<br>3. पिता–स्व0 भरत मोची 4. ग्राम–बाधी, पो0–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने के नीचे टुटे का निशान आयु–62 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 8 | 1. आवेदन क्र0–411 2. नाम–हुकूम सिंह<br>3. पिता–स्व0 शनिचर सिंह 4. ग्राम–तिसीबार, पो0–सैल, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>5. लिंग–पुरूष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं, आयु–70 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 9 | 1. आवेदन क्र0–1596 2. नाम–अयोध्या सिंह<br>3. पिता–स्व0 रामरेखा सिंह 4. ग्राम–किसैनी पो0–पाटन थाना–पाटन प्रखण्ड–पाटन<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं, आयु–61 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 10 | 1. आवेदन क्र0–1470 2. नाम–लक्ष्मीनिया देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–कैलाष मोची (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–बाधी पो0–रामगढ़ थाना–रामगढ़ प्रखण्ड–चैनपुर<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटने में कटे घाव का निशान आयु–54 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 11 | 1. आवेदन क्र0–33 2. नाम–सुरेन्द्र सिंह<br>3. पिता का नाम–छट्ठु महतो 4. ग्राम–भालोगाड़ी, पो0–काजीपकरी, थाना–तरहसी, प्रखण्ड–तरहसी<br>5. लिंग–पुरूष, पहचान चिन्ह–उपर होठ में कटा का निशान आयु–50 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 12 | 1. आवेदन क्र0–197 2. नाम–ब्रजकिशोर यादव<br>3. पिता का नाम–स्व0 हरिचरण यादव<br>4. ग्राम–मुन्दरिया, पो0–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जला का निशान आयु–55 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 13 | 1. आवेदन क्र0–30 2. नाम–रामकृत सिंह<br>3. पिता का नाम–स्व0 तुलास महतो<br>4. ग्राम–गायत्री प्रजावतार मंदिर बारा लोटा, पो0–जी0एल0ए0 कॉलेज डाल्टनगंज थाना +प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>5. लिंग–पुरूष, पहचान चिन्ह–दाएं हाथ मे जले का निशान आयु–54 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 14 | 1. आवेदन क्र0–97 2. नाम–उषा देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–सुरेन्द्र महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–हॉसिंग कॉलोनी बारह लोटा पो0–बारह लोटा थाना+प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>5. लिंग–महिला, पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–36 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 15 | 1. आवेदन क्र0–93 2. नाम–सुरेन्द्र महतो<br>3. पिता का नाम–जगदीश महतो<br>4. ग्राम–हॉसिंग कॉलोनी बारालोटा पो0–बारहलोटा थाना+प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 16 | 1. आवेदन क्र0–83 2. नाम–बसंत कुमार महतो<br>3. पिता का नाम–स्व0 हरिहर महतो 4. ग्राम–बनुआँ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–बाएं हाथ मे घाव का निशान आयु–48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 17 | 1. आवेदन क्र0–82 2. नाम–रामरतन कुमार मेहता<br>3. पिता का नाम–स्व0 नथुनी महतो 4. ग्राम–लोहरा पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान आयु–54 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 18 | 1. आवेदन क्र0–200 2. नाम–राजकुमार यादव<br>3. पिता का नाम–परमेश्वर यादव 4. ग्राम–बनुआ पो0–सांगवार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–65 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 19 | 1. आवेदन क्र0–147 2. नाम–नन्दलाल राम<br>3. पिता का नाम–देवरूप राम 4. ग्राम–मुन्दरीया पो0–बसौरा थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाँये बाह में तिल का निशान आयु–60 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 20 | 1. आवेदन क्र0–237 2. नाम–अनीता देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–अषोक सिंह (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–उर्हुलिया पो0–बसौरा थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–50 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 21 | 1. आवेदन क्र0–210 2. नाम–सरस्वती देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–दिनेष सिंह (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–उडहुलिया पो0–बसौरा थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह अंकित नही आयु–47 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 22 | 1. आवेदन क्र0–2402. नाम–पार्वती देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–भरदुल भुईया (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–सांगवार पो0–सांगवार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–52 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 23 | 1. आवेदन क्र0–239 2. नाम–भरदुल भुईया<br>3. पिता का नाम–स्व0 मकुन भुईया 4. ग्राम–सांगवार पो0–सांगवार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–57 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 24 | 1. आवेदन क्र0–154 2. नाम–अनीता देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–रमेष महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–सोस पो0–लेस्लीगंज थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निशान आयु–57 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 25 | 1. आवेदन क्र0–36 2. नाम–यशोदा देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–बसंत महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–बनुआ पो0–सांगबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–54 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 26 | 1. आवेदन क्र0–152 2. नाम–जगेसरी देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–नवालिक भुईया (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–सांगवार पो0–सांगवार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–70 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 27 | 1. आवेदन क्र0–92 2. नाम–प्रतिमा गुप्ता (आश्रित पत्नी)<br>3. पिता का नाम–उमेश प्रसाद (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–बाईपास रोड पेट्रोल पम्प सुदना पुर्वी पो0–सुदना थाना–मेदनी नगर प्रखण्ड–मेदिनी नगर<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–42 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 28 | 1. आवेदन क्र0–129 2. नाम– वीरेन्द्र राम (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता का नाम–स्व0 युगेष्वर राम (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–पतरीया पो0–कण्डा थाना–नवाबजार प्रखण्ड–पनाबजार<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–अंकित नही आयु–46 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पुत्र) |
| 29 | 1. आवेदन क्र0–235 2. नाम–सरयु राम<br>3. पिता का नाम–नबालकी भुईया<br>4. ग्राम–सांगवार पो0–सांगवार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाहिने छाती मे घाव का निशान आयु–48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 30 | 1. आवेदन क्र0–29 2. नाम–अलियार महतो (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता का नाम–स्व0 दीपनारायण महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–कोल्हुआ पो0–नावा जयपुर थाना–नावा जयपुर प्रखण्ड–नावा जयपुर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–बांये आँख के सामने तील का निशान आयु–38 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पुत्र) |
| 31 | 1. आवेदन क्र0–408 2. नाम–कृष्णा सिंह 3. पिता का नाम–स्व0 डिपटी सिंह<br>4. ग्राम–चेड़ाबार पो0–तापेया बभन्डी थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–बांया आँख के भौंह के पास कटा का निशान आयु–55 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 32 | 1. आवेदन क्र0–407 2. नाम–सावित्री देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–कैलाष मोची (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–बाघो पो0–रामगढ़ थाना–चैनपुर प्रखण्ड–चैनपुर<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–बांये कपनट के पास तिल का निशान आयु–70 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 33 | 1. आवेदन क्र0–211 2. नाम–हेवन्ती देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–रमेष प्रसाद (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–रेड़मा राँची रोड पो0–मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>5. लिंग–महिला पहचान चिन्ह–दांया गाल पर काला तिल आयु–69 वर्ष | कंडिका–2(ix) (आश्रित पत्नी) |
| 34 | 1. आवेदन क्र0–255 2. नाम–अनील कुमार मेहता<br>3. पिता का नाम–स्व0 नथुनी मेहता 4. ग्राम–बनुआँ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान आयु–54 वर्ष | कंडिका–2(ix) |
| 35 | 1. आवेदन क्र0–256 2. नाम–प्रभास महतो 3. पिता का नाम–छेदी महतो<br>4. ग्राम–बनुआँ पो0–सागबार थाना–लेस्लीगंज प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>5. लिंग–पुरूष पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में काला दाग का निशान आयु–48 वर्ष | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(संगीता कुमारी)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 276448 Home(22-23).D

सम्पादक की कलम से...

# राजनीतिक सरगर्मी के बीच हेमंत

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन को पत्थर खनन लीज आवंटन संबंधी मामले में निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल को मंतव्य भेज दिया है। इस कारण सीएम आवास में राजनीतिक सरगर्मी जारी है। महागठबंधन के विधायक दल की इस बाबत बैठक हुई। जिसमें तमाम विधायक शामिल हुए। सभी विधायकों ने एक सुर में कहा कि सरकार चलेगी, महागठबंधन पूरी तरह से एकजुट है। इस बैठक में आगे की रणनीति पर विचार हुआ। विधायकों ने कहा कि राजभवन से जबतक निर्णय नहीं हो जाता तब तक कुछ कहना सही नहीं है। लेकिन, राजभवन जो भी निर्णय ले उसके लिये हम सारे लोग तैयार हैं। दूसरी तरफ इसकी पूरी संभावना है कि अयोग्य ठहराये जा सकते हैं हेमंत सोरेन। ऐसे में सबकी निगाहें राजभवन पर टिक गयी हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कोई फैसला नहीं हुआ है। लेकिन एक बात सही है कि संख्या बल के अनुसार सरकार चल रही है और समर्थन से चल रही है। आगे भी सीएम का चेहरा बदल जाने के बाद भी सरकार चलेगी। हालांकि जिस तरीके से सरकार पर साजिश चल रही है इसका कोई असर नहीं पड़ने की उम्मीद है। कारण सभी विधायक एकजुटता के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इस प्रकार सरकार पूरी तरह से सुरक्षित नजर आ रही है। 42 विधायकों की बैठक में मौजूद रहना यह जताता है कि सभी हेमंत सोरेन के साथ दिख रहे हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि अभी वर्तमान हालात को राजनीतिक संकट नहीं कहा जा सकता, जब तक राज्यपाल को बंद लिफाफे में क्या अनुशंसा निर्वाचन आयोग से आई है उसका इंतजार करना चाहिए। दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक रामदास सोरेन ने कहा है कि हेमंत सोरेन ही सरकार के मुखिया होंगे और झारखंड मुक्ति मोर्चा किसी भी तरह की राजनीतिक तानाशाही से डरने वाला नहीं है। झारखंड मुक्ति मोर्चा कोर कमेटी के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र और सरकार जन समर्थन और आखिरी से चलता है और 50 विधायकों का समर्थन हेमंत सोरेन के साथ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भी 16 विधायक हमारे संपर्क में हैं। जब उनसे पूछा गया कि इसका आधार क्या है तो उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के प्रति उनकी आस्था है। उन्होंने कहा कि हमलोग पूरी तरह से इनटैक्ट हैं। सरकार को कहीं से कोई खतरा नहीं है। बिहार से आकर झारखंड में जो राजनीति करते हैं उनके खिलाफ भाजपा के अंदर ही रोष है। ऐसे में सवाल उठता है कि राजनीतिक हालात में क्या कहीं कोई दिक्कत नहीं है? सरकार पूरी तरह से सुरक्षित है। विकल्प के सवाल पर हालांकि बहसों का सिलसिला जारी है। ऐसे में बहुत सारे विकल्पों में क्या झामुमो के सामने हेमंत सोरेन की पत्नी को राज्य की बागडोर सौंपी जायेगी या और कोई नया विकल्प है। इन सारे सवालों का जवाब बहुत जल्द मिलने की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जहां एक ओर हेमंत सोरेन के सामने परेशानियां खड़ी है तो दूसरी तरफ भाजपा की पैनी नजर बदलते हालात पर टिकी हैं।

# तनातनी की सियासत का तेज होना

> उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, और गोवा के हालिया विधानसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उत्तर प्रदेश में तो 300 से भी ज्यादा सीटों पर उसके उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई थी। आप की यह महत्वाकांक्षा विपक्षी एकता पर भी भारी पड़ रही है। भले ही विपक्षी पार्टियों का मकसद भाजपा को हराना है, पर विशेषकर आप और तृणमूल कांग्रेस खुद को बड़े दल के रूप में पेश करना चाहती हैं। उनमें होड़ सी मची है कि राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य विपक्षी पार्टी कौन? चूंकि संसाधन जुटाने के लिए खुद को बड़े दल के रूप में पेश करना जरूरी है, इसलिए आम आदमी पार्टी हवा को अपने पक्ष में करने के लिए सीबीआई जांच को एक मौके के रूप में देख रही है।

पिछले कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। वास्तव में, आपसी तकरार का यह तीसरा दौर है। इसका पहला चरण 2012 में आप के जन्म के साथ ही शुरू हो गया था। यह दौर 2015-16 तक चला, जिसमें विरोधी पार्टी के नेताओं को लगातार निशाने पर लिया जाता रहा। खुद अरविंद केजरीवाल 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी (भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार) के खिलाफ वाराणसी गए थे। आपसी टकराव का दूसरा दौर 2017 में शुरू हुआ, जब दिल्ली में स्थानीय निकाय के चुनाव हुए। इसमें हार के बाद आप का रुख थोड़ा नरम हुआ और उसके नेता सीधे तौर पर प्रधानमंत्री को निशाने पर लेने से बचने लगे। यह दौर कमोबेश 2020 तक चला। दो साल पहले दिल्ली में विधानसभा चुनाव के समय तकरार फिर से बढ़ने लगी, जिसने इस साल पंजाब में आप की जीत के बाद नया रूप ले लिया है। अब आप खुद को राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी के तौर पर पेश करने लगी है। दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री पर सीबीआई की दबिश को भी जनता के बीच या राजनीतिक गलियारे में दो पार्टियों के बीच की तकरार ही माना जा रहा है। हालांकि, अभी कथित शराब घोटाले की गुत्थियां सुलझनी बाकी हैं। वैसे, इन हालात में आप स्वाभाविक ही अपने लिए मौके तलाश रही होगी, खासकर यह देखते हुए कि कांग्रेस पार्टी का आधार लगातार सिमटता जा रहा है। चंद महीनों के भीतर ही हिमाचल और गुजरात के महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव हैं और आप दोनों जगह पूरा जोर लगा रही है। लेकिन क्या वाकई वह राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विकल्प बन गई है? इसमें दोराय नहीं कि आप अभी उभार पर है। पंजाब विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उसे राष्ट्रीय मीडिया में लगातार जगह मिल रही है। मतदाताओं में इस पार्टी और अरविंद केजरीवाल को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है। एक सर्वे के मुताबिक, साल 2019 में जहां राष्ट्रीय स्तर पर इसका वोट शेयर एक से दो फीसदी था, वह अब बढकर सात से आठ फीसदी तक पहुंचता दिख रहा है। मगर अभी वह राष्ट्रीय राजनीति में मुख्य विपक्षी पार्टी शायद ही बन सकेगी। दिल्ली व पंजाब में बेशक उसका आधार मजबूत हो चुका है, पर अन्य राज्यों में उसे अभी जमीन की तलाश है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, और गोवा के हालिया विधानसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उत्तर प्रदेश में तो 300 से भी ज्यादा सीटों पर उसके उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई थी। आप की यह महत्वाकांक्षा विपक्षी एकता पर भी भारी पड़ रही है। भले ही विपक्षी पार्टियों का मकसद भाजपा को हराना है, पर विशेषकर आप और तृणमूल कांग्रेस खुद को बड़े दल के रूप में पेश करना चाहती हैं। उनमें होड़ सी मची है कि राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य विपक्षी पार्टी कौन? चूंकि संसाधन जुटाने के लिए खुद को बड़े दल के रूप में पेश करना जरूरी है, इसलिए आम आदमी पार्टी हवा को अपने पक्ष में करने के लिए सीबीआई जांच को एक मौके के रूप में देख रही है। हालांकि, आप और भाजपा के बीच जितनी गहरी खाई है, कमोबेश उतना ही बड़ा फासला आप और कांग्रेस के बीच भी है। कांग्रेस की लोकप्रियता में जहां-जहां कमी आई है, आप उन-उन जगहों पर जाने को उत्सुक है, ताकि वह कांग्रेस की कमजोरी का फायदा उठा सके। लेकिन वह इसमें कितना सफल होगी या हिमाचल व गुजरात में वह भाजपा से आगे निकल पायेगी, इसका विश्लेषण अभी मुश्किल है। हां, वह कांग्रेस के वोट में जरूर सेंध लगा सकती है और अगर ऐसा होता नजर आया, तो 2024 में एक बड़ी पार्टी के रूप में उभरने की उसकी दावेदारी मजबूत हो जायेगी। फिर भी, वह मुख्य विपक्षी पार्टी शायद ही बन सकेगी, क्योंकि पंजाब व दिल्ली में पूरी तरह से जीत हासिल करने के बाद भी लोकसभा में उसके हिस्से चंद सीटें ही आ सकती हैं। इन सबके बावजूद इस आरोप से भी मुंह नहीं फेरा जा सकता कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग होता है। भारतीय राजनीति में काफी समय से इन संस्थाओं का सियासी इस्तेमाल होता रहा है। मगर क्या आम आदमी पार्टी के मंत्रियों के खिलाफ मौजूदा कार्रवाई इसी की कड़ी है?

■ **राहुल वर्मा**

# क्षमा बड़ेन को चाहिए...

**आलाकमान** – जानते भी हैं आपके इस बयान से हमारी कितनी भद्द पिट गई। ऊपर से एक तबका हमसे दूर हो गया है। अगले साल वहाँ हमें चुनाव भी जीतने हैं। ऐसे में आप धर्मविरोधी बयान कैसे दे सकते हैं? नेता सदस्य - जानता हूँ। मैंने जो भी किया जानबूझकर किया। शराफत से दिल जीते जा सकते हैं। गद्दी नहीं। गद्दी के लिए भद्दी हरकतें करनी पड़ती हैं। आलाकमान - ये जलेबीदार बातें छोड़ो और होश में आओ। विरोधी तबका तुम्हारे खून का प्यासा हो गया है। जबसे तुम्हें बेल मिली है वे खुले बैल की तरह तुम्हारे पीछे पड़ गये हैं। खुदा न करे कि कुछ ऊँच-नीच हो जाए। राजनीति में कभी हत्या नहीं होती, केवल आत्महत्या होती है। अभी तुमने वही किया है। नेता सदस्य - लेकिन मुझे इसका कोई पछतावा नहीं है। जो भी किया सोच-समझकर किया। आलाकमान - पता भी है कि लोग तुम्हें पत्थरों से मारने और फाँसी पर लटकाने की माँग कर रहे हैं। हम तुम्हें पार्टी से बर्खास्त करते हैं। नेता सदस्य - कोई बात नहीं। मैं एक तबके के लिए खलनायक जरूर हूँ, लेकिन दूसरे तबके का मैं ही सबसे बड़ा नायक हूँ। अब मेरी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है, कि कुछ दिनों बाद आप ही झकमार कर मेरे पास आयेंगे। आलाकमान - खैर छोड़ो! यह जब होगा तब होगा। एक अंतिम प्रश्न - तुम्हें अपने किये पर तनिक भी पछतावा नहीं? क्या तुम दूसरा रास्ता नहीं अपना सकते थे? नेता सदस्य - नहीं। क्षमा का अधिकार बड़ों के पास होता है। छोटे तो केवल गलतियाँ करते हैं। मैं छोटा बनकर और नहीं भुगत सकता। मैं खुद बड़ा बनना चाहता हूँ। दया से मिली क्षमा जीवनभर कष्टदायी होती है। मैं इस कष्ट को नहीं सह सकता। मैंने देखा कि कोई आपकी चप्पल ढोकर गद्दी पर विराजमान होने के सपने देख रहा है। दुर्भाग्य से आपके दो ही पैर हैं और दूसरी चप्पल पहनते नहीं। इसीलिए निर्णय कर लिया कि मैं ऐसा कुछ कर जाऊँगा कि आलाकमान खुद ब खुद मेरे पास चलकर आए। मैंने बिना छुए बड़ी चप्पलों को मेरी चौखट तक आने पर मजबूर कर दिया। बड़ी चप्पलें जब छोटी चौखटों पर पड़ती हैं तब छोटों के पैर बड़ी चप्पलों में अपने आप फिट हो जाते हैं। आलाकमान नेता सदस्य के सामने नतमस्तक था।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# हंबनटोटा के सामरिक संकेत

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2013 में यह साफ किया था कि चीन 'कभी भी अपने वाजिब समुद्री अधिकारों और हितों की रक्षा से पीछे नहीं हटेगा। हिंद महासागर पर उसका बढ़ता प्रभाव चीन की व्यापक आर्थिक और सामरिक हितों को प्रदर्शित करता है। हिंद महासागर में स्थित देशों में अपने नौसैन्य अड्डे स्थापित कर वह भारत पर सामरिक बढ़त हासिल करने के बहुत करीब पहुंच गया है। चीन के चमत्कारिक आर्थिक सामरिक विकास के साथ ही उसके मूल हितों का दायरा बढ़ता जा रहा है। हिंद महासागर को लेकर चीन ने किसी आधिकारिक नीति की घोषणा तो नहीं की, लेकिन एशिया में चीन की कोशिश अपनी मर्जी की अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय समुद्री व्यवस्था विकसित करने और उसके संचालन में अग्रणी भूमिका निभाने की लंबे समय रही है। श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर चीन के अत्याधुनिक जासूसी जहाज युआन वांग-5 का कथित शोध अभियान के नाम पर रुकना उसकी सामरिक महत्त्वाकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। चीन का दावा है कि यह एक अनुसंधान और सर्वेक्षण पोत है। लेकिन युआन वांग-5 जिन अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त है, उससे चीन के इरादों पर संदेह होता है। भारत ने श्रीलंका के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि जहाज पर लगी अत्याधुनिक प्रणालियां इस क्षेत्र में भारत के तटीय बनावट की जानकारी जुटा सकती हैं और इसका इस्तेमाल चीन की सैन्य पनडुब्बियों व पोतों के लिए भी किया जा सकता है। दरअसल चीन युआन वांग-5 श्रेणी के पोतों का उपयोग उपग्रहों, राकेटों और बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण का पता लगाने के लिए करता है। चीन के पास ऐसे आधा दर्जन पोत हैं जो प्रशांत महासागर, अटलांटिक और हिंद महासागर से संचालित होने में सक्षम हैं। भारत के साथ अमेरिका भी इन जहाजों की गतिविधियों को लेकर संदेह जता चुका है। चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की देखरेख में स्ट्रैटिजिक सपोर्ट फोर्स (एसएसएफ) इन पोतों का संचालन करती है। यह इकाई पीएलए की रणनीति, साइबर इलेक्ट्रानिक, सूचना, संचार और मनोवैज्ञानिक युद्ध मिशन को देखती है। यहां यह जानना बेहद जरूरी है कि एसएसएफ का स्पेस सिस्टम डिपार्टमेंट चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के लगभग सभी अंतरिक्ष संचालन कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार है। अंतरिक्ष अभियानों में अंतरिक्ष प्रक्षेपण, निगरानी और अंतरिक्ष युद्ध शामिल हैं। चीन का यह बल उपग्रहों और अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) प्रक्षेपण का पता लगाने के लिए ही युआन वांग पोत का संचालन करता है। इसीलिए भारत ने हंबनटोटा बंदरगाह पर इस जहाज के प्रवेश को लेकर अपना विरोध जताया। इन सबके बीच श्रीलंका ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को दरकिनार कर चीनी पोत को हंबनटोटा में प्रवेश की इजाजत दे दी। इससे भारत के लिए नया सामरिक संकट खड़ा हो गया। यह संकट ऐसा है जो आने वाले समय में भारत की सुरक्षा रणनीति को बदलने पर मजबूर कर सकता है। श्रीलंका की सरकार पर चीन का कर्ज करीब साढ़े छह अरब डालर है। चीन से कर्ज लेकर ही श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह और मताला हवाई अड्डे का निर्माण किया था। लेकिन कर्ज न लौटा पाने की वजह से श्रीलंका बेजिंग को ये दोनों ही जगहें निन्यानवे साल की लीज पर देने को मजबूर हो गया। आज श्रीलंका चीन के भारी दबाव में है और भारत की चिंताओं को समझने के बावजूद चीन के हितों को मानने के अलावा उसके पास कोई चारा भी नहीं है। चीन की अति महत्त्वाकांक्षी वन बेल्ट वन रोड परियोजना में हंबनटोटा के साथ ही दक्षिण एशिया के कई देशों के बंदरगाह शामिल हैं। जाहिर है, अन्य देश भी भविष्य में किसी चीनी पोत को अपने यहां आने से रोक पायेंगे, इसमें संदेह है। इससे भारत की सामरिक चुनौती और बढ़ गई है। वन बेल्ट वन रोड के सहारे चीन की व्यापक योजनाएं हैं और इसे रोक पाना भारत के लिए बेहद कठिन है। यह परियोजना व्यापारिक रास्तों के समानांतर बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार करने की चीनी संभावनाओं के दरवाजे खोलती है। चीन बड़े पैमाने पर अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में रेल और सड़क नेटवर्कों का निर्माण कर रहा है। इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य चीन को अफ्रीका, मध्य एशिया और रूस से होते हुए यूरोप से जोड़ना है। इसके प्रभाव में भारत को छोड़ कर दक्षिण एशिया के सभी देश हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थित ग्वादर बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का केंद्र बिंदु है और इसे वन बेल्ट, वन रोड और समुद्री सिल्क रोड परियोजनाओं के बीच एक महत्त्वपूर्ण बिंदु माना जाता है। इसे और म्यांमार के क्याउकफियू बंदरगाह को चीन ने ही विकसित किया है। बांग्लादेश के साथ तो चीन की बड़ी सामरिक और आर्थिक भागीदारी है। बांग्लादेश ने 2019 में चीन के दक्षिण-पश्चिम प्रांतों को चटगांव और मोंगला बंदरगाहों का इस्तेमाल करने को दे दिया था। चटगांव बंदरगाह बांग्लादेश का प्रमुख बंदरगाह है। इसलिए भारत और चीन के लिए चटगांव बंदरगाह का बड़ा महत्त्व है। चीन, बांग्लादेश के लिए हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता भी है। वह बांग्लादेश में कई निर्माण परियोजनाओं में भागीदार भी है। चीन के युन्नान प्रांत से बांग्लादेश की भौगोलिक निकटता के मद्देनजर ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति के लिए इन बंदरगाहों तक आसानी से पहुंच बनाई जा सकती है। इसके अलावा चीन बांग्लादेश को विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय मदद भी देता रहा है। बांग्लादेश चीन की वन बेल्ट वन रोड परियोजना में भी शामिल है और इसके तहत उसने चार अरब डालर का कर्ज चीन से लिया है।

■ **ब्रह्मदीप अलूने**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- महिषासुरके ऐसा कहनेपर वे दूत [शब्दके कारणका पता लगाते-लगाते] समस्त सुन्दर अंगोंवाली, अठारह भुजाओंवाली, दिव्य विग्रहमयी, सभी प्रकारके आभूषणोंसे अलंकृत, सम्पूर्ण शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न, उत्तम आयुध धारण करनेवाली और हाथमें मधुपात्र लेकर बार-बार उसका पान करती हुई भगवतीके पास पहुंच गये। उन्हें देखकर वे भयभीत हो गये और व्याकुल तथा सशंकित होकर वहांसे भाग चले। महिषासुरके पास आकर वे उससे ध्वनिका कारण बताने लगे।। 45-47 ।।

दूत बोले- हे दैत्येन्द्र! वह कोई प्रौढा स्त्री और देवीकी भांति दिखायी देती है। उस स्त्रीके सभी अंगोमें आभूषण विद्यमान हैं तथा वह सभी प्रकारके रत्नोंसे सुभोभित है। वह स्त्री न तो मानवी है और न तो आसुरी है। दिव्याविग्रहवाली वह स्त्री बड़ी मनोहर है। अठारह भुजाओंवाली वह श्रेष्ठ नारी नानाविध आयुध धारण करके सिंहपर विराजमान है। वही स्त्री गर्जन कर रही है। वह मदोन्मत्त दिखायी दे रही है। वह निरन्तर मद्यमान कर रही है। हमें ऐसा जान पड़ता है कि वह अभी विवाहिता नहीं है।। 48-50 ।।

देवतागण आकाशमें स्थित होकर प्रसन्नतापूर्वक उसकी इस प्रकार स्तुति कर रहे हैं-' आपकी जय हो' हमारी रक्षा करो' और' शत्रुओंका वध करो'। ह प्रभो! मै'यह नहीं जानता कि वह सुन्दरी कौन है, किसकी पत्नी है, वह सुन्दरी यहां किसलिये आयी हुई है और वह क्या करना चाहती है?

उस स्त्रीके तेज से चकाचौंध हमलोग उसे देखनेमें समर्थ नहीं हो सके। वह स्त्री श्रृंगार, वीर, हास्य, रौद्र और अद्भुत- इन सभी रसोंसे परिपूर्ण थी। इस प्रकारकी अद्भुत स्वरूपवाली नारीको देखकर मलोग बिना कुछ कहे ही आपके आज्ञानुसार लौट आये। हे राजन्! अब इसके बाद क्या करना है? ।।51-54 ।।

**महिषासुर बोला**- हे वीर! हे मन्त्रिश्रेष्ठ! तुम मेरे आदेसे सेना साथमें लेकर जाओ और साम आदि उपायेंसे उस सुन्दर मुखवाली स्त्रीको यहां ले आओ। यदि वह स्त्री साम, दान और भेद-इन तीन उपयोंसे भी यहां न आये तो उस सुन्दरीको बना मारे ही पकड़कर मेरे पास ले आओ, यदि वह मृगनयनी प्रीतिपूर्वक आयेगी तो मैं हंसके समान भौंहोंवाली उस स्त्रीको प्रसन्तापूर्वक अपनी पटरानी बनाऊंगा। मेरी इच्छा समझकर जिस प्रकार रसभंग न हो, वैसा करना। मैं उसकी रूपराशिकी बात सुनकर मोहित हो गया हूं।। 55-58ई ।।

**व्यासजी बोले**- महिषासुरकी यह कोमल वाणी सुनकर वह श्रेष्ठ मन्त्री हाथी, घोड़े और रथ साथ लकर तुरंत चल पड़ा। वहां पहुंचकर कुछ दूर खड़े होकर वह सचिव कोमल तथा मधुर वाणीमें विनम्रतापूर्वक उस दृढ़ निश्चयवाली नारीसे कहने लगा।। 59-60 ।।

- **क्रमशः**

## आज का इतिहास

**1999 :** सुकर्णो पूत्री मेघावती इंडोनेशिया की उप-राष्ट्रपति चुनी गयीं।
**2005 :** सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पाकिस्तान की मुख्तारन माई को 'वूमेन ऑफ द इयर' चुना गया।
**2012 :** सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज खिताब जीता।
**2012 :** बॉलीवुड के रोमांस किंग कहे जाने वाले यश चोपड़ा का निधन हुआ।
**2013 :** कनाडा की संसद ने मलाला युसुफजई को कनाडा की नागरिकता प्रदान की।
**2014 :** प्रसिद्ध पैरालम्पिक धावक आस्कर पिस्टोरियोस को अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकेंप की हत्या के लिये पांच साल की कैद की सजा।
**1568 :** अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।
**1740 :** मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने।
**1774 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) भारत की राजधानी बनी।
**1880 :** एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
**1577 :** गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
**1855 :** गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, और चरित्र लेखक गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म।
**1904 :** चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया।
**1905 :** रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरूआत हुई।
**1920 :** पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय का जन्म।
**1930 :** भारत में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म।
**1946 :** वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।
**1947 :** अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये थे।
**1962 :** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर युद्ध शुरू हुआ।

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# शहर में बढ़ती बाइक की संख्या

शहर में कई क्षेत्रों में रोज दिन कहीं न कहीं नया निर्माण हो रहा है। कई जगहों पर मॉल का निर्माण हो रहा है। ऐसे में शहर नये युग में प्रवेश कर रहा है। पहले हम बड़े शहरों में ही मॉल देखा करते थे। अब हमारे शहर में भी मॉल बन रहे हैं। लेकिन शहर में कई क्षेत्र रोज दिन जाम की चपेट में आते रहते हैं। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। बाजार की सड़को के बीच जो लोग अपने बाइक को लगा रहे है उसे प्रशासन के लोग थाना ले जा रहे है और उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं गाड़ी को लगाये तो कहा लगायें। प्रशासन के द्वारा जाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान सही है। लेकिन इसके साथ बाइक के लिए प्रशासन पार्किंग की व्यवस्था करें। ऐसे में शहर में बाइक पार्किंग की बहुत शिद्दत के साथ जरूरत महसूस की जा रही है। शहर में अधिकांश सड़क बाइक व अन्य दो पहिया वाहनों के कारण जाम रहते हैं। अगर इन बाइकों के लिए शहर में एक उचित जगह देखकर उनका पार्किंग स्थल बना दिया जाये तो शहर को जाम से मुक्ति मिल सकती है। ज्ञात हो कि शहर में रोज दिन गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग बाइके से आते हैं। मैं आपके लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से प्रशासन व निगम से बाइक पार्किंग बनाने का अनुरोध करता हूं।

■ **अनिल कुमार मेदिनीनगर।**

# अपनी समुद्री ताकत को फिर परखने व सुधारने का वक्त

हिंद महासागर के बंदरगाहों जैसे हंबनटोटा और जिबूती में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (प्लान) के जहाजों की हाल की तस्वीरों पर झल्लाने वाले भारतीयों को यह जानकर खुशी होगी कि बीते 15 अगस्त को दुनिया के सात बंदरगाहों पर नौ भारतीय नौसेना युद्धपोत मौजूद थे। हर महाद्वीप में कम से कम एक पोत हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर तिरंगा फहराने के लिए मौजूद था। मतलब भारत और चीन, दोनों की नौसेनाएं एक ही संदेश भेज रही थीं। समुद्री शक्ति को भूमि और वायु शक्ति के विपरीत कई भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। गतिशीलता, बहुमुखी प्रतिभा और स्थिरता को देखते हुए युद्धपोतों को वस्तुतः दुनिया के समुद्रों में किसी भी स्थान पर रखा जा सकता है। किसी की राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन किये बिना किसी अन्य के जल क्षेत्र में या दूसरे राष्ट्र के बंदरगाह पर पोत खड़े हो सकते हैं। मगर दुनिया भर में नौसेनाएं अपने राजनीतिक आकाओं के उपकरण के रूप में अपनी उपयोगिता जताने के लिए अक्सर व्यर्थ संघर्ष करती रहती हैं। इस मोर्चे पर चीनी नौसेना की सफलता परखने योग्य है। सितंबर 2020 में अमेरिकी रक्षा विभाग ने आश्चर्यजनक घोषणा की थी कि 350 जहाजों व पनडुब्बियों के सामरिक बल के साथ चीनी नौसेना ने 293 जहाजों की शक्ति वाली अमेरिकी नौसेना को पीछे छोड़ दिया है। चीनी नौसेना रातोंरात नहीं बढ़ी है और अब वह चीन के राजनीतिक नेतृत्व की व्यापक-रणनीतिक दृष्टि की स्पष्ट अभिव्यक्ति बनी हुई है। 1950 में चीनी नौसेना की औपचारिक स्थापना पर चीन को हार्डवेयर व सलाहकारों के साथ-साथ जरूरी सिद्धांत भी रूस से हासिल हुए थे। 1960 का चीन-सोवियत विभाजन, हालांकि, चीनी नौसेना के लिए बड़ा झटका था, पर यह उसके लिए वरदान बन गया। 2012 की पार्टी कांग्रेस में महासचिव हू जिंताओ ने चीन पर नजर रखने वालों को यह कहते हुए आश्चर्य में डाल दिया था कि चीन का लक्ष्य एक महान समुद्री शक्ति बनना है। एक साल बाद, शी जिनपिंग ने चीन के समुद्र संबंधी उद्देश्यों को और स्पष्ट किया। दृढ़ता और व्यवस्थित प्रयास हुए, जिन्होंने चीन को एक वास्तविक समुद्री ताकत बना दिया। चीन आज दुनिया का सबसे बड़ा जहाज-उत्पादक देश है। दूसरी ओर, भारतीय नौसेना का जन्म आसान रहा है। एक दूरदर्शी नौसैनिक नेतृत्व की बदौलत भारतीय नौसेना आज एक कॉम्पैक्ट, बल्कि अत्यधिक पेशेवर और शक्तिशाली समुद्री बल है, जिसका मूल्यांकन नाटो मानक के अनुरूप किया जाता है। हालांकि, भारत के सुरक्षा अभिजात वर्ग यह महसूस करने में विफल रहे हैं कि एक लड़ाकू नौसेना राष्ट्र की समुद्री ताकत का सिर्फ एक किनारा है, और अन्य घटकों की मजबूती के बिना भारत समुद्री शक्ति होने का दावा नहीं कर सकता है। राजनीतिक-नौकरशाही स्तर पर समुद्री शक्ति के महत्व व घटकों की समझ के दो हानिकारक प्रभाव हुए हैं। सबसे पहले, कम बजट ने हमारी नौसेना की क्षमता को अवरुद्ध किया है। दूसरा, भारत के समुद्री क्षेत्र की कई क्षेत्रों में हुई उपेक्षा ने सुनिश्चित किया है कि हमारा नागरिक जहाज निर्माण उद्योग मरणासन्न हो गया है, हमारा व्यापारिक जहाजरानी मतलब मर्चेंट नेवी क्षेत्र मंद गति से बढ़ रहा है। हमारे प्रमुख बंदरगाह आधुनिकीकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं, समुर्द्र तल का दोहन अभी तक शुरू नहीं हुआ है। मछली पकड ? का उद्योग प्राचीन है, लेकिन इसमें भी मानव संसाधनों की कमी है। समुद्री क्षमता निर्माण पर अगर ध्यान केंद्रित किया गया होता, सहायक उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलता, तो युवाओं की कुशलता भी बढ़ती और हजारों रोजगार के अवसर भी पैदा होते। फिलहाल चीन के विस्तारवादी इरादे के बारे में हमारी गलत समझ को देखते हुए चीन-भारत तनाव के बने रहने की आशंका है। हमें यह याद रखना चाहिए कि चीन के गले की नस हिंद महासागर की समुद्री गलियों में पाई जाती है। हमें हिंद महासागर के जल में चीनी नौसेना की उपस्थिति में लगातार वृद्धि देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। नतीजतन, यह भारत के लिए अपनी समुद्री क्षमताओं के साथ-साथ अपनी समुद्री रणनीति के पुनर्मूल्यांकन का भी एक अच्छा अवसर है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ **अरुण प्रकाश**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# ऐसे करें हर महीने बिजली के बिल में 3000 तक की बचत



> वर्तमान युग में अगर कुछ सर्वाधिक जरूरी चीजों की लिस्ट बनाई जाए तो उसमें निश्चित रूप से बिजली ऊपरी क्रम में होगी। आज का मनुष्य बिजली के बिना अपने जीवन की कल्पना शायद ही कर सकेगा, पर मुश्किल तब हो जाती है जब यही बिजली आपके ऊपर आर्थिक बोझ का एक बड़ा कारण बन जाती है। अर्थात आपके पास भारी संख्या में ज्यादा मात्रा में बिजली बिल आने लगता है। ऐसे में आप परेशान हो जाते हैं कि आखिर किस प्रकार बिजली बिल को कम किया जाए और ऐसी ही स्थिति में आपके सामने लेकर आए हैं, वह स्रोत जिसके माध्यम से ना केवल बिजली बिल कम कर सकते हैं, बल्कि आने वाले समय में पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरा कर सकते हैं।

ऐसे में आप परेशान हो जाते हैं कि आखिर किस प्रकार बिजली बिल को कम किया जाए और ऐसी ही स्थिति में आपके सामने लेकर आए हैं, वह स्रोत जिसके माध्यम से ना केवल बिजली बिल कम कर सकते हैं, बल्कि आने वाले समय में पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरा कर सकते हैं।

वर्तमान युग में अगर कुछ सर्वाधिक जरूरी चीजों की लिस्ट बनाई जाए तो उसमें निश्चित रूप से बिजली ऊपरी क्रम में होगी। आज का मनुष्य बिजली के बिना अपने जीवन की कल्पना शायद ही कर सकेगा, पर मुश्किल तब हो जाती है जब यही बिजली आपके ऊपर आर्थिक बोझ का एक बड़ा कारण बन जाती है। अर्थात आपके पास भारी संख्या में ज्यादा मात्रा में बिजली बिल आने लगता है। ऐसे में आप परेशान हो जाते हैं कि आखिर किस प्रकार बिजली बिल को कम किया जाए और ऐसी ही स्थिति में आपके सामने लेकर आए हैं, वह स्रोत जिसके माध्यम से ना केवल बिजली बिल कम कर सकते हैं, बल्कि आने वाले समय में पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरा कर सकते हैं। आखिर वह कौन सा बदलाव है जो अगर आप अपने घर में करते हैं तो तकरीबन 3000 से अधिक रुपए प्रति महीने आप बचा सकते हैं।

## एयर कंडीशनर

आप यह जान लीजिए कि बिजली बिल सबसे ज्यादा एसी एयर कंडीशनर के माध्यम से ही बढ़ता है, अगर आपके घर में अउ चलता है, तो निश्चित रूप से आप का बिजली बिल काफी ऊपर आएगा। ऐसे में क्या आपने यह ध्यान दिया है कि आपके एसी की सर्विस हुई है कि नहीं !अगर नहीं हुई है तो आप यह जान लीजिये कि आपका ऐसी ना केवल कम ठंडा करेगा बल्कि बिजली भी ज्यादा कंज्यूम करेगा। ऐसे में आपको तत्काल ही अपने एसी की सर्विस करा लेनी चाहिए। इससे न केवल कूलिंग डबल होगी बल्कि साफ हवा भी आपको मिल सकेगी। इसके अलावा आपको बता दें कि इनवर्टर एसी आ रहे हैं, इनर्टर एसी अगर आपके पास 5 स्टार का है तो आप यकीन मानिए कि आपका बिजली बिल काफी कम हो जाएगा।

## गीजर

इसी प्रकार सर्दियों के मौसम में गीजर आपके लिए बड़ी टेंशन का कारण बनता है, तो आप अपने घर में बिजली गीजर की जगह गैस गीजर का प्रयोग कीजिए। यह बेहद आसानी से ना केवल पानी गर्म करता है बल्कि आपकी बिजली की खपत को भी कम करके आप को राहत दिलाने का कार्य करता है।


तो देखा आपने अगर आप अपने घर में इन चीजों का ध्यान रखते हैं, तो ना केवल आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा बल्कि बिजली बिल भी आपके पास काफी कम आएगा।

इसके अलावा कुछ और टिप्स की बात करें तो शहरों में लोग उन जगहों पर भी बिजली बेकार की खर्च करते हैं जहां उनको आवश्यकता नहीं होती है। यह छोटी-छोटी बातें हैं, जैसे कमरे की लाइट या पंखा लगातार चलते रहना, आप बहुत सारे घरों में देखेंगे कि एक से अधिक जगहों पर लाइट जलती रहती हैं, पंखे चलते रहते हैं और लोग उसे ऑफ तक नहीं करते हैं। यहां तक कि बच्चों की भी आदत पड़ जाती है, ऐसे में आप को जागरूक होने की जरूरत है और यह जागरूकता आपकी बिजली बिल तो बचाएगी ही साथ ही एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाएगी।

❖ **विंध्यवासिनी सिंह**

# मानसून में पेट हो गया है खराब तो इन घरेलू उपायों का लें सहारा

सेब का सिरका बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसके अम्लीय गुण पेट की खराबी के लक्षणों से निपटने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, इसका सेवन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप इसे हमेशा डायलूट करके ही लें। मानसून का मौसम अपने साथ कई तरह की समस्याएं लेकर आता है। इन्हीं में से एक है पेट की समस्या। मानसून के मौसम में अधिकतर लोगों को पेट दर्द, पेट में जलन, सूजन, अपच और डायरिया जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। यह समस्या इसलिए भी बढ़ती हैं, क्योंकि इस मौसम में लोग अपने खानपान को लेकर लापरवाह हो जाते हैं और ऐसे में उनका पाचन तंत्र प्रभावित होता है। इसलिए, इस मौसम में अपने आहार पर अतिरिक्त ध्यान देना आवश्यक है। साथ ही मानसून के मौसम में पेट की खराबी का इलाज करने के कुछ घरेलू उपायों को भी अपनाया जा सकता है।



**सेब के सिरके का करें सेवन :** सेब का सिरका बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसके अम्लीय गुण पेट की खराबी के लक्षणों से निपटने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, इसका सेवन करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप इसे हमेशा डायलूट करके ही लें। आप एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच सेब का सिरका डालकर उसका सेवन कर सकते हैं।

**पुदीना :** पुदीने में मौजूद मेन्थॉल पेट की खराबी सहित पेट या पाचन संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए उपयोगी बनाता है। यह मांसपेशियों की ऐंठन को कम करने में मदद करता है और मतली और उल्टी जैसी अन्य समस्याओं को रोकता है। यह आपके पेट की जलन को शांत करके उसे ठंडक का अहसास करवाता है। आप कुछ पुदीने की पत्तियों को चबा सकते हैं या पुदीने की चाय पी सकते हैं।

**अपने खाने में घी शामिल करें :** आयुर्वेद में गाय के घी को बेहद अच्छा माना गया है। घी में मौजूद ब्यूटायरेट एसिड सूजन-रोधी होता है। घी पाचक रसों को उत्तेजित करता है और आपके शरीर को पोषक तत्वों को अवशोषित करने में मदद करता है। यह आंतों की सूजन को रोकने में बहुत कारगर है। यह कब्ज को भी दूर कर सकता है। इसलिए आपको भी हर भोजन से पहले आधा चम्मच घी का सेवन करना चाहिए।

**प्रोबायोटिक्स पर करें फोकस :** दही, छाछ, यहां तक कि फरमेंट सोयाबीन का सेवन करने की कोशिश करें। प्रोबायोटिक्स में अच्छे बैक्टीरिया होते हैं जो हमारे पाचन तंत्र पर कार्य करते हैं, पोषण अवशोषण में सहायता करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन करते हैं। इसलिए, अपनी डाइट में प्रोबायोटिक्स को अधिक से अधिक शामिल करने की कोशिश करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से आप अपने सिस्टम से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल सकते हैं और पाचन तंत्र की सहायता कर सकते हैं। मानसून में अक्सर लोग पानी कम पीते है, लेकिन आप अधिक से अधिक मात्रा में पानी का सेवन करें ताकि आपका पाचन तंत्र सही तरह से काम कर सके।

❖ **मिताली जैन**

# सिसकते अरमान



नहीं आती हमें कविता,
नहीं आती हमें गजलें,
बस सिसकते हुए अरमान हैं भीतर
दो चार तुम सुन लो।
मुकद्दर में नहीं लिखा
फिर कैसे जग में हम मशहूर हो जाए।
सुनो हमारी पूरी बातें फिर तुम भी कुछ कहना।
मेरे नयनों से नहीं बहती अब एक बूंद सरिता,
किसे सुनाऊं, कौन सुनेगा मेरे जीवन की गीता।
कचोटते हैं मुझे सभी रिश्ते।
मैं कैसे बतलाऊं कि उसे यकीन हो जाए।
नम आंखें बरसती हैं,
अपनों से मिलने को तरसती है,
जुरत नहीं करती बस, इल्तिजा है हमारी,
तुम मान लो हंस के तो फिर बात बन जाए।
नहीं भाती हमें कोई ललिता,
कैसे रखें सहेजकर अपनी स्मिता।
कुल खास हो तो पेश करें फिर कैसे महफिल-ए-शायर बन जाए।
नहीं आती हमें कविता,
नहीं आती हमें गजलें,
बस सिसकते हुए अरमान हैं भीतर,
दो चार तुम सुन लो।
जग ने दिये हमको किस्तों में सहने की क्षमता,
बहुत खुश हूं मैं, मिल गई समान मानसिकता।
मुकम्मल हो जहां सबका,
हम फरियाद करते हैं।
चमक आंखों में रखते हैं
पर वो दुश्मन से लगते हैं।
न देखो हमें ऐसे, कि फिर फासले बन जाएं।
नहीं आती हमें कविता, नहीं आती हमें गजलें।
सिसकते हुए अरमान हैं भीतर,
दो चार तुम सुन लो।

❖ **ऋतुराज वर्षा**

# क्या है ल्यूकोडर्मा व कैसे करें इसका उपचार

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं। ल्यूकोडर्मा जिसे आमतौर पर विटिलगो के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें स्किन पिगमेंटेशन लॉस होने लगता है, जिससे त्वचा सफेद होने लगती है। त्वचा पर सफेद धब्बे को ल्यूकोडर्मा कहा जाता है। जब स्थित गिंभीर हो जाती है, तो धब्बे खोपड़ी, चेहरे और जननांगों सहित शरीर के लगभग सभी हिस्सों को कवर करते हैं।



## पहचानें लक्षण

बालों का समय से पहले सफेद होना
श्लेष्मा झिल्ली में कलर लॉस होना
रेटिना के रंग में बदलाव

हालांकि ल्यूकोडर्मा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, पिग्मेंटेशन आमतौर पर शरीर के सन एक्सपोजर एरिया पर होता है।

**जानिए कारण :** त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का सटीक कारण अभी भी अज्ञात है। हालाँकि, यह वायरस के संक्रमण, पारिवारिक इतिहास, तनाव या किसी भी ऑटोइम्यून विकार के कारण हो सकता है।

**ल्यूकोडर्मा के प्रकार :** ल्यूकोडर्मा आमतौर पर दो प्रकार का होता है- सेगमेंटल और गैर-सेगमेंटल।

**सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा :** सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा के लक्षण प्रारंभिक अवस्था में नजर आने लगते हैं, जो बॉडी के एक साइड व सेगमेंट में नजर आते हैं।


**गैर-सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा :** गैर-सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा डिस्कलरेशन के साथ शॉर्ट-लिव बर्स्ट होता है। यह बॉडी के दोनों साइड को इफेक्ट करता है।

**ल्यूकोडर्मा का उपचार :** त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

**ल्यूकोडर्मा की रोकथाम :** त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे कई तरीके हैं, जिनकी मदद से ल्यूकोडर्मा से बचाव संभव है। मसलन, केमिकल्स व सूरज के संपर्क में कम आना व तनाव से खुद को दूर रखकर ल्यूकोडर्मा से बचाव किया जा सकता है।

# जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करना है खतरनाक...

ऑवर एक्सरसाइज करने से सबसे ज्यादा दिल को खतरा हो सकता है। शोधकताओं ने बताया कि एक शोध में ये सामने आ चुका है कि अधिक व्यायाम करने से दिल के ऊतकों में जख्म हो सकते हैं। इसके अलावा इससे दिल के मांसपेशियां भी कमोजर हो सकते हैं। इससे तो हम सब वाकिफ हैं कि हमारे शरीर के लिए हैल्दी फूड का सेवन और एक्सरसाइज करना काफी फायदेमंद साबित होता है। रोजाना व्यायाम यानी एक्सरसाइज करने से बढ़ते वजन को नियंत्रण कर शरीर को फीट एंड फाइन बनाया जा सकता है। कई लोग हद से ज्यादा एक्सरसाइज करने लगते हैं और सोचते हैं कि इससे वो जल्दी फीट हो जाएंगे। हालांकि, ऐसा करने से फायदा नहीं बल्कि हमारे शरीर को नुकसान पहुंचता है। अगर आप भी खुद को फीट रखने के लिए एक्सरसाइज करते हैं और कई बार ज्यादा एक्सरसाइज करके ये सोचते हैं कि इससे आपको फायदा होगा, तो आपको बता दें कि इससे आपको सिर्फ नुकसान ही हो सकता है। फिटनेस एक्सपर्ट्स का मानना है कि जो लोग ओवर एक्सरसाइज करते हैं उन्हें कई तरह की बीमारियां अपना शिकार बना लेती हैं। ओवर एक्सरसाइजिंग से आपको थकावट, नींद न आने जैसी कई समस्या हो सकती हैं। अगर आप रोजाना एक्सरसाइज करते हैं तो सीमित समय तक ही करें और सिर्फ उतनी ही करें जिससे आपके शरीर को कोई नुकसान न हो। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि ओवर एक्सरसाइज से शरीर को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



**दिल को हो सकता है खतरा :** ऑवर एक्सरसाइज करने से सबसे ज्यादा दिल को खतरा हो सकता है। शोधकताओं ने बताया कि एक शोध में ये सामने आ चुका है कि अधिक व्यायाम करने से दिल के ऊतकों में जख्म हो सकते हैं। इसके अलावा इससे दिल के मांसपेशियां भी कमोजर हो सकते हैं। बहुत बार ज्यादा एक्सरसाइज करने से दिल की धड़कन बहुत तेज हो जाती है और फिर दिल की संबंधित बीमारी हो जाती है। इसलिए जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज न करें।

**ओवरट्रेनिंग सिंड्रोम :** फिटनेस एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ज्यादा एक्सरसाइज करने से ओवरट्रेनिंग सिंड्रोम हो सकता है। कई बार लोग बिना ब्रेक और रिकवरी के एक्सरसाइज करते हैं जिससे फिटनेट लेवल तो कम होता ही है, साथ ही चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। ज्यादा भारी और ऑवर एक्सरसाइज करने से फिट शरीर नहीं बनता है बल्कि ये हानिकारक हो सकता है।

**इम्यूनिटी सिस्टम पर असर :** ऑवर एक्सरसाइज करने से इम्यूनिटी सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है। दरअसल, एक्सरसाइज करने के लिए ज्यादा एनर्जी की जरूरत होती है। वहीं, अगर आप ज्यादा एक्सरसाइज कर लेते हैं तो और अधिक एनर्जी की जरूरत होती है और इससे इम्यूनिटी सिस्टम पर सीधा असर पड़ता है। इम्यूनिटी सिस्टम पर असर होने से आप जल्दी संक्रमित हो सकते हैं और आपको तरह-तरह की बीमारी अपना शिकार बना सकती है।

**मसल्स दर्द करना :** नॉर्मल रूटीन एक्सरसाइज करने से होने वाला दर्द 1 से 2 दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन अगर आप ज्यादा एक्सरसाइज करते हैं या फिर ऑवर वेट उठा लेते हैं तो आपके मसल्स में काफी दिनों तक दर्द रहता है। इससे आप बीमार भी पड़ सकते हैं, इसलिए जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने से बचें।

**हो सकती है ज्यादा थकान :** ज्यादा एक्सरसाइज करने से थकावट भी अधिक हो सकती है। इससे आप किसी भी अन्य कार्य को ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं। थकान होने के वजह से आप बीमार भी पड़ सकते हैं। दरअसल, ज्यादा या लगातार एक्सरसाइज करने से शरीर का कैलोरी भले ही कम हो जाता है, लेकिन ये आपके शरीर की एनर्जी को काफी कम कर देता है, जिससे आप खुद को काफी थके हुए महसूस करने लगते हैं।

**नींद न आना :** ज्यादा एक्सरसाइज करने से केवल शरीर में दर्द नहीं होता बल्कि आपकी नींद भी गायब हो सकती है। कई लोग ज्यादा एक्सरसाइज करने के बाद रात में काफी बेचैन रहते हैं और सही से सो नहीं पाते हैं। कई बार तो शरीर में होने वाला दर्द भी सोने नहीं देता है। अगर आप अच्छी नींद चाहते हैं तो सीमित समय तक ही एक्सरसाइज करें।

❖ **सिमरन सिंह**

# मोरक्को आर्गन ऑयल का इस्तेमाल करने से मिलते हैं जबरदस्त फायदे

आर्गन तेल में वसा और एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं, जो आपके शरीर को स्वस्थ रहने में मदद कर सकते हैं। वहीं, इसमें विटामिन ई की उच्च सांद्रता प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में मदद करती है। यह आपकी आंखों और त्वचा को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। मोरक्को आर्गन ऑयल आर्गन के पेड़ों पर उगने वाली गुठली की मदद से बनाया जाता है। इस तेल से व्यक्ति को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। इसे सीधे स्किन पर भी लगाया जा सकता है। इसके अलावा, इसके सप्लीमेंट कैप्सूल का सेवन भी लोग करते हैं। यह आमतौर पर शैंपू, साबुन और कंडीशनर जैसे कई कॉस्मेटिक उत्पादों में मिलाया जाता है। इसके अलावा इसे मेडिकली भी इस्तेमाल किया जाता है। वैसे तो आर्गन के पेड़ मुख्य रूप से मोरक्को में पाए जाते हैं, लेकिन मोरक्को आर्गन ऑयल का इस्तेमाल पूरी दुनिया में किया जाता है।



**बेहतर प्रतिरक्षा प्रणाली :** हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि आर्गन तेल में वसा और एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं, जो आपके शरीर को स्वस्थ रहने में मदद कर सकते हैं। वहीं, इसमें विटामिन ई की उच्च सांद्रता प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में मदद करती है। यह आपकी आंखों और त्वचा को बेहतर बनाने में भी मदद करता है।

**कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण :** आर्गन ऑयल के इस्तेमाल का एक लाभ यह भी है कि यह कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण में मदद करता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, इसमें पाए जाने वाले फैटी एसिड आपके गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने और बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करते हैं, जो संभवतः हृदय रोग के जोखिम को कम करता है।

**कैंसर-फाइटिंग गुण :** कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि आर्गन ऑयल यौगिक कैंसर के विकास को धीमा कर सकते हैं और साथ ही साथ कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करते हैं।

**एंटी-एजिंग :** आर्गन ऑयल आपकी हेल्थ व स्किन दोनों के लिए ही लाभकारी माना गया है। अपनी त्वचा पर आर्गन का तेल लगाने से स्किन हेल्थ और इलास्टिसिटी में मदद मिलती है। इससे त्वचा में कसावट आती है या झुर्रियां कम होने लगती है, जिससे बढ़ती उम्र के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं।

**जख्म भरना :** त्वचा को जवां बनाए रखने के लिए आर्गन ऑयल में पाए जाने वाले गुण घावों को ठीक करने में भी मदद कर सकते हैं। आर्गन तेल में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। एक शुरूआती अध्ययन से पता चला है कि जब आर्गन तेल नियमित रूप से लगाया जाता है तो बर्निंग स्किन तेजी से ठीक हो जाती है, लेकिन आर्गन ऑयल को आधिकारिक तौर पर निर्धारित किए जाने से पहले मानव परीक्षणों को अभी भी करने की आवश्यकता है।

❖ **मिताली जैन**

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृष राशि :** कोई बड़ी धनहानि की आशंका है। लापरवाही न करें। भावना को वश में रखें। मन की बात किसी को न बतलाएं। नौकरी में अपेक्षाएं बढ़ेंगी।

**मिथुन राशि :** शत्रु सक्रिय रहेंगे। चुगलखोरों से सावधान रहें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। नई आर्थिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कर्क राशि :** पुराना रोग उभर सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक हानि हो सकती है। किसी भी तरह के विवाद में भाग न लें।

**सिंह राशि :** कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आनंद रहेगा। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**कन्या राशि :** किसी मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपने शिक्षण-अध्ययन संबंधी कार्य में सफलता प्राप्त करेगा।

**तुला राशि :** आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। घर के वृद्धजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। भय रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** घर-परिवार की चिंता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी।

**धनु राशि :** किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। आय में कमी होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मकर राशि :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग बनते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का हल मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मीन राशि :** प्रयास सफल रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक काम करने की इच्छा प्रबल होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### जम्मू-कश्मीर में 40 मिनट के भीतर दो बार भूकंप के झटके

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को 3.4 और 2.8 तीव्रता के दो भूकंप आये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 3.4 तीव्रता का भूकंप रियासी जिले के कटरा इलाके में आया जबकि दूसरा डोडा जिले में महसूस किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जानमाल के किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि पहला भूकंप तड़के तीन बजकर 28 मिनट पर आया जिसका केंद्र जम्मू क्षेत्र के कटरा से 62 किलोमीटर उत्तर पूर्व में जमीन के नीचे पांच किलोमीटर की गहराई में था। डोडा जिले में तड़के चार बजकर सात मिनट पर आये भूकंप का केंद्र जम्मू क्षेत्र में डोडा से 10 किलोमीटर उत्तर में जमीन के नीचे दस किलोमीटर की गहराई में था। पिछले चार दिनों में केंद्रशासित प्रदेश के कटरा, डोडा, उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में भूकंप की 11 घटनाएं हुई हैं।

### पाकिस्तान में सऊदी अरब करेगा एक अरब डॉलर का निवेश

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सऊदी अरब यहां एक अरब डॉलर का निवेश करेगा। सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी ने बताया कि किंग सलमान ने पाकिस्तान में एक अरब डालर का निवेश करने का निर्देश दिया है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को यह जानकारी दी। टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने अपने देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

### अर्जेंटीना के राष्ट्रपति को मिली जान से मारने की धमकी

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। राष्ट्रपति ने डेस्टेप रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस काम कर रही है। फर्नांडीज के अनुसार, वह मामले के विवरण में नहीं जायेंगे, क्योंकि वह जांच में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं। हाल ही में अर्जेंटीना बढ़ती मुद्रास्फीति पर बढ़ते नागरिक असंतोष से जूझ रहा है। प्रदर्शनकारी वेतन और बेरोजगारी लाभ बढ़ाने के लिए सरकारी कार्रवाई की मांग करते हैं, क्योंकि देश में आर्थिक संकट के कारण लगभग 40 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे चली गयी है।

### अलकायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी की मौत पर सस्पेंस

# तालिबान ने कहा- नहीं मिली लाश

### यूएस ने कहा- अलकायदा सरगना की मौत पर कोई शक नहीं

**काबुल (एजेंसी)।** अलकायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी की मौत पर नए सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करनेवाले तालिबान का कहना है कि उन्हें अब तक जवाहिरी का शव नहीं मिला है। दूसरी तरफ, अमेरिका कई बार दावा कर चुका है कि जवाहिरी की मौत के बारे में उसे किसी तरह का शक नहीं है। 10 साल पहले जब ओसामा बिन लादेन मारा गया था, तो अमेरिका ने उसकी मौत की पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट कराया था। जवाहिरी के मामले में ऐसा नहीं किया गया। जवाहिरी 1 अगस्त को काबुल में अमेरिकी ड्रोन स्ट्राइक में मारा गया था। व्हाइट हाउस का कहना है कि यूएस के पास ऐसे कई सोर्स और सबूत हैं, जो जवाहिरी के मारे जाने की पुष्टि करते हैं। सवाल यह है कि अगर जवाहिरी मारा गया और उसका शव उसी बिल्डिंग में था तो वो तालिबान को क्यों नहीं मिला? क्या तालिबान झूठ बोल रहा है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने खुद दुनिया को जवाहिरी के मारे जाने की जानकारी दी थी।



**अमेरिका ने क्या कहा :** व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा- हमें किसी कन्फर्मेशन की जरूरत नहीं है। हमारे कई सोर्स उसके मारे जाने की पुष्टि कर चुके हैं। हमारी एजेंसियों ने कई मेथड्स इस्तेमाल किए। इसलिए उ्बअ की भी जरूरत नहीं है। अब अफगानिस्तान में अल-कायदा का कोई और सरगना नहीं बचा। जवाहिरी पर हमला अफगानिस्तान के समयानुसार एक अगस्त यानी रविवार सुबह 6 बजकर 18 मिनट पर किया गया। उस वक्त अमेरिका में शनिवार की रात के 9 बजकर 48 मिनट का समय था। अमेरिकी अफसर ने बताया कि अमेरिकी एजेंसियां काबुल में उसका पिछले 6 महीने से लगातार पीछा कर रही थीं।

**एक साल से काबुल में था जवाहिरी :** न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक यह ड्रोन स्ट्राइक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की स्पेशल टीम ने की थी। जवाहिरी अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद से ही काबुल में रह रहा था। 11 सितंबर 2001 को 19 आतंकियों ने चार कॉमर्शियल प्लेन हाइजैक कर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर टकरा दिए थे। इसे 9/11 अटैक के नाम से जाना जाता है। इस हमले में ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी समेत अल कायदा के सभी टेररिस्ट्स को अमेरिकी जांच एजेंसी ने आरोपी बनाया था।

#### अफगानिस्तान ने क्या कहा?

**तालिबान** हुकूमत का कहना है कि जिस घर पर अमेरिका ने ड्रोन स्टाइक की, वो खाली था। वहां कोई नहीं रहता था। इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि हमले के दौरान जवाहिरी उसी घर में था। एक अमेरिकी अफसर के मुताबिक जवाहिरी सेफ हाउस में परिवार के साथ रहता था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में परिवार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अमेरिका ने इस हमले के बारे में तालिबान को कोई जानकारी भी नहीं दी थी।

### भूकंप में समा गयी थीं 185 बच्चों की जिंदगियां

## स्मृति में वीर बालक स्मारक का प्रधानमंत्री करेंगे लोकार्पण




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में 2001 में आये भूकंप के दौरान मारे गये स्कूली बच्चों और शिक्षकों को श्रद्धांजलि के तौर पर कच्छ जिले के अंजार शहर के बाहरी इलाके में निर्मित एक स्मारक का 28 अगस्त को उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 27 अगस्त से अपने गृह राज्य गुजरात का दो दिवसीय दौरा करेंगे और इस दौरान वह कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री का 28 अगस्त को कच्छ जिले के भुज कस्बे में एक सभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मोदी उसी स्थल से क्षेत्र में करीब 10 परियोजनाओं का डिजिटल तरीके से उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में से एक अंजार शहर के पास वीर बालक स्मारक भी है जिसका प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगे।

यह स्मारक उन 185 स्कूली बच्चों और 20 शिक्षकों को श्रद्धांजलि है जो 26 जनवरी, 2001 को एक शक्तिशाली भूकंप की वजह से गणतंत्र दिवस परेड के दौरान मारे गये थे। कार्यक्रम में इन बच्चों और शिक्षकों के करीब 100 रिश्तेदारों को आमंत्रित किया गया है। स्मारक में एक संग्रहालय भी बनाया गया है। संग्रहालय की एक दीवार पर सभी पीड़ित छात्रों और शिक्षकों के नाम और तस्वीरें हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव के खिलाफ डॉक्टरों की याचिका पर सुनवाई 30 अगस्त तक टाली

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतजंलि की कोरोनिल दवा के उपयोग को लेकर विभिन्न चिकित्सक संगठनों की याचिका पर सुनवाई 30 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने कहा कि न्यायिक औचित्य और अनुशासन को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही को तब तक रोका जाये, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कथित रूप से इसी तरह के मुद्दों के लंबित होने के संबंध में कुछ स्पष्टता नहीं हो। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा शीर्ष अदालत के



समक्ष लंबित याचिका की एक प्रति हाईकोर्ट के समक्ष पेश की जाये, ताकि वह इस पर निर्णय ले सके कि क्या इस मामले में कोई समानता है और क्या उसे इस पर आगे बढ़ना चाहिए? कई चिकित्सक संगठनों ने पिछले साल हाईकोर्ट का रुख कर यह आरोप लगाया था कि रामदेव जनता को यह कहकर गुमराह कर रहे हैं कि एलोपैथी कोविड-19 से संक्रमित कई लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार रही। याचिका में आरोप लगाया गया कि रामदेव यह दावा कर गलत जानकारी पेश कर रहे हैं कि पतंजलि की कोरोनिल कोरोना वायरस का इलाज है। संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अखिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका के तथ्यों के बारे में पता नहीं है। हालांकि, उन्होंने मामले को जनहित से जुड़ा बताकर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया।

## उलझती जा रही सोनाली फोगाट के मौत की गुत्थी

### गोवा पुलिस का बड़ा खुलासा- उन्हें जबरदस्ती दिया गया ड्रग्स

**पणजी (एजेंसी)।** हरियाणा की भाजपा नेता और टिकटॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। गोवा पुलिस ने बताया कि सोनाली फोगाट को ड्रिंक में आरोपियों ने ड्रग मिलाकर पिलाया था। गोवा पुलिस ने कहा कि दोनों अभी अभी हिरासत में है और जल्द ही उनको औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाएगा। गोवा पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि सोनाली फोगाट को जबरदस्ती ड्रग पिलाया गया था। गोवा के आईजी ओमवीर सिंह बिश्नोई ने कहा कि सोनाली के पोस्टमार्टम के बाद हमने पूरे मामले की जांच शुरू की है। आईजी



ओमवीर सिंह बिश्नोई ने कहा कि सोनाली फोगाट के भाई की शिकायत के बाद हमने हत्या का मुकद्दमा दर्ज किया था और हमने सभी के बयान लिए और उन जगहों का दौरा किया जहां वे गए थे।

आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया, पूछताछ में हमने पाया कि सोनाली फोगाट को जबरदस्ती नशीला पदार्थ दिया गया था, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। सुबह 4:30 बजे जब वह कंट्रोल में नहीं थी तो आरोपी उसे शौचालय में ले गया, 2 घंटे तक उन्होंने क्या किया? इसका आरोपियों ने जवाब नहीं दिया, हमने सारे सीसीटीवी फुटेज देखे और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आईजी ओमवीर सिंह ने कहा कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उन्हें फॉरेंसिक टीम के साथ मौका-ए-वारदात में ले जाया जा रहा है, हमें लगता है कि जो ड्रग उन्हें जबरदस्ती पिलाया गया था, उससे ही उनकी मौत हुई है, उस पार्टी में दो और लड़कियां भी थीं, जिनकी पहचान कर ली गई है और उन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। बता दें कि सोनाली के परिवारवालों की शिकायत पर फोगाट के पीए सुधीर सांगवान और उसके साथी सुखविंदर वासी को हिरासत में लिया गया है।

## 16 महीने का रिशांत दुनिया से जाते-जाते दे गया दो लोगों को नयी जिंदगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से एक दिल दहला देनेवाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि 16 महीने के रिशांत ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। इसी के साथ जाते-जाते दो बच्चों को नयी जिंदगी दी हैं। दरअसल, मासूम की मौत के बाद उसके परिवार ने फैसला लिया कि वो दूसरों के बच्चों को सलामत रखने के लिए रिशांत के अंगदान करेंगे। परिवार के इस फैंसले की अब हर कोई तारीफ कर रहा हैं। रिशांत के हार्ट वाल्व से एक और बच्चे की जान बचेगी और दोनों कॉर्निया से दो अन्य बच्चे भी अपना जीवन जी पायेंगे।




**आठ दिनों तक मौत से लड़ा रिशांत :** 17 अगस्त को गीता कॉलोनी के कृष्णा नगर इलाके में रहनेवाला रिशांत तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया था, जिसके बाद परिवारवाले उसे पास के हॉस्पिटल में ले गये और बाद में ट्रॉमा सेंटर लेकर गये, जहां बच्चे की हालत काफी गंभीर बतायी गयी। करीब आठ दिन बाद अस्पताल वालों ने 24 अगस्त को रिशांत ब्रेन डेड घोषित कर दिया। इस सदमे से परिवार पूरी तरह टूट गया लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एक बड़ा फैसले लेते हुए रिशांत के अंगदान करने की घोषणा की। बता दें कि रिशांत दिल्ली-एनसीआर में सबसे यंगेस्ट डोनर है। अंगदान के फैसले पर बात करते हुए बच्चे के पिता उपेंद्र राय ने बताया कि डॉक्टर ने मुझे रौली प्रजापति का अंगदान करने वाले माता-पिता की वीडियो दिखाई थी, जिसके बाद मैंने और पत्नी ने बाकी परिजनों के साथ विचार-विमर्श करके अंगदाना का फैसला लिया।

## क्या अभी तक गुलाम थे जो अब आजाद हो गये?

\- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** फरवरी 2021 में गुलाम नबी आजाद की राज्यसभा से विदाई हुई थी। जिसमें उनके विदाई भाषण के दौरान उनकी प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखों में भावुक आंसू बहने लगे थे। तमाम लोगों को कहना है कि यदि गुलाम नबी आजाद उसके बाद ही कांग्रेस छोड़ दिये होते, तो हो सकता है उनको उपराष्ट्रपति पद का प्रस्ताव मिल गया होता। लेकिन वह इस उम्मीद में थे कि सोनिया, राहुल उनको फिर कहीं न कहीं से राज्यसभा सांसद बनवा देंगे, लेकिन वह हुआ नहीं, तो तमतमाये, पिनपिनाये गुलाम नबी आजाद व उनके जैसों के गुट जी-23 ने सोनिया गांधी को अपने हस्ताक्षर वाली प्रवचनी पाती लिख दी। इस जी-23 ने सारे दोष राहुल व उनकी कोटरी पर उड़ेल दिया। इसी के बाद से सोनिया व राहुल के लोगों को लगने लगा कि गुलाम यूं ही नहीं बेचैन हैं। कोई तो है ताकत जिसके चाल व दांव का मोहरा बन रहे हैं। इसके बाद मार्च 2022 में गुलाम नबी आजाद को केंद्र की मोदी सरकार ने पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया। उधर, जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार कुछ न कुछ चुनावी ऐसा करती रही जिससे चुनाव के समय भाजपा को फायदा हो। विधानसभा सीटों का नये सिरे से परिसीमन और उसमें जिस तरह से नये विधानसभा क्षेत्र का खाका सामने आया, उससे स्पष्ट हो गया कि भाजपा को फायदा होगा। अब एक नया प्रारूप बना है कि जो भी सैनिक जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं, बाहर से लोग जाकर वहां मजदूरी या कोई कार्य कर रहे हैं, उन सबको वहां चुनाव में मतदान का अधिकार दे दिया जायेगा। अब चर्चा है कि जम्मू-कश्मीर में मार्च-2023 तक विधानसभा चुनाव हो सकता है। गुजरात, हिमाचल में भी चुनाव है। इधर, कांग्रेस में संगठनात्मक चुनाव भी होनेवाला है। इस माहौल में गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त 2022 को कांग्रेस नेतृत्व पर पार्टी के आंतरिक चुनावों के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पांच पृष्ठ का पाती लिख अपनी प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

■ कांग्रेस अध्यक्ष का आंख-कान रहते कितने कांग्रेसियों का कैरियर बर्बाद किया?



उन्होंने इस पाती में राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की है, लेकिन गुलाम ने कांग्रेस नेतृत्व पर जो भी आरोप लगाये हैं वे सब आरोप उलट-पलट कर गुलाम को ही लपेट रहे हैं। कांग्रेस के कई बुजुर्ग नेता जो गुलाम चौकड़ी के शिकार हुए, जिनकी राजनीति गुलाम ने सोनिया का कान फूंक-फूंक कर खत्म कर दिया, उनका कहना है कि कांग्रेस आज जिस हालत में है उसके सबसे बड़े ज़िम्मेदार जो कुछ लोग हैं उनमें से प्रमुख गुलाम नबी आजाद हैं। यही गुलाम नबी आजाद हैं जिन्होंने 2013 में राहुल गांधी को कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनवाने की मुहिम चलायी थी। यही गुलाम हैं जिन्होंने 2017 में राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनवाने के लिए वह सब किया जो नहीं करना चाहिए और आज वही गुलाम आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के आंतरिक चुनावों के नाम पर धोखाधड़ी हो रही है। आज राहुल गांधी के इर्द-गिर्द जो लोग हैं, उन पर गुलाम आरोप लगा रहे हैं, लेकिन यह क्यों भूल जाते हैं कि सोनिया गांधी के इर्द-गिर्द यूपीए सत्ता के दौरान किस गुलाम, अहमद जैसों की चौकड़ी थी। कांग्रेस का बंटाधार करने में खुद गुलाम का कितना बड़ा हाथ है, पहले यह तो गुलाम देखें। उनको संजय गांधी ने जम्मू-कश्मीर युवक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया था। उसके बाद उनको राष्ट्रीय स्तर पर अध्यक्ष बना दिया। संजय की मौत के बाद गुलाम नबी आजाद तो राजीव गांधी की टीम में शामिल हो गये। उसके बाद कभी ये जहाज से उतरे ही नहीं। सत्ता व संगठन में हमेशा बड़ा पद रहा। लंबे समय तक मालदार राज्यों के प्रभारी रहे। कांग्रेस के एक बुजुर्ग नेता का कहना है कि कर्नाटक, महाराष्ट्र व अन्य कई राज्यों में यदि जांच हो, तो उनके बहुत कुछ सामने आ जायेंगे।

# पाक में बाढ़ के बाद आपातकाल, 900 से ज्यादा लोगों की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान बाढ़ और बारिश से बेहाल है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि अब तक 900 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार ने बिगड़ते हालात को देखते हुए नेशनल इमरजेंसी घोषित कर दी है। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, भारी बारिश के चलते आई बाढ़ से अब तक 937 लोगों की जान चली गयी है। मरनेवालों में 343 बच्चे भी शामिल हैं। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की रिपोर्ट में कहा गया कि 14 जून के बाद से अब तक सबसे ज्यादा सिंध प्रांत में 306 लोगों की मौत हुई है। कराची, पंजाब, बलूचिस्तान प्रांत में हालात गंभीर बने हुए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। वहीं, बलूचिस्तान में 234 लोग जान गवां चुके हैं। खैबर पख्तूनख्वा



में 185 और पंजाब प्रांत में 165 लोगों की मौत हुई है। गिलगित-बाल्टिस्तान में नौ लोगों की मौत हुई। एनडीएमए के मुताबिक, अगस्त महीने में पाकिस्तान में 241 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। यहां एवरेज 166.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। जबकि हर साल एवरेज 48 मिलीमीटर बारिश होती है। सिंध में 784 प्रतिशत और बलूचिस्तान में 496 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। सिंध प्रांत के 23 जिलों में हाई अलर्ट है। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने बताया कि पाकिस्तान आर्मी और लोकल एडमिनिस्ट्रेशन बचाव कार्य में लगे हुए हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। करीब 3 करोड़ लोग बेघर हो गये हैं। लोगों के पास खाने के लिए कुछ नहीं है। बलूचिस्तान प्रांत के एडमिनिस्ट्रेशन ने लोगों के रहने के लिए एक लाख टेंट की मांग की है।

**सरकार ने राहत कार्यों के लिए फंड देने की अपील की :** पाकिस्तान सरकार बाढ़ से बने हालात को संभालने में नाकाम होती नजर आ रही है। इसके लिये सरकार ने दूसरे देशों से मदद मांगी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार को 5.78 लाख करोड़ रुपये के रिलीफ फंड की जरूरत है। वहीं, हेल्थ सेक्टर के लिए उसे 12.9 हजार करोड़ रुपये चाहिए। बाढ़ से खेतों और फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार को नौ अरब रुपये की जरुरत है।

### 82 हजार से अधिक घरों को नुकसान

**सूचना** मंत्री मरियम औरंगजेब ने बताया कि बाढ़ से 82 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। इन्हें दोबारा बनाने के लिए 41 अरब रुपये (3.27 लाख करोड़ रुपये) की लागत आयेगी। यानी हर एक घर पर 50 हजार रुपये का खर्च आयेगा। भरपाई के लिए दूसरे देशों से मदद की गुहार लगायी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की मदद की पूरी कोशिश कर रही है। इस मुश्किल घड़ी में हमें एक-दूसरे का साथ देने है और मदद करना है।

# न्यूज गैलरी

## संजय सर्राफ पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर बने



रांची। शुक्रवार को रांची में पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड की विजुअल बैठक खेल निदेशक सुगंध नारायण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से संजय सर्राफ को पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। बैठक में डॉ. शिवाजी कुमार पूर्व दिव्यांग आयुक्त बिहार सह चेयरमैन चयन कमेटी मुख्य रूप से शामिल हुए। तथा पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के राज्य कोऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल के अलावे अन्य लोग उपस्थित हुए। कमल कुमार अग्रवाल ने बताया कि 3-4 सितंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 का आयोजन ठाकुर विश्वनाथ इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम खेल गांव रांची में किया गया है। जिसमें पूरे झारखंड से पारा बैडमिंटन खिलाड़ी भाग लेंगे।

## पासवा अध्यक्ष ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमिटी संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने शुक्रवार को इटखोरी में मां भद्रकाली की पूजा अर्चना की एवं राज्य वासियों की खुशहाली,अमन, तरक्की, भाईचारगी के लिए आशीर्वाद मांगा।उनके साथ पुत्र मेंहुल कृष्णा,चतरा जिला पासवा अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक योगेन्द्र बैठा, कांग्रेस नेता अनिल सिंह, पवन शर्मा,सत्यदेव सोनी, गुलाम रसूल अंसारी,नेमधारी यादव भी मौजूद रहे। भद्रकाली के दर्शन के उपरांत आलोक दूबे चतरा चले गए और रात्रि विश्राम चतरा में करेंगे। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा द्वारा कल 27 अगस्त को चतरा जिला छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे शामिल होंगे।10 वीं एवं 12 वीं कक्षा में जैक ,सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक के टॉपर बच्चों को पासवा पहली बार चतरा में सम्मानित करने जा रही है जिसमें एक हजार से अधिक बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## बैक डोर से सरकार बनाने का सपना देख रही है भाजपा : राजद

रांची। झारखणड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि जनता द्वारा जनता के लिये चुनी हुई सरकार को भाजपा ऐन,केन प्रकेन हटाकर स्वम्ं सत्ता पर काबिज होने की सपना देख रही है भाजपा जो नामुमकिन है! भाजपा काफी बेचैनी में है भाजपा को इतना बेचैन नहीं होनी चाहिये सब्र करना चाहिये। डॉ.कुमार ने कहा कि भाजपा सिर्फ व सिर्फ राजनीतिक षडयंत्र कर रहीं है विपक्ष को परेशान करने में लगी है जो लोकतंत्र के लिये अच्छा संकेत नहीं है! झारखंड में यूपीए गठबन्धन तटस्त है एकजुट है सरकार पर कोई संकट नही,आकड़े का खेल है और यूपीए गठबन्धन के पास पुर्ण आकडा है इसलिये भाजपा का लार न टपके तथा राजनीतिक षडयंत्र करना बन्द करे,अन्यथा जनता है सब देख रही है।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

रांची। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रांची की शुक्रवार को अपराह्न 12:00 बजे से विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित 23वीं (वर्तमान वित्त वर्ष की प्रथम) बैठक का आयोजन मुख्य आयकर आयुक्त बिहार एवं झारखंड की अध्यक्षता में आज संपन्न हुई। इसमें केंद्र सरकार के रांची स्थित करीब 70 से अधिक विभागों के हिंदी काम काज से जुड़े अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी ने बैठक के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की एवं इसे और असरदार तथा बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु अपने सुझाव दिए। मुख्य आयकर आयुक्त ने राजभाषा काम काज संबंधी सभी विभागों के लेखा जोखा को देखा तथा कमियों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## झारखंड में मधुमेह के मूल कारण का पता लगाने के लिए होगा शोध


रांची। रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) झारखंड में डायबिटीज (मधुमेह) के मूल कारण का पता लगाने के लिए शोध करेगा। इसके लिए रांची में तीन दिवसीय कार्यशाला होगी। सोसाइटी के संगठन सचिव डॉ विनय ढनढनिया ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि कार्यशाला में 50 से अधिक चिकित्सक डायबिटीज के कारण, इलाज और रोकथाम को लेकर अपना शोध पेश करेंगे। डॉ विनय ढनढनिया ने बताया कि झारखंड में अब 20 से 30 वर्ष के उम्र के युवाओं में भी डायबिटीज के लक्षण मिल रहे हैं। पहले इसकी औसतन आयु 40 से 50 वर्ष तक थी। सोसाइटी के चेयरमैन डॉ एनके सिंह ने बताया कि वर्तमान में राज्य के ग्रामीण इलाकों के मेहनत करने वाले युवाओं को भी डायबिटीज होने लगा है।


## आरटीआई कार्यकर्ता ने सबसे पहले सीएम के खनन लीज लेने में की थी शिकायत

रांची। झारखंड की राजनीति में अभी उथल-पुथल मची हुई है। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में सीएम हेमंत सोरेन की कुर्सी हिल गयी है। यह कार्रवाई बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास और अन्य नेताओं द्वारा राज्यपाल को की गयी शिकायत के आधार पर हो रही है। बाद में राज्यपाल ने इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग से मंतव्य मांगा था। लेकिन यह बीजेपी नेताओं द्वारा इस मसले पर शिकायत करने के पहले एक सामाजिक कार्यकर्त्ता सुनील कुमार महतो द्वारा भी राज्यपाल से इस मामले में शिकायज दर्ज करायी गयी थी। जय झारखंड अभियान नामक सामाजिक संगठन से जुड़े सुनील महतो ने 20 जनवरी 2022 को ही इस मामले में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया था।

### भारत को विश्व गुरु बनाना भाजपा का प्रथम लक्ष्य : सीटी रवि

# प्रदेश प्रशिक्षण शिविर से राष्ट्र का होगा नव निर्माण : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को धनबाद के गोविंदपुर स्थित डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर सभागार में शुरू हुआ। प्रशिक्षण शिविर से पूर्व अनुसूचित जाति के महापुरुषों की जीवनी के ऊपर तैयार की गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री सह प्रभारी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सी टी रवि, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने किया। वहीं तीन दिवसीय (26, 27, 28अगस्त 2022) प्रदेश प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री सह प्रभारी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सी टी रवि, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा



अनुसूचित जाति मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी सांसद धनबाद पीएन सिंह ने किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री सी टी रवि ने सबसे पहले झारखंड से सभी स्वतंत्रा सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। वहीं उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और भाजपा राजनीति में सत्ता के लिए नही है। सत्ता में रहने का मकसद समाज मे परिवर्तन, अंत्योदय और भारत को विश्व गुरु बनाना है। भाजपा नीति, नेता और नियति के अनुरुप चलने वाली पार्टी है। पार्टी की नीति प्रजातंत्र, प्रमाणिकता और अंत्योदय है। उन्होंने कहा कि नेता कार्यकर्ता के बीच से समाज के लिए संघर्ष करने वाले लोग ही बन सकते है। हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने राजीव गांधी के एक बयान के विषय मे कहा कि पहले जब कांग्रेस 1 रुपया किसी लाभुक को भजेती थी तो लाभुक के पास मात्रा 15 पैसा ही पहुंच पाता था, लेकिन आज जब भ्रातबके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी योजना का पैसा लाभुक तक भेजते है तो पूरा पैसा जनता के खाते में पहुंचता है। सी टी रवि ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आये प्रतिभागियों से कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले सत्र से न सिर्फ व्यक्तिगत बल्कि समाज के निर्माण में भी सहायक साबित होगा। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण का लाभ राष्ट्र निर्माण और अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किया जाएगा।

# हरिनाथ साहू को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण मंत्री हरिनाथ साहू को रांची जिला एवं ग्रामीण विकास विभाग कांके प्रखंड, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके रिनपास सहित विभिन्न विभागों का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया। नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू को ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो,भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद प्रो।आदित्य प्रसाद साहू, रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल, महामंत्री नरेंद्र कुमार सिंह, प्रीतम कुमार साहू, भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर, नसीब लाल महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा चुनिन्दर महतो, बलराम जयसवाल, रांची जिला ग्रामीण ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रताप



कुशवाहा, कांके मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा, महामंत्री प्रभात भूषण, भाजपा नेता नरेश साहू, तुलसी महतो, प्रदीप ठाकुर, संजय साहू, बेनी साहू, शत्रुघ्न साहू, पंकज साहू, डॉ। दानेश्वर कुमार, सोनू कुमार, अभय कुमार, सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा, मीना देवी, अनुज कुमार, वनीता मेहता, मो। इम्तियाज अंसारी, मो. अजीजुल अंसारी सहित कई लोगों ने शुभकामना और बधाई दिए।

# हरिनाथ साहू को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर क्लब ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े छात्र क्लब ग्रुप के संरक्षक भाजपा नेता हरिनाथ साहू को कांके विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक समरीलाल ने रांची जिला एवं ग्रामीण विकास विभाग कांके प्रखंड, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके एवं रिनपास, कांके का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। हरिनाथ साहू को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर भाजपा नेता महेश चंद्रा के अध्यक्षता में कमड़े स्थित हॉटलिप्स होटल में अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक राजू महतो, कुमारी पूनम, अनिता कुमारी आदि मौजूद थे। शिव किशोर शर्मा ने कहा हरिनाथ साहू जी में सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। अब कांके विधानसभा क्षेत्र की जनता को अपने आवश्यक कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं क्लब के संरक्षक एवं भाजपा नेता सतीश सिंह ने



हरीनाथ साहू को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने खुशी जाहिर की एवं विधायक समरीलाल के प्रति आभार जताई। हरिनाथ साहू को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर रांची मोटर डीलर एसोसिएशन, विभिन्न व्यापारिक संगठन, कपिल फाउंडेशन, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच, चिकित्सक मंच, आस्था जीवन आदि संस्था के प्रतिनिधि संतोष प्रसाद गुप्ता, राजेश कुमार साहू, राजकिशोर राणा, विनय कुमार शर्मा, जयविंदा देवी, डॉ। अनुज कुमार पटेल, ललित कुमार चौधरी, विनोद कुमार साहू, छोटू सिंह, कन्हैया सिंह, प्रथम सिंह, अरुण शर्मा, निगम कुमार, वीरेन्द्र कुमार ने टेलिफोनिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

## रांची नई-दिल्ली विमान सेवा बंद करने के निर्णय पर दोबारा विचार हो

**रांची।** झारखंड चैंबर ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से एयर इंडिया की रांची-दिल्ली विमान सेवा अचानक बंद किए जाने के निर्णय पर चिंता जताते हुए कंपनी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी सह प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा है। इस पत्र में चैंबर ने कंपनी से इस निर्णय पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया। शुक्रवार को चैंबर भवन में इसे लेकर सीविल एवीएशन उप समिति की एक बैठक भी की गई। इसमें सदस्यों ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण रांची और इसके आसपास के जिलों के यात्री विशेषकर व्यापारी, उद्यमी व विद्यार्थी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से ही दिल्ली की फ्लाइट लेते हैं। लेकिन इस सीधी विमान सेवा के बंद होने से रांची से दिल्ली और वहां से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की कनेक्टिंग सेवाएं लेने वाले यात्री कठिनाई महसूस कर रहे हैं।

# मधुमेह के मूल कारण का पता लगाने के लिए होगा शोध

**रांची।** रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) झारखंड में डायबिटीज (मधुमेह) के मूल कारण का पता लगाने के लिए शोध करेगा। इसके लिए रांची में तीन दिवसीय कार्यशाला होगी। सोसाइटी के संगठन सचिव डॉ विनय ढनढनिया ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि कार्यशाला में 50 से अधिक चिकित्सक डायबिटीज के कारण, इलाज और रोकथाम को लेकर अपना शोध पेश करेंगे। डॉ विनय ढनढनिया ने बताया कि झारखंड में अब 20 से 30 वर्ष के उम्र के युवाओं में भी डायबिटीज के लक्षण मिल रहे हैं। पहले इसकी औसतन आयु 40 से 50 वर्ष तक थी। सोसाइटी के चेयरमैन डॉ एनके सिंह ने बताया कि वर्तमान में राज्य के ग्रामीण इलाकों के मेहनत करने वाले युवाओं को भी डायबिटीज होने लगा है।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव

**इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण संख्या- 04/2022-23**

पत्रांक 422/दिनांक- 26.08.2022

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रांतर्गत 10 सीटर सामुदायिक शौचालय का संचालन एवं रख रखाव किया जाना है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति/स्वयं सहायता समूह/संस्थान आदि बन्द लिफाफे में मासिक दर अंकित करते हुए दिनांक 14.09.2022 को अपराह्न 01:00 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उसे उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा।

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | सामुदायिक/ सार्वजनिक | कार्य का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 01 | रेफरल अस्पताल के बगल में सामुदायिक शौचालय। | सामुदायिक | संचालन एवं रख-रखाव। |
| 02 | बाजार समिति के प्रांगण में सामुदायिक शौचालय। | सामुदायिक | संचालन एवं रख-रखाव। |
| 03 | पुराना नगर पंचायत कार्यालय के बगल में सामुदायिक शौचालय। | सामुदायिक | संचालन एवं रख-रखाव। |
| 04 | राधा कृष्ण मंदिर के पास सामुदायिक शौचालय। | सामुदायिक | संचालन एवं रख-रखाव। |
| 05 | विवाह भवन के बगल में सामुदायिक शौचालय। | सामुदायिक | संचालन एवं रख-रखाव। |

**नोट :- विस्तृत सूचना नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

**नियम एवं शर्तें :**

1. यह कि नगर पंचायत मझिऑव द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालय का स्वामित्व नगर पंचायत मझिऑव के अधीन रहेगा।
2. यह कि सामुदायिक शौचालय के देख रेख एवं रख रखाव की सम्पूर्ण जिम्मेवारी द्वितीय पक्ष की होगा।
3. यह कि सामुदायिक शौचालय के भवन के रूप ढॉचा में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं होगा, अगर होता है तो द्वितीय पक्ष कानूनी रूप से जिम्मेवार होगा।
4. यह कि सामुदायिक शौचालय में उपयोग होने वाले बिजली बिल का भुगतान प्रतिमाह द्वितीय पक्ष का होगा।
5. यह कि नगर पंचायत मझिऑव द्वारा सामुदायिक शौचालय के उपयोग के लिए सैरात की वसूली दर निर्धारण किया गया है। द्वितीय पक्ष उपभोक्ताओं से वही दर वसूलेगा।
6. यह कि द्वितीय पक्ष को एकरारनामा के अनुसार तय शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा, यदि द्वितीय पक्ष एकरारनामा में तय शर्तो का उल्लंधन करता है तो नगर पंचायत मझिऑव द्वितीय पक्ष के बंदोबस्ती को रद्द करने के लिए स्वतंत्र होगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत मझिऑव**

PR 276536 Urban Development(22-23)#D



## Office of the Nagar Parishad, Lohardaga

**Notice Inviting Short Tender**

e-Tender Reference No. 05/2022-23 — Date- 25-08-2022

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Bid Document by DD (Rs.) (non refundable) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of Drain and repairing of PCC road from Eshak Ansari house to Hafijul Ansari house via ward development Center at ward No. 11 | 1872266.00 | 37,500.00 | 5000.00 | 60 Days |
| 2 | 2 | Construction of drain and PCC road from Chamru oraon house to Bagdu rod (Niche Kumar toli) and Laying of interlocking paver block near samudayik Sauchalay at ward No.01 | 1646479.00 | 33,000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| 3 | 3 | Construction of PCC road from 1. Haso quraishi house to Reyajul Ansari house via Khadim ansari house (Guljarnagar) 2. Mujammil House to Isteyak Ansari House (Guljar Nagar) and Repairing of PCC road from 1. Anganbari Center to Ahsani Masjid (Noor Nagar) 2. Prince Quraishi house to Naushad quraishi house (Noor Nagar) at ward No. 01 | 2473223.00 | 49,500.00 | 5000.00 | 60 Days |
| 4 | 4 | Development and Beautification of Toilet block, Sankh River, Lohardaga | 3043719.00 | 60,900.00 | 10000.00 | 180 Days |
| 5 | 5 | Development and Beautification of Toilet block, Bus Stand, Lohardaga | 4242867.00 | 84,900.00 | 10000.00 | 180 Days |
| 6 | 6 | Development and Beautification of Toilet block, Court Compound, Lohardaga | 3038008.00 | 60,800.00 | 10000.00 | 180 Days |
| 7 | 7 | Development and Beautification of Toilet block, Maina Bagicha, Lohardaga | 3037972.00 | 60,800.00 | 10000.00 | 180 Days |
| 8 | 8 | Development and Beautification of Toilet block, Kachahari more, Lohardaga | 2934860.00 | 58,700.00 | 10000.00 | 180 Days |

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Last date for submission of tender fee and earnest money. | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 03-09-2022 Time 10:30 AM | N.P. Lohardaga 20-09-2022 up to 3:00 P.M. | Bid downloading Date- 03-09-2022 Time 11:00 A.M To Date 19-09-2022 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 03-09-2022 Time 11:30 P.M To Date 19-09-2022 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date 21-09-2022 Time 03:30 P.M |

Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in

**Executive Officer**
**Nagar Parishad, Lohardaga**

PR 276513 Lohardaga(22-23)#D


# पृष्ठ एक के शेष

### जांच एजेंसियों की मदद से पैरों में...

उन्हें सीढ़ी बनाकर लोकपाल में केस कर मुझ तक (हेमंत सोरेन) पहुंचने की कोशिश शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि जब तक खून का एक भी कतरा बचेगा, वे डरनेवाले नहीं हैं।

**सत्ता से बेदखल करनेवाली हर डोरी टूट जा रही**

हेमंत सोरेन ने कहा कि छह-सात महीने से उन्हें सत्ता से बेदखल करने की जोरदार कोशिश हो रही है, गर्दन पर आरी चलाने की कोशिश हो रही है, लेकिन जिस डोरी के माध्यम से वे आगे बढ़ते है, उनकी वह डोरी ही टूट जाती है। ऐसे में झारखंड की मिट्टी के सभी नौजवानों को सावधान रहने की जरूरत है, यदि लोग सचेत नहीं रहेंगे, तो जंगल में रहनेवाले लोगों को व्यवसायी बाजार में बेच देंगे। देश में आज अजीबो-गरीब स्थिति है। राष्ट्र की संपत्ति को व्यवसायी लगातार बेच रहे हैं और जब उन्हें रोकने की कोशिश की गयी, तो उनके इशारे पर ही फंसाने की कोशिश की जा रही है।

### हर परिस्थिति से निपटने के लिए....

जेएमएम के वरिष्ठ नेता और मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि पार्टी को सत्ता खैरात में नहीं जनसमर्थन से मिली है, अगले 25 सालों तक जेएमएम की सरकार बनी रहेगी। वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने दावा किया है कि पार्टी के सभी विधायक एकजुट हैं, कांग्रेस को अपने विधायकों को कहीं ले जाने की जरूरत नहीं है। सभी विधायकों को रांची में ही रहने का निर्देश दिया गया है। वहीं, यह भी संभावना जतायी जा रही है कि कैश कांड में फंसे तीन विधायकों को कांग्रेस कोलकाता से रांची बुला सकती है। इस संबंध में कोलकाता हाईकोर्ट में तीनों कांग्रेस विधायकों की ओर से याचिका दायर कर अनुमति ली जा सकती है।

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने विधायक को छग ले जाने से किया इंकार :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि जेएमएम कांग्रेस विधायकों को अभी झारखंड से कहीं बाहर ले जाने पर कोई चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूपीए गठबंधन सरकार पूरी तरह से स्थिर है। सीएम हाउस पहुंचे राजेश ठाकुर ने कहा कि बैठक में सभी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड में जो राजनीतिक परिस्थिति बनी है, वह कमोबेश सभी गैर भाजपाई राज्यों की है। उन्होंने कहा कि जेएमएम परिस्थिति के हिसाब से निर्णय लेने के लिए तैयार है, सभी विकल्पों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

**निशिकांत ने कहा- जेएमएम विधायकों को छग ले जाया जायेगा**

**इधर,** झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस विधायकों को छत्तीसगढ़ भेजे जाने की चर्चा शुरू हो गयी है। भाजपा विधायक निशिकांत दूबेने ट्वीट कर दावा किया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सूत्रों के अनुसार तीन बसों से विधायकों को छत्तीसगढ़ के बारामुदा ले जाया जा रहा है। निशिकांत दूबे ने कहा कि भाजपा, एजेंसी के साथ-साथ अब झामुमो की सूचना भी लगातार देते रहेंगे।

### मुफ्त योजनाओं वाले चुनावी वादों पर अब...

योजनाएं, जो जीवन को बेहतर बनाती हैं, क्या उन्हें फ्रीबीज माना जा सकता है?' कोर्ट ने इस मामले के सभी पक्षों से अपनी राय देने को कहा।

**23 अगस्त 2022 :** सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई किया और केंद्र से पूछा कि आप सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाते हैं? क्योंकि राजनीतिक दलों को ही इस पर सब कुछ तय करना है।

**आयोग ने कहा था- फ्री स्कीम्स की परिभाषा आप ही तय करें :** सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान 11 अगस्त को चुनाव आयोग ने कहा कि मुफ्त योजनाओं पर राजनीतिक दल क्या पॉलिसी अपनाते हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले मुफ्त योजनाओं का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाये बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट ही तय करें कि मुफ़्त योजनाएं क्या हैं और क्या नहीं। इसके बाद हम इसे लागू करेंगे।

**याचिका में क्या कहा गया है? :** भाजंपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने जनहित याचिका दायर की है। इसमें मांग की है कि चुनाव में उपहार और सुविधाएं मुफ्त बांटने का वादा करनेवाले दलों की मान्यता रद्द की जाये। सुझाव देने के लिए न्यायालय की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल को आमंत्रित किया गया था।

### भाजपा में तीन दिनों का प्रशिक्षण शिविर...

को रांची में सभी सांसदों व विधायकों की बैठक भी होनी थी, लेकिन उसे स्थगित कर दी गयी।

**मधुबन में क्या है कार्यक्रम**

भाजपा के प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27, 28 व 29 अगस्त को मधुबन में होगा। इस शिविर में सभी पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, विभाग, प्रकोष्ठ, प्रकल्प के प्रदेश संयोजक शामिल होंगे। शुक्रवार की शाम तक कई बड़े नेता मधुबन पहुंच चुके हैं। शनिवार को प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री सांसद व प्रदेश प्रभारी दिलीप सैकिया और प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, संगठन महामंत्री उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, केंद्रीय प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. मुरलीधर राव, प्रदेश संगठन प्रशिक्षण विभाग के केंद्रीय सदस्य हेमंत गोस्वामी, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार राय, डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद जयंत सिन्हा, कमल संदेश के संपादक शिवशक्ति बक्शी शामिल होंगे। प्रशिक्षण शिविर 29 अगस्त की शाम चार बजे के बाद खत्म होगा।

### सर्वोच्च न्यायालय व अपने पद की गरिमा को...

उन्होंने जिला अदालतों और हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभायी। लंबित केसों के निपटारे के लिए सिस्टम बनाने के लिए भी उन्होंने प्रयास किये।

सीजेआई और कॉलेजियम के प्रमुख के रूप में उन्होंने 225 न्यायिक अधिकारियों यानी निचली अदालत के न्यायाधीशों और हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति की सिफारिश की। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय में 11 जजों की नियुक्ति की गयी। इनमें महिला जज बीवी नागरत्न भी शामिल हैं। जस्टिस रमण ने बीते साल 24 अप्रैल को 48वें भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। 16 महीने से ज्यादा के कार्यकाल के बाद वे 26 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गये।

## न्यूज गैलरी

### सात अक्टूबर से शुरू होगा प्रो कबड्डी लीग का नया सत्र



**मुंबई (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के नौवें सत्र की शुरूआत सात अक्टूबर को होगी जिसमें दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति दी जाएगी। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इस प्रतियोगिता के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि लीग चरण के मैच बेंगलुरू, पुणे और हैदराबाद में खेले जाएंगे। लीग चरण दिसंबर तक चलेगा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले सत्र में दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं दी गई थी। आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी पांच और छह अगस्त को की गई थी।

### कोसाराजू ने एआईएफएफ कोषाध्यक्ष पद से नामांकन वापस लिया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष गोपालकृष्ण कोसाराजू ने दो सितंबर को होने वाले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन शुक्रवार को वापस ले लिया। इस पद के लिए कोसाराजू का मुकाबला अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय के साथ था। कोसाराजू के हटने के बाद अजय अब इस पद के इकलौते उम्मीदवार बचे हैं। कोसाराजू ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा को शुक्रवार को भजे ई-मेल में कहा कि मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि मैं कोषाध्यक्ष पद के लिए दाखिल नामांकन वापस ले रहा हूं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख शनिवार दोपहर एक बजे तक है। वे सोमवार को दोपहर एक बजे तक अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं। भारतीय फुटबॉल के दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने गुरुवार को एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए फिर से नामांकन दाखिल किया। भूटिया के आने से कल्याण चौबे की सर्वसम्मत जीत की उम्मीदें धूमिल हो गयी। भूटिया का नामांकन आंध्र फुटबॉल संघ (एएफए) द्वारा प्रस्तावित और राजस्थान एफए द्वारा अनुमोदित किया गया था। भूटिया ने इससे पहले भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था। तब उनके नाम का प्रस्ताव उनके पूर्व साथी खिलाड़ी दीपक मंडल ने किया था जबकि प्रतिष्ठित महिला फुटबॉलर मधु कुमारी ने उसका अनुमोदन किया था।

### यूएस ओपन में भी नहीं दिखेंगे नोवाक जोकोविच

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** दुनिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों की फेहरिस्त में शुमार 21 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस साल यूएस ओपन में नहीं दिखेंगे। कोरोना वैक्सीन न लेने की जिद पर अड़े जोकोविच ने साल के चौथे ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन से खुद के अलग होने की पुष्टि गुरूवार को कर दी। उन्होंने कहा- निराशाजनक, मैं इस बार यूएस ओपन के लिए न्यूयार्क की यात्रा नहीं कर पाऊंगा। धन्यवाद। मेरे साथी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। मैं सकारात्मक भाव से रहूंगा और फिर से प्रतिस्पर्धा करने के अवसर की प्रतीक्षा करूंगा। जल्द ही मिलते हैं टेनिस की दुनिया में। गौरतलब है कि कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाने की जिद के चलते जोकोविच को इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने से मना कर दिया गया था।



# कोहली ने एशिया कप से पहले धोनी को किया याद, कहा- वह सबसे सुखद और रोमांचक दौर था

**दुबई (एजेंसी)।** सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार से शुरू होनेवाले एशिया कप 2022 से पहले भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के साथ उप-कप्तान के रूप में पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने धोनी-युग के दौरान अपनी उप-कप्तानी के दिनों को याद करते हुए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कोहली ने लिखा, इस आदमी का भरोसेमंद उप-कप्तान होना मेरे करियर का सबसे सुखद और रोमांचक दौर था। हमारी साझेदारी हमेशा मेरे लिये हमेशा खास रहेगी। इसी के साथ ही उन्होंने धोनी के साथ बल्लेबाजी करते हुए एक तस्वीर भी शेयर की है। अनुभवी बल्लेबाज ने पिछले कुछ वर्षों में मैदान पर और मैदान के बाहर धोनी के साथ एक विशेष बंधन साझा किया है। दोनों 2011 विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 2019 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल के दौरान धोनी के आखिरी मैच तक कई आईसीसी आयोजनों में साथ खेला। दिल्ली के बल्लेबाज ने 2014 में टेस्ट में धोनी से कप्तानी की कमान संभाली और 2017 में तीनों प्रारूपों में कप्तान बन गये। यह पहली बार नहीं है जब बल्लेबाजी के उस्ताद ने धोनी के लिए एक विशेष पोस्ट साझा किया है। उन्होंने इससे पहले सात जुलाई को उन्हें जन्मदिन की बधाई दी थी। उन्होंने लिखा था, एक नेता जैसा कोई दूसरा नहीं। आपने भारतीय क्रिकेट के लिए जो कुछ भी किया उसके लिए धन्यवाद। तुम मेरे लिए बड़े भाई के समान हो गये। हमेशा प्यार और सम्मान के अलावा कुछ नहीं। हैप्पी बर्थडे स्किप महेंद्र सिंह धोनी।

### एशिया कप : भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान को एक और झटका

**दुबई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के चोटिल होने के कारण एशिया कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान के एक अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम को भारत के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले पीठ दर्द के कारण अभ्यास सत्र छोड़ना पड़ा। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को चोट का स्थिति का सही आकलन करने के लिए एमआरआई स्कैन के लिए भेजा गया है। उन्होंने गुरुवार को यहां आईसीसी अकादमी में नेट अभ्यास के दौरान पीठ में दर्द की शिकायत की थी। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहता और इसलिए उसने तेज गेंदबाज को एहतियात के तौर पर स्कैन के लिए भेजा।

# भारत के अर्जुन एरिगासी ने जीता आबूधाबी मास्टर्स शतरंज का खिताब



**आबूधाबी (एजेंसी)।** भारत के 18 वर्षीय ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी ने अपने खेल जीवन में अब तक का सबसे मजबूत आबूधाबी मास्टर्स शतरंज का खिताब जीतकर एक बार फिर सभी को प्रभावित किया है। 31 देशों के 142 खिलाड़ियों के बीच 9 राउंड के इस टूर्नामेंट में अर्जुन ने 6 जीत और 3 ड्रॉ के साथ अपराजित रहते हुए 7.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर कब्जा जमाया। अर्जुन नें अंतिम राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए स्पेन के डेविड अंटोन के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबला 72 चालों में अपने नाम किया। अर्जुन इस जीत के बाद विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर पहुंच गये हैं और अब विश्वनाथन आनंद (2756), डी गुकेश (2728) के बाद 2724 अंक लेकर तीसरे नंबर के भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव नें अंतिम राउंड में ईरान के अमीन ताबतबाई को पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया।

इसके बाद 9 खिलाड़ी 6.5 अंको पर रहे, पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट, यूएसए के रोबसोन रे, उज्बेकिस्तान के याकूब्बोएव नोदिरबेक, भारत के निहाल सरीन, एसपी सेथुरमन आदित्य सामंत, मुरली कार्तिकेयन और आर्यन चोपड़ा क्रमशः तीसरे से दसवें स्थान पर रहे। भारत ने प्रतियोगिता के 10 में से 6 स्थानों पर कब्जा जमाकर एकबार फिर अपनी क्षमता से दुनिया का परिचय कराया।

### मंधाना के अर्धशतक से सदर्न ब्रेव की द हंड्रेड में बड़ी जीत



**साउथम्पटन (एजेंसी)।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक की मदद से सदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट्स को 10 विकेट से हराकर द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी जगह सुरक्षित की। मंधाना ने 31 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें नौ चौके और दो छक्के भी शामिल हैं। इससे पहले लॉरेन बेल ने 10 रन देकर चार विकेट लिए और रॉकेटस की टीम को आठ विकेट पर 88 रन ही बनाने दिए। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी वायट ने अपनी टीम को 44 गेंद शेष रहते ही जीत दिला दी। वायट ने 25 गेंदों पर 36 रन बनाए। मंधाना ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने पहली गेंद पर ही चौका जड़ा और केवल 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने विजयी छक्का भी लगाया।

### विश्व चैंपियनशिप : सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल में भारत का पहला पदक किया पक्का



**टोक्यो (एजेंसी)।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी की विश्व में दूसरे नंबर की जापानी जोड़ी को हराकर विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया। इस माह के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्व में सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके खिताब की प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन जापानी जोड़ी को एक घंटे 15 मिनट तक चले मैच में 24-22, 15-21, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी और इसके साथ ही पहली बार विश्व चैंपियनशिप में अपने लिए पदक सुनिश्चित किया। यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में युगल में दूसरा पदक है। इससे पहले ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने 2011 में महिला युगल में पदक जीता था।

इससे पहले एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला का विजय अभियान तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी से पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। गैरवरीय भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की तीसरी वरीय जोड़ी से 30 मिनट से भी कम समय में 8-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले दूसरे दौर में डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन को हराया था।

### यूएस ओपन क्वालीफायर्स : युकी भांबरी दूसरे दौर में, रामनाथन और नागल बाहर



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत के युकी भांबरी ने मालदोवा के राडू अल्बोट पर एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि, देश के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल अपने-अपने मैच सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। दुनिया के 241वें नंबर के रामनाथन अमरीकी किशोर ब्रूनो कुजुहारा से एक घंटे 28 मिनट में 3-6, 5-7 से, जबकि नागल कनाडा के वासेक पोस्पिसिल से 6-7, 4-6 से हार गए। विश्व में 552वें स्थान पर काबिज युकी ने एक घंटे 34 मिनट तक चले मैच में अपने से अधिक रैंकिंग वाले अल्बोट (107) को 7-6 (4) 6-4 से शिकस्त दी। युकी ने पहले सेट में धीमी शुरूआत की लेकिन वह वापसी करने में सफल रहे और सेट को टाईब्रेकर तक ले गए जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की।

### जम्मू तवी गोल्फ टूर्नामेंट में देशभर के 126 गोल्फर लेंगे हिस्सा



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू के तवी नदी के तट पर मैदानी इलाकों में स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर का 18-होल जम्मू तवी गोल्फ कोर्स सात सितंबर से शुरू होनेवाले पांच दिवसीय पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट (पीजीटीआई) में पूरे देश के 126 गोल्फर हिस्सा लेंगे। जम्मू तवी गोल्फ कोर्स (जेटीजीसी) के सचिव मानव गुप्ता ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले की तैयारियों और सुविधाओं के बारे में बताया- यह कार्यक्रम पेशेवर तथा उभरते गोल्फरों के लिए गेम चेंजर होने जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं जम्मू तवी गोल्फ कोर्स के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने हाल ही में जम्मू तवी गोल्फ अकादमी के उद्घाटन के अवसर पर जम्मू में पीजीटीआई स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी की घोषणा की। गुप्ता ने बताया- जम्मू तवी गोल्फ कोर्स 1400 कनाल में फैले अंतर्राष्ट्रीय मानक का 18-होल कोर्स है और पीजीटीआई (भारत में पेशेवर गोल्फ के लिए नियंत्रक निकाय) टीम ने निरीक्षण के बाद आयोजन स्थल को फिट घोषित किया और आयोजन के लिए हरी झंडी दिखा दी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना जेटीजीसी के लिए किसी विशेषाधिकार से कम नहीं है। सात सितम्बर से शुरू होनेवाले टूर्नामेंट का समापन 11 सितंबर को प्रो एम इवेंट के साथ होगा। उन्होंने कहा कि देशभर के 126 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गोल्फर इसमें भाग लेंगे।

# सोशल मीडिया पर फैली शुभमन गिल और सारा तेंदुलकर के ब्रेकअप की खबरें



**मुंबई (एजेंसी)।** लंबे समय से भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल और महान पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा के डेट करने की अटकलें लगायी जा रही हैं। शुभमन जब भी क्रिकेट के मैदान पर कुछ उल्लेखनीय करते हैं तो दोनों के डेटिंग की अफवाहें तेज हो जाती हैं, लेकिन हाल ही में दोनों (शुभमन और सारा) ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है जिसे लेकर कुछ लोगों का मानना है कि इस कपल के बीच ब्रेकअप हो गया है। हालांकि, अपने रिलेशनशिप को लेकर दोनों ने कभी बात नहीं की। शुभमन और सारा के अफेयर की खबरें पहली बार साल 2019 आईपीएल के दौरान सामने आयी थी। शुभमन ने आईपीएल 2019 के बाद 'रेंज रोवर' कार खरीदी थी और नयी कार के साथ अपनी कुछ फोटोज शेयर की थीं। उस पर सारा ने कमेंट भी किया था। सारा ने दिल वाला इमोजी बनाते हुए कमेंट में लिखा था, 'बधाई हो' इसके रिप्लाई में भी गिल ने दिल वाली इमोजी बनायी और लिखा था, 'बहुत-बहुत धन्यवाद सारा तेंदुलकर।' यहीं से सारा और गिल के अफेयर की बातें सोशल मीडिया पर चलने लगी थीं। इतना ही नहीं इस पोस्ट पर हार्दिक पांड्या के कमेंट ने आग में घी डालने वाला काम किया था। शुभमन के रिप्लाई के बाद हार्दिक ने मजाकिया अंदाज में सारा की ओर से कमेंट किया था, 'आपका स्वागत है शुभमन गिल, ये सारा की तरफ से।' गौर हो कि शुभमन को नयी आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस ने साइन किया था और उन्होंने अपनी पहली खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। हाल ही में समाप्त हुए जिम्बाब्वे दौरे पर अवसर का फायदा उठाते हुए गिल ने अंतिम एक दिवसीय मैच में 130 रन बनाये और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक बनाया।

### राष्ट्रमंडल खेलों का हॉकी फाइनल नहीं खेलना निराशाजनक : विवेक सागर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद ने कहा कि वह घुटने की चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में नहीं खेल पाने से काफी निराश थे। भारत को राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में आस्ट्रेलिया से 0-7 से हार मिली थी जिससे उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। विवेक ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में नहीं खेलने से मैं निराश था। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी बात है। अच्छा खेलकर फाइनल में पहुंचना और फिर चोट के कारण फाइनल में नहीं खेल पाना मेरे लिये निराशाजनक था। विवेक ने कहा कि मैं फाइनल में अपनी टीम के साथ होना चाहता था, लेकिन खेलों में ऐसा होता है। इसलिये हम इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। ये विवेक के दूसरे राष्ट्रमंडल खेल थे, 2018 में गोल्ड कोस्ट चरण में वह टीम में सबसे युवा खिलाड़ी थे जो पदक के बिना स्वदेश लौटी थी।